e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 304

**सुविचार**
जिनमे अकेले चलने के हौसले होते है, एक दिन उनके पीछे ही काफिले होते है!

# प्रभात मंत्र

रविवार
10.11.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### शौचालय के टंकी में दम घुटने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

**भागलपुर** : जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मोदीपुर गांव में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। 15 मिनट के दौरान एक-एक कर तीन लोगों की मौत हुई है। तीनों मृतक एक ही परिवार का हैं। मरने वाले में पति-पत्नी और साढू शामिल हैं।बताया जा रहा है कि मोदीपुरगांव में शौचालय में पाइप लगाने के दौरान टंकी में लोहे का औजार गिर गया। जिसको निकालने के लिए टंकी का ढक्कन हटाया गया। टंकी के अंदर जैसे ही पुनीत यादव ने प्रवेश किया तो दम घुटने से उसकी मौत हो गई। फिर उसे बाहर नहीं निकालने के लिए पुनीत की पत्नी भी टंकी के अंदर गई। जिसके बाद दमघुटने से उसकी भी मौत हो गई। उसके बाद मृतक पुनीत के साढू अंदर गए उन्होंने भी टंकी के अंदर दम तोड़ दिया।घटना के बाद से परिवार में चीत्कार मचा हुआ है। मरने वाले में पुनीत यादव (35), उसकी पत्नी शाखो देवी (33) और उनका साढू दीनानाथ यादव (45) शामिल हैं। उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची जगदीशपुर पुलिस ने स्थानीय लोगों के मदद से तीनों लोगों का शव को टंकी से बाहर निकाला। लोगों ने जब तक उसे टंकी से बाहर निकलता तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

### कांग्रेस ने तोड़े धोखाधड़ी के सारे रिकॉर्ड: नरेन्द्र मोदी

**मुंबई** : भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में शनिवार को एक चुनावी जनसभा में कहा कि कांग्रेस ने धोखाधड़ी के अपने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। कांग्रेस नेता संविधान के नाम पर जो लाल किताब बांट रहे हैं, वह कोरा कागज है, उसमें कुछ लिखा ही नहीं है। कांग्रेस की धोखाधड़ी अब संविधान तक पहुंच गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले 10 साल से देश में एक ओबीसी प्रधानमंत्री काम कर रहा है। सबको साथ लेकर चलने वाले को कांग्रेस बर्दाश्त नहीं कर सकती। इसलिए कांग्रेस ओबीसी की पहचान को खत्म कर उन्हें अलग-अलग जातियों में बांटने का खेल खेल रही है। पंडित नेहरू से लेकर राजीव गांधी तक सभी ने यह कोशिश की। अब कांग्रेस के युवराज वही काम, वही चालें चलकर देश की जनता की आंखों में धूल झोंक रहे हैं। इसलिए मैं देशवासियों से कहता हूं, समाज को तोड़ने वाली प्रवृत्तियों से सावधान रहें। हम एकजुट रहेंगे तभी सुरक्षित रहेंगे। अगर आप अलग-अलग जातियों में बंट गए तो आपकी संख्या कम हो जाएगी, फिर कांग्रेसी आपसे आपका आरक्षण छीन लेंगे।

### डाक विभाग ने वडतालधाम द्विशताब्दी महोत्सव पर स्मारक डाक टिकट जारी किया

**नई दिल्ली** : गुजरात के खेड़ा जिले के वडताल मंदिर की 200वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में श्री स्वामीनारायण संप्रदाय में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करने के लिए एक विशेष डाक टिकट जारी किया गया। यह डाक टिकट शनिवार को गुजरात के मुख्यमंत्र भूपेन्द्रभाई पटेल, आचार्य महाराज 1008 श्री राकेशप्रसाद जी, वडतालधाम मंदिर के डॉ. श्री संतवल्लभस्वामी मुख्य कार्यकारी कोठारी, पोस्टमास्टर जनरल दिनेशकुमार शर्मा सहित अन्य पूज्य स्वामीश्री की उपस्थिति में जारी किया गया। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि यह मंदिर श्री स्वामीनारायण संप्रदाय की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में कार्य करता है, जो आज दुनिया भर में फैल चुका है। इस मंदिर का निर्माण भगवान श्री स्वामीनारायण के आदेश पर सद्गुरु श्री ब्रह्मानंद स्वामी और सद्गुरु श्री अक्षरानंद स्वामी ने करवाया था। मंदिर कमल के आकार में बना है, जो सभी धर्मों के बीच सद्भाव की भावना का प्रतीक है। इसमें देवी-देवताओं के पिछले अवतारों का चित्रण शामिल है।

### मुख्यमंत्री भगवंत मान धान की खरीद में कर रहे हैं राजनीति : तरुण चुघ

**नई दिल्ली** : भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने शनिवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान पर धान की खरीद पर राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मान सरकार अपनी विफलताओं से ध्यान भटकाने के लिए धान खरीद का राजनीतिकरण कर रही है। शनिवार को मीडिया से बातचीत में चुघ ने कहा कि भगवंत मान सरकार अपनी कमियों को छुपाने के लिए धान खरीद को एक राजनीतिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल कर रही है। केवल भाजपा ही वास्तव में पंजाब के लोगों की उम्मीदों को पूरा कर सकती है, जबकि आम आदमी पार्टी लगातार राजनीतिक चालबाज़ी में लगी हुई है। चुघ ने कहा कि केंद्र सरकार ने पंजाब को 41,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया, बावजूद इसके मुख्यमंत्री भगवंत मान ने धान खरीद में देरी की है, जिससे किसानों के लिए अनावश्यक कठिनाई पैदा हो रही है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27⁰ |
| न्युनतम | 20⁰ |

### पलामू में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया चुनाव प्रचार, कहा

# भ्रष्टाचारियों को उल्टा लटका देंगे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** छतरपुर में भाजपा के पक्ष में चुनाव प्रचार करने के लिए अमित शाह यहां पहुंचे. उन्होंने पुष्पा देवी के पक्ष में पार्टी के लिए वोट मांगे. इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस और राहुल गांधी पर जमकर प्रहार किया. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि जब तक भारतीय जनता पार्टी है तब तक माइनॉरिटी को आरक्षण नहीं दिया जाएगा. साथ ही उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की चौथी पीढ़ी की धारा 370 को खत्म नहीं कर सकती है. अमित शाह पलामू के छतरपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए ये तमाम बातें कही हैं. अमित शाह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी संविधान की बात करते हैं लेकिन उनके द्वारा ही संविधान का अपमान किया जा रहा है.

राहुल गांधी संविधान की किताब को हमेशा साथ लेकर चलते हैं वह सिर्फ कोरा कागज है. राहुल गांधी ने बाबा साहब अंबेडकर और संविधान सभा का अपमान किया है. कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय जनता दल पिछड़ा वर्ग, दलित, आदिवासियों के आरक्षण को काटकर अल्पसंख्यकों को देना चाहती है. मंडल कमीशन को लागू करने में काफी वक्त लिया गया, वहीं बाबा साहब केलकर रिपोर्ट को दबा दिया गया था. अमित शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तो भ्रष्टाचारियों को उल्टा लटका दिया जाएगा. पेपर लीक के मामले की जांच एसआईटी करेगी और दोषियों को जेल भेजा जाएगा. भारतीय जनता पार्टी पांच वर्षों में पांच लाख युवाओं को नौकरी देगी. यूपीए सरकार के कार्यकाल में 2004 से 2014 तक झारखंड को 84 हजार करोड़ रुपये मिला था. नरेंद्र मोदी की सरकार ने 2014 से 2024 तक झारखंड को 3.99 लाख हजार करोड़ रुपए दिए हैं. पूरे देश में सबसे अधिक झारखंड में ही करप्ट सरकार है.

### झारखंड में भ्रष्टाचार का बोलबाला : राजनाथ

**चतरा** : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को चतरा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस, जेएमएम एवं राजद समर्थित सरकार को उखाड़ फेकने का आह्वान किया। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि 5 सालों में हेमंत सरकार ने सिर्फ झारखंड को लूटने का काम किया है। हेमंत सोरेन के राज में झारखंड में भ्रष्टाचार का बोलबाला बढ़ गया। अधिकारी से लेकर के साधारण कर्मचारी तक बेलगाम हो गए। इस सरकार ने राज्य को भ्रष्टाचार की दलदल में धकेल दिया।राजनाथ ने कहा कि हेमंत सोरेन सत्ता लोभी हैं। हेमंत ने चंपाई सोरेन को दो माह तक और मुख्यमंत्री बने रहने का भी समय नहीं दिया। राजनाथ ने कहा कि झारखंड को विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाना है तो सिंगल इंजन नहीं डबल इंजन की सरकार बनानी होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का सोच है कि केंद्र से जो भी पैसा भेजा जाय वह सीधे गरीबों के खाते में जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत प्रत्येक वर्ष 6000 रुपये सरकार सीधे किसानों के खाते में दे रही है। राजनाथ ने कहा कि झारखंड में सरकार बनी तो गैस सिलेंडर का दाम 500 रुपये होगा एवं साल में दो बार गैस मुफ्त में दिया जाएगा। इसके अलावा गोगो दीदी के तहत 2100 रुपये प्रति माह महिलाओं के खाते में दिए जाएंगे। नौजवानों को नौकरी दी जाएगी और जब तक नौकरी नहीं मिलेगा तो बेरोजगारों को 2000 रुपये प्रत्येक माह बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा।



## झारखंड में बुलडोजर नहीं विकास की गाड़ी चलेगी : कल्पना सोरेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में बड़कागांव प्लस टू हाई स्कूल खेल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। कल्पना सोरेन ने सभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जम कर निशाना साधा। उन्होंने कहा के उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बड़कागांव में आकर बुलडोजर दिखा कर गए। क्या बड़कागांव में भी लोगों के घरों में बुलडोजर चलाया जाएगा? इस क्षेत्र के बुनियादी जरूरतों के बारे में उन्होंने एक शब्द नहीं कहा। सिर्फ आपस में मतभेद पैदा करने का बात उन्होंने किया।

बड़कागांव के विस्थापितों के बारे में एक भी शब्द नहीं बोला। ये उत्तर प्रदेश नहीं ये झारखंड है यहां बुलडोजर नहीं विकास की गाड़ी चलेगी। हमलोग ये सुनिश्चित करेंगे के बड़कागांव के विस्थापितों को उसका हक अधिकार कैसे मिले, यहां पर कोल कंपनियों में कैसे यहां के 95 प्रतिशत लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो ये तय करने आए हैं। बाहर के लोग यहां आते हैं और सभी चुनावी समर में ही क्यूं आते हैं ये समझने की जरूरत है? अंबा प्रसाद यहां की बेटी है। ये यहां के जनता के लिए सुबह से ले कर शाम तक काम करती है।

सड़क से लेकर सदन तक बड़कागांव के जनता के लिए सवाल उठाने का काम अंबा प्रसाद करती है। 40 लाख बुजुर्गों को सर्वजन पेंशन देने का काम हेमंत सोरेन की सरकार ने किया, मईया सम्मान योजना के तहत एक हजार रुपए प्रति महीना 18 वर्ष से 49 वर्ष तक के महिलाओं को देने का काम हेमंत सोरेन ने किया है। हमारी महागठबंधन की सरकार बनती है तो दिसंबर से 18 से 49 वर्ष की सभी महिलाओं को पच्चीस सौ रूपये प्रति महीने दिया जाएगा।

### तेजस्वी यादव ने मिथिलेश ठाकुर को जिताने की अपील की



**गढ़वा :** बिहार के पूर्व सीएम सह वर्तमान में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि पिछड़ा, दलित, अकलियत के विकास के लिए उन्होंने राजद की परंपरागत सीट, गढ़वा विधानसभा क्षेत्र सीट को झामुमो प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर के लिए छोड़ दिया था। यूं कहें कि दे दिया था। उन्होंने इस सीट से जीतकर विकास का रिकार्ड बनाया। इस बार फिर से वह चुनाव मैदान में हैं। मैंने उन्हें सीट दिया है तो आप उन्हें वोट देकर गढ़वा के विकास को निरंतर आगे बढ़ाने में महती भूमिका अदा करें। वह शनिवार को गढ़वा जिला के रमकंडा प्रखंड के पुनदागा दुर्गा बाड़ी के मैदान में झामुमो प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।बिहार सरकार के पूर्व मंत्री वीआईपी पार्टी सुप्रीमो मुकेश साहनी ने कहा कि झारखंड में निश्चित इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी।मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि आपका भाई, आपका बेटा मिथिलेश ठाकुर 24 घंटे आपकी सेवा में तत्पर रहता है। उन्होंने कहा कि हम सबों को समाज को बांटने वालों के चंगुल में नहीं फंसना है। विकास के नाम पर वोट करना है।

## सीएम के निजी सचिव सहित 9 ठिकानों पर इनकम टैक्स ने की छापेमारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के वरिष्ठ निजी सचिव सुनील श्रीवास्तव समेत 9 अन्य लोगों के ठिकानों पर आयकर की टीम ने छापेमारी की. रांची के अशोक नगर रोड नंबर 4 के सामने स्थित सुनील श्रीवास्तव के घर पर आयकर की छापेमारी की गई. आयकर की टीम सीआरपीएफ जवानों के साथ सुनील श्रीवास्तव के अलावा जमशेदपुर में भी कई ठिकानों पर छापेमारी की.आयकर विभाग ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बेहद करीबी माने जाने वाले सुनील श्रीवास्तव और उनके कई करीबियों के घर पर छापेमारी की है. अब तक मिली जानकारी के अनुसार आयकर विभाग रांची और जमशेदपुर समेत झारखंड के तीन अन्य शहरों में भी छापेमारी की है. छापेमारी में कुछ मिला है या नहीं, इस संबंध में आयकर विभाग ने आधिकारिक जानकारी नहीं दी है. स्थानीय लोगों ने बताया कि आयकर विभाग की टीम सुबह करीब छह बजे रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित सुनील श्रीवास्तव के आवास पर पहुंची. सुनील श्रीवास्तव का आवास अरगोड़ा के रामदेव विहार सोसाइटी में है.बता दें कि इससे पहले भी पिछले महीने आयकर विभाग ने झारखंड के कई कारोबारियों के घर छापेमारी की थी, जिसमें बताया गया था कि चुनाव फंडिंग के लिए बड़े पैमाने पर कालाधन जमा किया जा रहा है. फिलहाल सुनील श्रीवास्तव और उनके करीबियों के घर छापेमारी की वजहों की आधिकारिक जानकारी का सभी को इंतजार है.

### राहुल गांधी ने बाघमारा में विशाल जनसभा को किया संबोधित

# मोदी जी सिर्फ बड़े-बड़े भाषण देते हैं, करते कुछ नहीं : राहुल गांधी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शनिवार 9 नवंबर को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी धनबाद के बाघमारा पहुंचे। यहां उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी जलेश्वर महतो के पक्ष में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने सभा के दौरान झारखंड की स्थिति को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा। राहुल ने जीएसटी व्यवस्था को भी गरीबों से पैसे लेने वाला करार दिया। उन्होंने कहा की आज सच्चाई यह है कि हिंदुस्तान में युवा और महिलाएं दुखी हैं। मोदीजी सिर्फ बड़े-बड़े भाषण करते हैं, करते कुछ नहीं है। जब देश में महंगाई बढ़ती है तो सबसे ज्यादा चोट हमारी माताओं-बहनों को लगती है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने हर चीज पर जीएसटी जोड़ दिया है। टैक्स का पूरा ढांचा देश के गरीब लोगों से पैसा लेने का तरीका है। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि देश में करीब 50 प्रतिशत ओबीसी, 15 प्रतिशत दलित, 8 प्रतिशत आदिवासी और 15 प्रतिशत अल्पसंख्यक वर्ग के लोग हैं। लेकिन आपको देश की बड़ी-बड़ी कंपनियों के मैनेजमेंट में ओबीसी, दलित और आदिवासी वर्ग का व्यक्ति नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम आपको आदिवासी कहते हैं, लेकिन भाजपा आपको वनवासी कहती है। आदिवासी का मतलब होता है- देश का पहला मालिक। वहीं वनवासी का मतलब है कि देश में आपका कोई अधिकार नहीं है। वह धीरे-धीरे आपके जंगल आपसे छीन रहे हैं।

लेकिन हम चाहते हैं कि जल, जंगल, जमीन पर आपका पहला अधिकार है, उसका फायदा आपको मिलना चाहिए। मैंने पीएम मोदी से साफ कह दिया है- आप जातिगत जनगणना को रोक नहीं सकते हैं। हम इसी संसद में जातिगत जनगणना को पास करके दिखाएंगे और आरक्षण में 50 प्रतिशत की दीवार को तोड़ देंगे। झारखंड में हम आदिवासियों को 28 प्रतिशत, दलितों को 12 प्रतिशत और पिछड़े वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देंगे। राहुल गांधी ने जोर देकर कहा कि झारखंड के लिए इंडिया गठबंधन ने 7 गारंटी की बात की। उसे अगर गठबंधन की सरकार बनी तो फिर से झारखंड में खाद्य सुरक्षा की गारंटी मिलेगी। इसके तहत 450 रुपए में गैस सिलेंडर मिलेगा और हर व्यक्ति को 7 किलो राशन दिया जाएगा। झारखंड के तमाम गठबंधन के दलों ने वादा किया है कि रोजगार और स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी भी दी जाएगी। इसके अलावा उनकी सरकार 10 लाख लोगों को नौकरी देगी। 15 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा का भी लाभ लोगों को मिलेगा।

## पाकिस्तान : रेलवे स्टेशन पर भीषण बम विस्फोट, 24 लोगों की मौत



**एजेंसी**

**बलूचिस्तान:** पाकिस्तान के अशांत प्रांत बलूचिस्तान में भीषण बम विस्फोट की जानकारी है। इस घटन में कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में 15 सैनिक भी शामिल हैं। जबकि 46 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। बलूचिस्तान के क्वेटा के रेलवे स्टेशन के पास यह बम विस्फोट हुआ है। प्रारंभिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि विस्फोट रेलवे स्टेशन के बुकिंग कार्यालय में ट्रेन के प्लेटफॉर्म पर पहुंचने से ठीक पहले हुआ। स्टेशन पर धमाके के वक्त भीड़ सामान्य थी। बावजूद हताहतों की संख्या अधिक होने का जोखिम है। धमाके की सूचना पर पुलिस और बचाव कर्मी विस्फोट स्थल पर पहुंच गए हैं। क्वेटा के सिविल अस्पताल में आपातकाल लागू कर दिया गया और अतिरिक्त डॉक्टरों व सहायक कर्मचारियों को घायलों के इलाज के लिए बुलाया गया। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, जाफ़र एक्सप्रेस सुबह 9 बजे पेशावर के लिए रवाना होने वाली थी। अधिकारियों ने बताया कि जब विस्फोट हुआ तब ट्रेन प्लेटफॉर्म पर नहीं पहुंची थी। घायलों में से कई की हालत गंभीर होने के कारण विस्फोट से मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।कार्यवाहक राष्ट्रपति सैयद यूसुफ रजा गिलानी ने इस घातक घटना की निंदा करते हुए कहा कि आतंकवादी मानवता के दुश्मन थे, जिन्होंने निर्दोष लोगों को निशाना बनाया। गिलानी ने आतंकवाद के समूल नाश के लिए हर संभव कदम उठाने का संकल्प दोहराया। इस बीच, बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने संबंधित अधिकारियों को घातक घटना की जांच करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने प्रांत से आतंकवाद के संकट को खत्म करने का संकल्प दोहराया।

## सभी बूथों की होगी सीसीटीवी से निगरानी: के रवि कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा चुनाव में हर मतगणना केंद्र सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेंगे। उन्होंने कहा कि पारदर्शी और त्रुटिहीन मतदान संपन्न कराना निर्वाचन आयोग की प्राथमिकता है। इसीलिए मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी के साथ वेबकास्टिंग की मदद से मुख्य निर्वाचन कार्यालय, धुर्वा से भी नजर रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान इन्हीं माध्यमों से तीन गलतियां प्रकाश में आयी थीं,जिन्हें समय रहते दुरुस्त कर लिया गया था। वह शनिवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे।उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर तैनात अधिकारियों और कर्मियों के पास एएसडी सूची रहेगी। सूची में जिनका निधन हो गया है, जो कहीं दूसरी जगह शिफ्ट कर गये हैं और अनुपस्थित मतदाता हैं, उन सभी का डिटेल रहेगा।



# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने मेदिनीनगर के विभिन्न क्षेत्रों का किया तूफानी दौरा

## 10 वर्षों तक चौरसिया ने सिर्फ अपना विकास किया : त्रिपाठी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** इंडिया महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने चैनपुर प्रखंड एवं मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के क्रमशः बांसडीह, चढनवा, रामगढ़, पांव पहाड़ी, बरांव, ओडनार के प्रजापति टोला, तेतरडीह, केवाल पर, बांकीटांड, नेनुआ, बहेरा, बरकट , लाली, खूरा, रबदा व निगम क्षेत्र के बेलवाटिका स्थिति वर्मा चौक, हांस्पिटल चौक, हमिदगंज स्थित डॉ0 विशुनदेव दुबे रोड एवं अंसार कमेटी द्वारा माली आदि गांवों का सघन दौरा करते हुए मतदाताओं को जाति-धर्म से उपर उठकर योग्य उम्मीदवार का चयन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि योग्य विधायक ही पलामू को खुशहाल और विकसित बना सकता है। श्री त्रिपाठी ने मतदाताओं



को जागरूक करते हुए बताया कि पिछले एक दशक से वर्तमान विधायक की निष्क्रियता की वजह से पलामू विकास की दौड़ में पिछड़ गया है। उन्होंने पलामू के पिछड़ेपन पर दर्द व्यक्त करते हुए कहा झारखंड बने 24 साल हो गए लेकिन आज भी पलामू अकाल से ग्रस्त है। शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार तथा नौकरी के लिए आज भी पलामू के लोग पलायन के लिए मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य अपने भाग्य का निर्माता स्वयं होता है। जनता की बदहाली का कारण जनता द्वारा लिए हुए गलत निर्णय होते हैं। इसलिए आप सभी देव तुल्य माताएं, बहनें, भाई बंधु बहकावे में न आएं और एक कर्मठ, योग्य एवं जुझारू जो आपके सुख दुख में साथ दे जो शिक्षा स्वास्थ्य चिकित्सा की बेहतर सेवा की बात करता हो इस लड़ाई को लड़कर अपने क्षेत्र में यह सुविधाएं क्षेत्र वासियों को दिला सके ऐसा विधायक चुनें। उन्होंने कहा कि 10 वर्षों तक चौरसिया ने सिर्फ अपना विकास किया है। क्षेत्र का विकास इतने वर्षों तक नहीं हो सका।

**चुनावी कार्यालय का किया उद्घाटन**

चुनाव प्रचार के दौरान केएन त्रिपाठी ने कान्दु मुहल्ला पहुंचकर मनोज गुप्ता के घर पर चुनावी कार्यालय का उद्घाटन भी किया। मनोज गुप्ता हलुआई समाज के जिलाध्यक्ष सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय सदस्य भी हैं। इस अवसर पर उपस्थित स्थानीय लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा श्री त्रिपाठी ने कहा कि अगर उन्होंने उन्हें मौका दिया तो खेल के क्षेत्र में पलामू को अग्रणी जिला बनायेंगे! बेलवाटिका स्थित वर्मा चौक, हांस्पिटल चौक, हमिदगंज एवं माली मुहल्ला में मतदाताओं से संपर्क करते हुए श्री त्रिपाठी ने कहा कि कोयल नदी पर बांध बनाकर डाल्टनगंज शहर में पेयजल की व्यवस्था तथा खासमहाल की जमीन को मालिकाना हक दिलाने के लिए वे कृतसंकल्पित हैं।

**वर्तमान विधायक को हटाए बिना नहीं होगा विकास**

केएन त्रिपाठी ने सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि पिछले एक दशक में वर्तमान विधायक की अयोग्यता की वजह से पलामू विकास की दौड़ में झारखंड के सबसे पिछले पायदान पर पहुंच गया है। अगर पलामू को विकसित बनाना है तो हर हाल में वर्तमान विधायक को हटाना ही होगा और यह आप मतदाता बंधु ही कर सकते हैं। उन्होंने मतदाताओं से करबद्ध प्रार्थना करते हुए कहा कि आगामी तेरह तारीख को क्रम संख्या तीन हाथ छाप पर मुहर लगाएं और मुझे आशीर्वाद देकर मजबूती के साथ विधान सभा में भेजने का कार्य कीजिए। उन्होंने अपने पंच प्रतिज्ञा की चर्चा करते हुए कहा कि वे पलामू में दिल्ली की तर्ज पर सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का निर्माण कराने के लिए प्रतिज्ञाबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि अगर वे विधायक बन गये तो वे प्रतिज्ञा करते हैं कि रोजी, रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा के लिए किसी भी पलामूवासी को पलायन नहीं करना पड़ेगा।

## भवनाथपुर में अनंत के पक्ष में गरजे तेजस्वी यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** हाई स्कूल के मैदान में शनिवार को चुनावी सभा मे राजद स्टार प्रचारक सह बिहार विधानसभा नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने महागठबंधन प्रत्याशी अनंत प्रताप देव के समर्थन में वोट करने की अपील किया। तेजस्वी यादव ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि बड़का झूठा पार्टी को हमें सबक सिखाना है। उन्होंने हेमंत सरकार द्वारा मईया समान योजना द्वारा माता बहनों को मिल रहे पैसे एवम बिजली बिल माफ करने जैसी योजनाओं को गिनाया। उन्होंने कहा बिहार में हमारी सरकार बनी तो तीन लाख नौकरियां दी गई। अब यह संख्या बढ़कर 10 लाख के करीब हो गई है। भाजपा सरकार गिराकर जनादेश का अपमान करने का षड्यंत्र करती है। झारखंड



के विधायक भाजपा के झांसे में नहीं आयें। उन्होंने कहा कि बिहार के नेताओं को इन्होंने हाईजैक कर विकास की रफ्तार को रोक दिया। अंत में तेजस्वी यादव ने सभी लोगों से आशीर्वाद मिलने की स्वीकृति लेकर झामुमो प्रत्याशी अनंत प्रताप देव को विजय माला पहनाया। इस कार्यक्रम में झामुमो नेता ताहिर अंसारी, दीपक प्रताप देव, कांग्रेस नेता केदार प्रसाद यादव, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, सोगरा बीबी, शान्ति देवी, मनोज यादव, लल्लू राम, धर्मराज पासवान सहित महागठबंधन के नेता कार्यक्रम में मौजूद थे।

## जो कहूंगा वह करके दिखाऊंगा : दिलीप सिंह नामधारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप सिंह नामधारी ने डालटनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चैनपुर प्रखंड के भूसही, लहसुनिया, बिनुआ, कंकारी हरिजन टोला, हुकुआ, अजलतुआ, चांदो, परसाखाड़, बड़वखाड़, मुडू का दौरा किया, और वहां के जनता से 13 तारीख को अपने पक्ष मतदान करने को लेकर अपील किया और वहां के देवतुल्य जनता से आशीर्वाद लिया, दिलीप सिंह ने हर वर्गो के साथ बैठ कर पिछले 10 साल से जूझ रहे सम्मानित जनता से उनके समस्याओं को जान कर उनसे कहा कि मैं आपको कर के दिखाऊंगा मै अपने आदरणीय पिता की बची हुई सारे कामों को कर के दिखाऊंगा और जैसा कि आप जान रहे मै



विधानसभा चुनाव निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लड़ने का फैसला किया हु, आप सबका मुझे बहुत ही स्नेह, प्यार एवं आपार जनसमर्थन मिल रहा है। जनता का जनसमर्थन एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं का मेहनत देखकर मैं भावुक हो जा रहा हूं। यहां की जनता पिता आदरणीय श्री इंदर सिंह नामधारी को छह बार विधायक जिसमें एक बार निर्दलीय एवं चतरा से निर्दलीय सांसद भी बनाया है। उनके क्षेत्र भ्रमण से भी जनता में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। चुनाव लड़ने के मेरे निर्णय के बाद जनता के बीच खुशी की लहर है और उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि जितने भी पुराने कार्यकर्ता है जो किसी न किसी कारणों से हमसे दूर है उन सभी से अपील करना चाहूंगा कि आप पुनः मेरा साथ दीजिए। मैं इतना ही कह सकता हूं कि मैं डालटनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोडूंगा एवं किसी को भी निराश नहीं करूंगा।

## कोयल नदी में डूबे तीन बच्चों में से दो के मिले शव, तीसरे की तलाश में जुटी एनडीआरएफ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** मझिआंव प्रखंड के मोरबे में स्थित कोयल नदी में छठ पर्व के दौरान डूबे तीन बच्चों में से दो के शव मिलने के बाद शनिवार को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। संजय राम चंद्रवंशी के 14 वर्षीय पुत्र पियूष कुमार का शव शुक्रवार को मिला था। जिसे पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा गया और मोरबे गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया। दूसरा शव नसीम खलीफा की 7 वर्षीय पुत्री फिजा खातून का शनिवार को कांडी थाना क्षेत्र के कोरगाई गांव में नदी किनारे बालू में मिला। शव का निचला हिस्सा जंगली जानवरों द्वारा क्षतिग्रस्त पाया गया। पोस्टमार्टम के बाद फिजा को भी दफना दिया गया। तीसरे बच्चे, अमरनाथ चंद्रवंशी के 9 वर्षीय पुत्र अमन कुमार का शव अब तक नहीं मिला है। एनडीआरएफ की 20 सदस्यीय टीम कोयल नदी में उसकी तलाश कर रही है। शुक्रवार को गुस्साए ग्रामीणों ने मोरबे हनुमान मंदिर के पास तीन सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्य सड़क जाम कर दिया था। जिसे प्रशासन द्वारा समझाने पर मुआवजे का आश्वासन मिलने के बाद हटाया गया। घटना स्थल पर थाना प्रभारी आकाश कुमार, कनीय अभियंता अनिल कुमार चौधरी, और कई अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## एसपी रीष्मा रमेशन और उनके पति अंजनी अंजन ने भगवान सूर्य को दिया अर्घ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखंड के पलामू में इस बार छठ पर्व के मौके पर बेहद अद्भुत नजारा देखने को मिला. जहां केरल की रहने वाली पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने छठ पूजा की. वहीं कर्नाटक के रहने वाले पलामू रेंज के डीआईजी वाईएस रमेश अपने माथे पर दउरा लेकर एसपी आवास से छठ घाट तक गए. यह नजारा देख पलामू के लोग बेहद खुश हुए. क्योंकि छठ पूजा मुख्य रूप से झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश में मनाई जाती है. आस्था का महापर्व छठ शुक्रवार को भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के बाद संपन्न हो गया. केरल की रहने वाली पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने छठ व्रत रखा था. शुक्रवार को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए घाट पर जाते समय पलामू रेंज के डीआईजी वाईएस रमेश माथे पर दउरा उठाकर रखकर घाट तक ले गए. इस दौरान एसीबी एसपी अंजनी अंजन ने भी दउरा उठाया. जिसके बाद घाट पर एसपी रीष्मा रमेशन ने भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया।

## जदयू के नेता शैलेंद्र कुमार शैलू ने थामा भाजपा का दामन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जदयू के नेता शैलेंद्र कुमार शैलू ने शनिवार को चैनपुर प्रखंड के किन्नी खुटार गांव में हेमंत विश्वा और भाजपा के विधायक आलोक चौरसिया के समझ भाजपा का दामन थामा। इस दौरान हेमंत विश्वा और विधायक आलोक चौरसिया ने उन्हें फूल का माला पहनाकर भाजपा का सदस्यता ग्रहण कराया। मौके पर उपस्थित शैलेंद्र कुमार शैलू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोगो के विश्वास का पार्टी है।भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने कहा की आलोक चौरसिया और उनके पिता अनिल चौरसिया के व्यवहार से अवगत होकर मैंने भाजपा का दामन थामा है। शैलेश कुमार शैलू ने कहा कि इस बार पूर्ण बहुमत से झारखंड में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि डाल्टनगंज भंडारिया क्षेत्र के जनता लोकप्रिय विधायक आलोक चौरसिया के व्यवहार को देखते हुए इस बार उन्हें कमल छाप पर बटन दबाकर पूर्ण बहुमत से जिताए। मौके पर श्याम नारायण दुबे, कवि शर्मा, मुरारी पांडे, बबलू गुप्ता, संतू चौरसिया, रामलव चौरसिया सिकंदर चौधरी, ज्ञानधन चौरसिया, विधानसभा प्रभारी रघुराज पांडे, अखिलेश तिवारी, आनंद सिंह, भीमसेन, उग्रसेन सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा नेता धनंजय तिवारी को झामुमो में आने से मिथिलेश ठाकुर का बढ़ा जनाधार



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पहले चरण 13 नवंबर को होने वाला विधानसभा चुनाव को लेकर सभी प्रत्याशी चुनाव मैदान में नजर आते दिख रहे हैं, वहीं नेता कार्यकर्ता तोड जोड की राजनीति करते हुए अपनी पार्टी को छोड़ दूसरी पार्टी मैं अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है, कुछ दिन पहले ही वरिष्ठ भाजपा नेता धनंजय तिवारी झारखंड मुक्ति मोर्चा मैं सम्मिलित हो गये उनको पार्टी में सम्मिलित होने पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर सम्मान के साथ अपनी पार्टी की सदस्यता दिलाते हुए बोला था मेरी पार्टी क्षेत्र में तेजी से विकास करते हुए पार्टी से जुड़े हर कार्यकर्ता एवं पार्टी पदाधिकारी को पूर्ण रूप से सम्मान देने का कार्य करती है, जिससे लोग आकर्षित होकर तेजी से मेरी पार्टी में जुड़ रहे हैं, वही श्री तिवारी ने बताया मंत्री मिथिलेश ठाकुर का जनता के बीच बढ़ता हुआ जनाधार एवं गढ़वा क्षेत्र का तेजी से विकास को देखकर पार्टी में शामिल हुआ हूं 2024 का विधानसभा चुनाव श्री ठाकुर ज्यादा मत लाकर जीत दर्ज करेंगे।

## सड़क दुर्घटना में 35 वर्षीय व्यक्ति घायल

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र के राजवाडीह गांव में सड़क दुर्घटना में पांकी थाना क्षेत्र के हरना गांव निवासी चेतन कुमार उम्र 35 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बारे में घायल चेतन कुमार ने बताया कि शनिवार की सुबह वह बाइक पर सवार होकर मेदिनीनगर कचहरी जा रहा था। इसी बीच रास्ते में सदर थाना क्षेत्र के रजवाडीह गांव में एक पिकअप वाहन ले उसके बाइक को पीछे से धक्का मार दिया। जिसमें वह बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया।जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वही घटना की जानकारी मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में घायल का इलाज करवा रहे हैं।

## स्वर्ण व्यवसायी व समाजसेवी विजय सोनी के निधन से हुसैनाबाद में शोक की लहर



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के बगीचा निवासी स्वर्ण व्यवसायी व समाजसेवी विजय सोनी 68 वर्ष का लम्बी बीमारी के बाद रात्रि 1.20 बजे निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही शोक संवेदना व्यक्त करने के लिये शुभचिंतको का तांता लगा रहा। शोक संवेदना व्यक्त करने वालो में पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, विनोद कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, रामेश्वर राम उर्फ छठन राम, शशि कुमार, गयासुद्दीन सिद्दिकी, राजेंद्र पाल, प्रवीर बरात, देवेन्द्र नाथ गुप्ता, अरविंद ओझा, एजज हुसैन उर्फ छेदी खान, डॉ एजाज आलम, अमीन खा, डॉ नादिर अबास रिजवी, राम प्रवेश सिंह नाम प्रमुख है। उनका अंतिम संस्कार हड़ही नदी में किया गया।

## पूरन राम के श्रद्धांजलि सभा का किया गया आयोजन



**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के शहीद आरक्षी स्व मोहन कुमार नीरज के बड़े भाई पूरन राम के श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। उनकी श्रद्धांजलि सभा मे रविदास विकास समिति के अध्यक्ष श्री राम गोविंद राम शिक्षक,उपाध्यक्ष गोपाल राम शिक्षक, सचिव कृष्णा कुमार रवि व पत्रकार विश्वप्रेम कुमार -विनय कुमार समाज सेवी बौद्धाचार्य शिक्षक लल्लू राम, सेवा निवृत शिक्षक जनेश्वर राम -लखन राम ने चित्रों पर पुष्प अर्पित किया। मौके पर उपस्थित रविदास विकास समिति के अध्यक्ष मान्यवर राम गोविंद राम शिक्षक ने कहा कि पाखंडवाद के विचार धाराओं पर कड़ी प्रहार करते हुए मनुवाद की विचारों से अलग होने के लिए अपने समाज के लोगों से अपील किया और उन्होंने यह भी कहा कि कार्यक्रम एक दिवसीय करें और अपने क्षमतानुसार ही करें जिससे हमारे समाज को कर्ज से निजात मिल सकता है बचत की पैसा से अपने बच्चें पर खर्च करे जिसे बच्चों की भविष्य सवर सकती है। इसलिए ब्रह्म भोज पर प्रतिबंध लगाने की आग्रह किया। उक्त मौके पर दिवगंत आत्मा की शांति के लिए एक मिनट की मौन रखा गया। कार्यक्रम मे शिव नारायण राम, अम्बिका कुमार, जितेंद्र कुमार यादव, विजय कुमार शिक्षक, नागेश्वर राम के अलाव उनकी पत्नी, पुत्र - पुत्री ,बहु भाई-बहन काफी संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे।

## वोटर आईकार्ड के बगैर भी किया जा सकेगा मतदान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला अंतर्गत पांचों विधानसभा में 13 नवंबर को मतदान होना है।इसे लेकर जिले के सभी बीएलओ मतदाताओं के घर-घर जाकर वोटर इनफार्मेशन स्लीप का वितरण कर रहें हैं इस पर्ची पर मतदान स्थल,मतदान की तिथि व समय आदि का उल्लेख है ताकि 13 नवंबर को मतदाताओं को बूथ पर जाने के पश्चात उन्हें वोट डालने में किसी तरह की कोई समस्या ना हो। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने जिलेवासियों से 13 नवंबर के दिन अपना मतदान अनिवार्य रूप से करने की अपील की है।इसके साथ ही उन्होंने बताया है कि किसी कारणवश अगर कोई मतदाता के पास वोटर आईकार्ड नहीं है लेकिन उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है ऐसी स्थिति में संबंधित मतदाता भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित निम्न 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में से किसी एक दस्तावेज दिखाकर भी मतदान कर सकते हैं।

**मतदाता पहचान पत्र के अलावे इन 12 वैकल्पिक दस्तावेजों का वोट डालने हेतु किया जा सकेगा उपयोग**

1. पासपोर्ट
2. ड्राइविंग लाइसेंस
3. फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/ सार्वजनिक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी)
4. बैंक/डाकघर द्वारा जारी फ़ोटो युक्त पासबुक
5. पैन कार्ड
6. एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड
7. मनरेगा जॉब कार्ड
8. पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित)
9. सांसद,विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र,
10. आधार कार्ड
11. दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड
12. स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी) में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान किया जा सकता है।

## घोटालेबाज हेमंत सरकार को हटाकर डबल इंजन की सरकार बनाये : जे पी नड्डा

### बिश्रामपुर के विजय संकल्प सभा में जमकर गरजे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि झारखंड संस्कृति और समर्पण की भूमि है.यहां के वीरों ने संस्कृति और सम्मान के लिए अपना बलिदान दिया है.इतिहास गवाह है कि इस धरती ने अन्याय के खिलाफ हमेशा लड़ाई लड़ी है. आगे भी यह धरती इतिहास रचेगी और निकम्मी हेमंत सरकार को सता से उखाड़ फेंकेगी. घोटालेबाज हेमंत सरकार को हटाकर डबल इंजन की सरकार बनाएं ताकि देश के साथ झारखंड को भी विकसित किया जा सके. श्री नड्डा शनिवार को बिश्रामपुर में भाजपा द्वारा आयोजित विजय संकल्प सभा में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद बेल पर हैं और उनके कुछ मंत्री जेल में हैं. इस सरकार ने वोट की खातिर बांग्लादेशी घुसपैठियों को



शरण दी है, भाजपा की सरकार बनते ही उन्हें चुन चुन कर खदेड़ा जायेगा.श्री नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार विकसित भारत के सपने को पूरा कर रही है.देश के सभी लोगों को विकास से सीधा जोड़ रही है.भाजपा झारखंड के लोगों को विकास से जोड़ना चाहती है.इसके लिए सबों को कमल के निशान पर बटन दबाना होगा.आपका सही जगह बटन दबा तो राज्य का विकास होगा और गलत जगह बटन दबा तो विनाश होगा.उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने बिश्रामपुर में 123 करोड़ की लागत से पेयजलापूर्ति योजना स्वीकृत की थी, लेकिन हेमंत सरकार ने पांच साल तक उसे रोक कर रखा,सिर्फ इसलिए कि इस योजना का नाम अटल जी के नाम पर था. मोदी सरकार ने भारत की छवि विश्व में बदली है, हर देश के शासनाध्यक्ष और राष्ट्रध्यक्ष प्रधानमंत्री मोदी को अपना दोस्त बोलते हैं.विश्व में शांति स्थापना के लिए लोग मोदी से अपील करते हैं.भारत के के इस बदलती तस्वीर देशवासियों को गर्वणवित करती है.उन्होंने कहा कि देश के 80 करोड़ लोगों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं,देश के 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर हो गए हैं, दस करोड़ से ज्यादा बहनों को गैस सिलेंडर देकर धुंआ से मुक्ति दिलाया, ग्यारह हजार करोड़ लोगों को शौचालय दिया. प्रधानमंत्री मोदी को झारखंड से ज्यादा लगाव है इसलिए उन्होंने लगभग सभी कल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत झारखंड से की है. उन्होंने भाजपा प्रत्यासी निवर्तमान विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी की तारीफ करते हुए उनके लिए मतदान करने का अपील किया, रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि जिस समय दबंग नेताओं का बोलबाला था, उनके डर से कोई चुनाव नहीं लड़ना चाहता था.उस समय यहां की जनता ने मुझ जैसे अदना फटेहाल व्यक्ति को जीताकर विधानसभा भेजा. उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाया, अपने द्वारा कराए गए विकास कार्यों का भी उल्लेख किया. सभा की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने किया. संचालन उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने किया।

### जे पी नड्डा ने चंद्रवंशी के साथ किया रोड शो

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री जय प्रकाश नड्डा का हेलीकॉप्टर नावाडीह कला स्थित जरासंध स्टेडियम में उतरा, जहां से श्री नड्डा रामचंद्र चंद्रवंशी के साथ खुली जीप में रोड शो करते हुए दो किमी दूर सभा स्थल पर पहुंचे. इस दौरान उन्होंने लोगों से भाजपा प्रत्यासी रामचंद्र चंद्रवंशी के पक्ष में मतदान करने का अपील किया.


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




**संक्षिप्त खबरें**

### झारखंड विधानसभा चुनाव में पोस्ट बैलेट से मतदान जारी

**रांची** : झारखंड विधानसभा चुनाव-2024 के लिए पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान जारी है। जिला प्रशासन के अनुसार पोस्टल बैलट से मतदान के लिए फॉर्म 12-डी में आवेदन करने वाले अब्सेंटी वोटर्स, अनिवार्य सेवाओं से जुड़े मतदाता और मतदान कार्य में लगे कर्मियों के जरिये मतदान किया जा रहा है। रांची जिला में मतदान कार्य में लगे जिन कर्मियों जरिये पोस्टल बैलट से मतदान के लिए आवेदन दिया गया था, वो 11 नवंबर तक राजकीय +2 उच्च विद्यालय, कांके में बनाए गए फैसिलिटेशन सेंटर में मतदान कर सकते हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त वरुण रंजन ने मतदान कार्य में लगे जिला के कर्मियों से अपना वोट अवश्य करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में अपने मताधिकार का अवश्य इस्तेमाल करें और उसके बाद चुनाव कार्य में अपना योगदान दें।

### हजारीबाग में महागठबंधन की जनसभा में शामिल होंगी कल्पना सोरेन

**रांची** : विधानसभा चुनाव को लेकर हजारीबाग सदर क्षेत्र में इंडिया महागठबंधन की एक विशाल जनसभा का आयोजन रविवार 10 बजे गांधी मैदान मटवारी में होगा। जनसभा में झामुमो विधायक कल्पना सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी मुन्ना सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस जनसभा का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में विकास और परिवर्तन की नई दिशा तय करना है। जनसभा में हजारीबाग एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और नागरिकों के शामिल होने की संभावना है। इस दौरान कांग्रेस उम्मीदवार मुन्ना सिंह के विकास विजन और क्षेत्र के लिए प्रस्तावित योजनाओं को जनता के समक्ष रखा जाएगा।

# शैलेंद्र मंडल अपने समर्थकों के साथ हुये भाजपा में शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में 8 नवंबर को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। धरणीधर मंडल और शैलेंद्र मंडल अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। उनका असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय ने पट्टा पहनकर स्वागत किया। इस अवसर पर सरमा ने कहा कि धरणीधर मंडल का भाजपा में मिलन हुआ है। उनके योगदान से सिंदरी विधानसभा में भाजपा की जीत तय हो चुकी है शैलेंद्र मंडल ने भी पार्टी में योगदान किया है। दोनों का मैं स्वागत करता हूं।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आदिवासी को आदिवासी मानती हैं। हमारे शब्दकोश में आदिवासी का ही प्रयोग होता है। राहुल गांधी ने जो बात बताने की कोशिश की है, इससे यही पता चलता है कि पहले उन्होंने ओबीसी समाज को बांटने का काम किया, अब आदिवासी समाज को भी बांटने की कोशिश कर रहे हैं। झारखंड विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के सभी नेता और विधायक मूलवासी और आदिवासी शब्द कहीं प्रयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो, कांग्रेस, राजद की सरकार ने झारखंड की बेटी, माटी और रोटी को लूटा है। संताल परगना में हर दिन एक विशेष समुदाय की जनसंख्या बढ़ रही है। सिदो कान्हो की जन्मभूमि में आदिवासी की जनसंख्या कैसे काम हो गई। यह जादू हेमंत सोरेन ने कहां से सीखा या सिर्फ बता दें।

यह डिबेट करने की बात नहीं है।उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कभी भोगनाडीह नहीं गए हैं, पाकुड़ नहीं गए। उन्हें लोगों के दुख की कैसे जानकारी होगी। कांग्रेस, झामुमो झारखंड और आदिवासी समाज की रोटी, बेटी और माटी की रक्षा करने में असफल रहे। भोगनाडीह और पाकुड़ की हार्ड रियलिटी सबको पता है। राहुल गांधी को कोई सीरियसली नहीं लेता है।

## पूर्व रक्षा राज्य मंत्री संजय ने ओटीसी मैदान से न्यू मार्केट चौक तक किया पदयात्रा

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रातू रोड में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में रोड शो करेंगे। इसी के निमित्त केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने ओटीसी मैदान से न्यू मार्केट चौक तक पदयात्रा कर लोगों से कल प्रधानमंत्री के स्वागत में आने की अपील की। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का विशेष स्नेह झारखंड को हमेशा से मिलता रहा है। अभी विधानसभा चुनाव के पूर्व प्रधानमंत्री 10 नवंबर रविवार को रांची में भव्य रोड शो करेंगे। शाम 4:00 बजे से यह रोड शो ओटीसी ग्राउंड से शुरू होगा और पिस्का मोड़, मेट्रो गली, दुर्गा मंदिर होते हुए न्यू मार्केट, रातू रोड चौक पर समाप्त होगा। प्रधानमंत्री के स्वागत में रांची के आसपास के क्षेत्र से 20 हजार से अधिक बाइक सवार रांची आएंगे। रांची से बाहर से आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था हेहल, पंडरा और आईटीआई के समीप की गई है। इसके अतिरिक्त पारंपरिक छऊ नृत्य के माध्यम से कलाकार प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। 501 ब्राह्मण शंख घड़ियाल बजाकर प्रधानमंत्री के विजय संकल्प को अपना आशीर्वाद देंगे। वहीं अलग-अलग स्थान पर, विभिन्न मंचों के माध्यम से प्रधानमंत्री का पारंपरिक स्वागत किया जाएगा। सिख समाज भी पीएम के अभूतपूर्व स्वागत को तैयार है। पूरे रातू रोड के विभिन्न स्थानों पर ढोल ताशा परंपरागत यंत्र वादन सहित भजन सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम उनके स्वागत में किए जाएंगे पूरे रातू रोड के लोगों में उत्साह है सभी स्वेटर कल अपने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में लाखों की संख्या में लोग उपस्थित रहेंगे पूर्व में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत रांची की जनता ने ऐतिहासिक रूप से किया है। एक बार फिर रांची की जनता और भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के स्वागत को लेकर उत्सुक और उत्साहित हैं। सेठ ने कहा कि रातू रोड के नागरिक स्वतः अपने घरों को सजा रहे हैं। महिलाओं के द्वारा विभिन्न स्थानों पर रंगोली बनाई जा रही है कई स्थानों पर प्रधानमंत्री पर पुष्प वर्षा की व्यवस्था हो रही है। रक्षा राज्य मंत्री ने रांची सहित रातू रोड के नागरिकों से यह आह्वान किया है कि प्रधानमंत्री के स्मृति में यह रोड शो और उनका अभिनंदन ऐतिहासिक हो, इसके लिए हम सभी कार्य करें। इस कार्यक्रम में पडरा मंडल के अध्यक्ष सुबेश पांडे, सुखदेव नगर मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडे सत्यनारायण सिंह, ललित ओझा ,संजय जयसवाल, हरेंद्र सिंह , हरविंदर सिंह बेदी, सुरेश सिंह ,ललन सिंह ,संजीव चौधरी, अंबिका तिवारी, अंकित वर्मा, बबीता सिंह ,रेणुका सिंह , मिथिलेश केसरी, कुमुद झा सहित सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल हुए।




## आंवला नवमी स्वास्थ्य और समृद्धि का पर्व : संजय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि के दिन मनाया जाने वाला आंवला नवमी पर्व हिंदू धर्म में बहुत महत्व रखता है। यह पर्व आंवले के पेड़ की पूजा के लिए मनाया जाता है, जो स्वास्थ्य और समृद्धि का प्रतीक है।

हिंदू पंचांग के अनुसार अक्षय नवमी का आरंभ 9 नवंबर की रात को 10 बजकर 45 मिनट पर होगा और अगले दिन 10 नवंबर को रात 9 बजकर 1 मिनट पर इसका समापन होगा। इसलिए उदया तिथि की मान्यता के अनुसार अक्षय नवमी 10 नवंबर की रात को मनाई जाएगी।पौराणिक कथा के अनुसार, आंवले के पेड़ की उत्पत्ति भगवान विष्णु के शरीर से हुई थी। जब भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया, तो उन्होंने राजा बलि से तीन पग भूमि मांगी। राजा बलि ने भगवान विष्णु को तीन पग भूमि देने का वचन दिया, लेकिन भगवान विष्णु ने तीन पग में ही समस्त भूमि को माप लिया और राजा बलि को पाताल लोक में भेज दिया। राजा बलि की पत्नी विंध्यावली ने भगवान विष्णु से अपने पति की मुक्ति के लिए प्रार्थना की। भगवान विष्णु ने उन्हें वरदान दिया कि आंवले के पेड़ की पूजा से राजा बलि की मुक्ति होगी।

## निगम ने किया ऐलान, करों मतदान और सुविधाओं का उठाओ लाभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान रांची जिला में 13 नवंबर को है। मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और अधिक से अधिक नागरिकों को वोट डालने के लिए रांची नगर निगम ने एक खास पहल की है। 13 नवंबर को मतदान करने वाले नागरिकों को कुछ विशेष सुविधाएं मुफ्त दी जाएंगी। अगर कोई मतदाता अपनी उंगली पर लगी स्याही दिखाता है, तो वह रांची नगर निगम की सिटी बस सेवा में मुफ्त यात्रा कर सकेगा। इसके साथ ही, निगम क्षेत्र में स्थित सभी पार्किंग स्थलों पर वाहन पार्क करने के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा, यानी



पार्किंग शुल्क माफ रहेगा। इसके अतिरिक्त, निगम के विभिन्न पार्कों में मतदान करने वाले मतदाता और उनके नाबालिग बच्चे मुफ्त में प्रवेश कर सकेंगे। रांची नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि इस पहल से चुनाव के दिन नागरिकों में उत्साह और मतदान के प्रति जिम्मेदारी की भवन पैदा होगी साथ ही, इस तरह की सुविधाएं उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करेंगी। वोट डालने के बाद इन सुविधाओं का लाभ उठाएं और चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

## गृह मंत्री अमित शाह के ऊपर देशद्रोह का दर्ज होगा मुकदमा : राकेश सिन्हा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के ऊपर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज होगा यह बात झारखंड कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने साफ लहजे में कहा।

उन्होंने कहा कि देश के गृह मंत्री के ऊपर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज होगा। दरअसल चर्चा इस बार संविधान की लाल किताब की हो रही है। जिसे राहुल गांधी इन दिनों अपनी सभाओं और रैलियों में बांट रहे हैं।

बीजेपी ने कांग्रेस पर संविधान का मजाक बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी इसे नोटपैड की तरह इस्तेमाल कर रही है।दरअसल नागपुर के सुरेश भट सभागार में कांग्रेस ने बुधवार को



संविधान सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें राहुल गांधी मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे। इस मौके पर उन्होंने संविधान की लाल रंग की किताब लोगों को बांटी, जिसके कवर पर Constitution of India लिखा था, लेकिन अंदर के पेज कोरे थे।

## झामुमो उम्मीदवार ने झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के संवाद में लिया हिस्सा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : रांची में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार और राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने शनिवार को झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के संवाद में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष प्रवीण जैन छाबड़ा ने किया, और मंच पर कई प्रमुख सदस्य उपस्थित थे, जिनमें चैम्बर अध्यक्ष परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, कार्यक्रम संयोजक शैलेश अग्रवाल, अमित शर्मा थे। इस टॉक



शो में महुआ माजी ने विभिन्न मुद्दों पर व्यवसायिक समुदाय के सवालों का विस्तारपूर्वक और संतोषजनक उत्तर दिया। उनके उत्तरों में उन्होंने अपने द्वारा उठाए गए कई ठोस कदमों का जिक्र किया, जिससे उन्होंने यह साबित किया कि वह व्यापारिक समुदाय की जरूरतों को लेकर गंभीर हैं। महुआ माजी ने विशेष रूप से कृषि उपज बाजार कर के उन्मूलन का समर्थन किया और बताया कि यदि उनकी सरकार सत्ता में आती है, तो इस कर को समाप्त करने के लिए वह हरसंभव प्रयास करेंगी। इसके अतिरिक्त, उन्होंने बताया कि उनके प्रयासों से भवन नियमितीकरण विधेयक लाया गया था, लेकिन राजनीतिक परिस्थितियों के चलते इसे पास नहीं किया जा सका। माजी ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि जब अपर बाजार क्षेत्र में भवनों के ध्वस्तीकरण का मामला आया था, तो उन्होंने लोगों के साथ खड़े होकर प्रशासन को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## कांग्रेस और जेएमएम देशवासियों में फूट डालकर शासन करना चाहती हैं: शिवराज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : केन्द्रीय कृषि मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को झारखंड की चार विधानसभा सीटों पर भाजपा के प्रत्याशियों के समर्थन में विशाल जनसभाओं को संबोधित किया। चौहान ने बड़कागांव से भाजपा उम्मीदवार रोशन लाल चौधरी, बरकट्ठा विधानसभा से अमित कुमार यादव, कांके विधानसभा से डॉ. जीतुचरण राम और रांची विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार सीपी सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान शिवराज सिंह चौहान ने जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि गठबंधन की सरकार ने झारखंड जैसे सुंदर प्रदेश को लूटकर तबाह और बर्बाद कर दिया है। झारखंड की धरती पर माटी, बेटी और रोटी सुरक्षित नहीं है। इन्होंने जल संपदा, वन संपदा और खनिज संपदा से भरपूर प्रदेश को विनाश की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। यही वजह है कि झारखंड की जनता में जेएमएम सरकार के खिलाफ भारी आक्रोश है और जनता इस चुनाव में सोरेन सरकार को सबक सिखाकर माटी, बेटी, रोटी की रक्षा के लिए भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाएगी। चौहान ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी धान की बात करते हैं, जिन्हे ये तक नहीं पता है कि धान की बाली सीधी लगती है या उल्टी। जो आलू से सोना बनाते हैं वो धान की बात कर रहे हैं। राहुल गांधी ने मोहब्बत की नहीं, बल्कि नफरत की



दुकान खोल रखी है। ये देश बांटने की कोशिश करते हैं।

## श्री गुरु सिंह सभा पिस्का मोड गुरुद्वारा साहब पहुंची प्रभात फेरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा,गुरु सिंह सभा मेन रोड और गुरु सिंह सभा पिस्का मोड़ की प्रभात फेरियों का आज मिलन हुआ, तीनों प्रभातफेरियां सम्मिलित रूप से श्री गुरु सिंह सभा पिस्का मोड गुरुद्वारा साहब पहुंची.

सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि कल प्रभात फेरी का अंतिम दिन है. कल की प्रभात फेरी श्री गुरु सिंह सभा, मेन रोड गुरुद्वारा साहब जाएगी और इसी के साथ शहर की तमाम प्रभात फेरियों का कल समापन हो जाएगा.



पपनेजा ने बताया कि 14 नवंबर, बृहस्पतिवार नवंबर को कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा मैदान में भव्य दीवान सजाया जाएगा. इसमें विश्व प्रसिद्ध रागी जत्था भाई जगतार सिंह जी जम्मू वाले एवं हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी शबद गायन करेंगे और गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेंदर सिंह जी द्वारा कथा वाचन किया जाएगा.दीवान की समाप्ति के बाद गुरु का अटूट लंगर चलाया जाएगा, जिसमें पंद्रह हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल होंगे.दोपहर 2:00 बजे से इसी गुरुद्वारा मैदान से भव्य नगर कीर्तन निकाला जाएगा.पांच निशानची और पांच प्यारों की अगुआई में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को पुष्प से सुसज्जित सवारी पर विराजमान कर नगर भ्रमण कराया जाएगा.

## झामुमो झारखण्ड के निवेशकों के साथ लड़ेगा हक की लड़ाई : विनोद पांडेय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सहारा के नाम पर मल्टीस्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटी बनाकर बड़े घोटाले को अंजाम दिया गया। इसके लिए केंद्रीय सहकारिता देश के केंद्रीय गृह मंत्री सह सहकारिता मंत्रालय जिम्मेवार है, जिसके मंत्री अमित शाह हैं। पिछले दिनों झारखण्ड आकर केंद्रीय सह सहकारिता मंत्रालय के मंत्री अमित शाह ने झारखण्ड के करीब 1.50 करोड़ निवेशकों और भुक्तभोगियों के जले पर नमक छिड़का है। सहकारिता मंत्री आए और जुमला देकर चले गए। कहा भाजपा की सरकार बनाओ तो झारखण्ड के निवेशकों का पैसा वापस कर देंगे। झारखंडियों के साथ ये सौदा वाली बात कैसी? क्या झारखण्ड में भाजपा की सरकार बनी तभी निवेशकों की गाढ़ी कमाई का पैसा वापस होगा अन्यथा नहीं। यह पूरी तरह से केंद्र सरकार का मामला है। आप निवेशकों का पैसा क्यों वापस नहीं कर देते। ये बातें झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडे ने कही। विनोद पांडे पार्टी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा आखिर सहारा में निवेश करने वालों का पैसा वापस नहीं करने का जिम्मेवार कौन है। राज्य या केंद्र सरकार।

**झामुमो लड़ेगा झारखण्डी निवेशकों के हक की लड़ाई:** सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर सुब्रत राय को जेल में बंद करने के बाद सहारा की संपत्ति को बेचकर 25 हजार करोड़ जमा किया गया था। लेकिन सहकारिता मंत्री रहते ये राशि निवेशकों के बीच अमित शाह ने क्यों नहीं वितरित कराई। विनोद कुमार पांडे ने आगे बताया कि भले ही केंद्र सरकार झारखण्ड के निवेशकों की अनदेखी करे, लेकिन झामुमो हर स्तर पर निवेशकों के साथ उनके हक अधिकार की लड़ाई लड़ने को तैयार है। हालांकि यह राज्य सरकार का मामला नहीं है बावजूद इसके हम केंद्र सरकार ने झारखण्ड के निवेशकों के लिए लड़ाई लड़ेंगे।




**पोर्टल बनाया और आवेदनों को स्वीकृत कर दिया:** झामुमो के केंद्रीय महासचिव ने बताया कि 19 जुलाई 2023 को केंद्रीय मंत्री अमित शाह द्वारा कहा गया कि तीन से चार माह में निवेशकों का पैसा वापस कर दिया जाएगा। इसके लिए वेब पोर्टल का निर्माण किया गया और निवेशकों से आवेदन मांगे गए, लेकिन 90 प्रतिशत आवेदन स्वीकृत कर दिए गए। यह दुर्भाग्य ही है कि आज देश का पैसा लेकर सहारा परिवार के लोग विदेशों में ऐश कर रहें हैं और निवेशक आत्महत्या। ये वही लोग हैं, जिन्होंने एक भी आत्महत्या करने वाले परिवार की सुध नहीं ली और सुब्रत राय के मरने पर उनके घर गए।

# प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो में सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 नवम्बर के दौरे को लेकर राजधानी रांची में सुरक्षा के कड़े और पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा के लिहाज से शनिवार को लगातार वरीय अधिकारी रोड शो होने वाले मार्ग का निरीक्षण कर रहे हैं, जहां पर भी किसी भी प्रकार की खामियां पायी जा रही है, उसे दुरुस्त करने का निर्देश भी दे रहे हैं। एसपीजी की टीम ने भी प्रधानमंत्री के रोड शो होने वाले स्थल का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर 11 आईपीएस , 25 डीएसपी, 111 इंस्पेक्टर, 714 एसआई और एएसआई, 3000 जवान, 2 बीडीडीएस टीम, 2 हिट टीम, 4 कंपनी रैप को प्रतिनियुक्त किया गया है।

**प्रधानमंत्री के कार्यक्रम** : प्रधानमंत्री रविवार को दिन के 12 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वह एयरपोर्ट से ही बोकारो के लिए रवाना हो जायेंगे। प्रधानमंत्री का हेलीकॉप्टर दिन के 12.45 बजे बोकारो हेलीपैड पर उतरेगा। वहां



चंदनकियारी विधानसभा में वह दोपहर 1.45 बजे तक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद 1.55 बजे प्रधानमंत्री बोकारो से गुमला के लिए रवाना हो जायेंगे। मोदी का हेलीकॉप्टर 3.05 बजे गुमला में लैंड करेगा। प्रधानमंत्री वहां भी चुनावी सभा को संबोधित करने के बाद शाम 4.15 में रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर लौट आयेंगे। इसके बाद वह रांची में रोड शो करेंगे। पिस्का मोड़ स्थित ओटीसी मैदान से प्रधानमंत्री का रोड शो 4.55 बजे शुरू होगा। रोड शो लगभग 2.5 किमी रातू रोड चौराहा तक होगा। लगभग डेढ़ घंटे रांची में रुकने के बाद 6.35 बजे प्रधानमंत्री का विशेष विमान रांची से प्रस्थान कर जायेगा।

## प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर रांची शहर के यातायात में बदलाव

रांची : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 नवंबर के रांची के रोड शो को लेकर रांची शहर के यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इस संबंध में यातायात एसपी ने शनिवार देर शाम आदेश जारी कर दिया है। रांची शहर में अपराह्न 02:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक सभी प्रकार के छोट,बडे मालवाहक वाहनों का शहर में प्रवेश वर्जित रहेगा। साथ ही अपराह्न 04:30 बजे से रात्रि 07:00 बजे तक एयरपोर्ट से हिनू चौक, हिनू चौक से एचईसी गेट, एचईसी गेट से अरगोड़ा चौक, अरगोड़ा चौक से कटहल मोड, अरगोड़ा चौक से सहजानन्द चौक, सहजानंद चौक से न्यू मार्केट चौक तथा पंडरा बाजार चौक से पिस्का मोड़, पिस्का मोड़ से न्यू मार्केट तक आने-जाने के लिए कम से कम उपयोग करें। इसके अलावा शहर में प्रवेश के लिए सामान्य वाहन बुटी मोड रिंग रोड़, बोडेया रिंग रोड, कांके रिंग एवं रामपुर रिंग रोड़ का प्रयोग कर सकते हैं। इसी प्रकार रांची शहर से बाहर जाने के लिए कांके रिंग रोड़, बोड़ेया रिंग रोड़, बुटी मोड़ रिंग रोड़, रामपुर रिंग रोड होकर मेन रोड, कांटाटोली से बुटी मोड़ रोड़, कांटाटोली से नामकुम रोड तथा पुरानी हाई कोर्ट से घाघरा रोड से जा सकते है। साथ ही अपराह्न 04:30 बजे के बाद एयरपोर्ट जाने वाले सभी वाहन पुराना हाई कोर्ट से घाघरा रोड़ होते हुए हेथु बस्ती के रास्ते सीधे एयरपोर्ट जा सकेंगे। आवश्यकतानुसार अन्य मार्गों को अल्प समय के लिए डायवर्ट और स्टॉप किया जा सकता है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# विधायक इरफान अंसारी की कार्यशैली से खुश होकर कांग्रेस में लौटे पुराने साथी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जामताड़ा :** जिले के धोबना मंडल टोला में भूदेव मंडल के नेतृत्व में दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। मौके पर पूर्व सांसद फुरकान अंसारी भी उपस्थित थे।इस अवसर पर साधन मंडल, तारक मंडल, गुणाधर मंडल, पार्थ मंडल, किरणमय मंडल, संतोष मंडल, राकेश मंडल, अभिषेक मंडल, कालु मंडल सहित अन्य लोगों ने भाजपा छोड़ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष विजय दुबे ने इन सभी कार्यकर्ताओं को माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए इन कार्यकर्ताओं ने कहा, ÷हम पूर्व में पूर्व सांसद फुरकान अंसारी के समर्थक थे, जब वे जामताड़ा से विधायक थे। उनके सांसद बनकर जाने के बाद हम पार्टी से दूर हो गए थे, लेकिन आज फिर से अपने अभिभावक पूर्व सांसद फुरकान अंसारी और विधायक इरफान अंसारी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे हैं। विधायक इरफान अंसारी की कार्यशैली और जनता के प्रति समर्पण से हम सभी प्रभावित हैं। उनकी नेतृत्व क्षमता की चर्चा न सिर्फ जामताड़ा, बल्कि पूरे झारखंड में हो रही है।÷कार्यकारी अध्यक्ष विजय दुबे ने इन कार्यकर्ताओं का कांग्रेस परिवार में गर्मजोशी से स्वागत किया और कहा, आप सभी हमारे पुराने साथी हैं, और आपके पुनः पार्टी में शामिल होने से कांग्रेस की ताकत बढ़ेगी। हमारा एकमात्र उद्देश्य कांग्रेस को मजबूत करना है, ताकि महागठबंधन के प्रत्याशी इरफान अंसारी को भारी मतों से विजयी बनाकर फिर से जामताड़ा को एक मजबूत और समर्पित नेतृत्व प्रदान किया जा सके।÷यह स्वागत समारोह कांग्रेस पार्टी की एकता और जनता के लिए समर्पण को और अधिक सुदृढ़ बनाने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। पार्टी ने यह विश्वास जताया कि इन नए साथियों के जुड़ने से जामताड़ा में कांग्रेस की शक्ति और समर्थन और भी बढ़ेगा।

## विस्थापित रैयत जाहिद अली ने चुनाव के बाद किया बंदी का आहवान



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार एरिया के बहेरा गांव के विस्थापित रैयत जाहिद अली ने अपने मांगों के समर्थन में विधानसभा चुनाव के बाद क्षेत्र में बंदी करने का आह्वान किया है।उन्होंने पिपरवार के राजधर रेलवे साईडिंग से विस्थापित होने पर पेड़-पौधा का मुआवजा देने एंव प्लॉट की समस्या का समाधान करने की मांग को लेकर स्थानीय पिपरवार एरिया प्रबंधन को कई बार ज्ञापन सौंप चुका है।लेकिन अभी तक कोई पहल नहीं होने के बाद उन्होंने बंदी का आह्वान किया है।उन्होंने बताया कि यह मामला 20 साल पहले का है।राजधर रेलवे साइडिंग निर्माण के दौरान उनकी जमीन का अधिग्रहण किया गया था,लेकिन प्लॉट की समस्या का हवाला देते हुए प्रबंधन के द्वारा अभी तक पेड़ पौधा का मुआवजा नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि उनके पिता कार्यालय का चक्कर लगाकर इस दुनिया से विदा हो गये,उसके बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका है और अब वह स्वंय कार्यालय का चक्कर लगाकर थक चुके हैं।स्थानीय प्रबंधन प्रबंधन से लेकर मुख्यालय स्तर तक उनके द्वारा कई बार आवेदन भी दिया जा चुका है लेकिन अभी तक इस पर कोई पहल नहीं की गई है।उन्होंने कहा कि आवेदन देने के बाद प्रबंधन द्वारा सिर्फ वार्ता की जाती है और समय ली जाती है, लेकिन निर्धारित समय के अंदर किसी तरह का कोई भी पहल नहीं किया जाता है।पिछले महीने हुई वार्ता में प्रबंधन द्वारा 5 नवंबर तक मांगों को पूरा करने का भरोसा दिया गया था,लेकिन अभी तक मांगे पूरी नहीं हुई है।उन्होंने कहा कि राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू है, जिसको देखते हुए उन्होंने चुनाव के बाद बंदी करने का निर्णय लिया है।

## पिपरवार मे तबीयत खराब होने से सीसीएल कर्मचारी की हुई मौत

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बिशुझापा निवासी 58 वर्षीय सीसीएल कर्मचारी अशरफ अली पिता स्व. मजीद मियां का निधन शनिवार की सुबह तबीयत खराब होने से हो गई।वह चतरा जिले के टंडवा प्रखंड अंतर्गत कामता गांव का निवासी था और वर्तमान मे बचरा बिशुझापा मे रहकर सीसीएल आम्रपाली चन्द्रगुप्त एरिया मे कार्यरत था।इस संबंध में उनके परिजनों ने बताया कि शुक्रवार को वह ड्यूटी कर अपने घर आया इसके बाद देर रात को उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई। परिजनों के द्वारा उसे बचरा क्षेत्रीय अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रांची रेफर कर दिया गया।रांची ले जाने से पूर्व बचरा अस्पताल मे उनका निधन हो गया।इधर घटना की सूचना पाकर आम्रपाली परियोजना पदाधिकारी मोहम्मद अकरम सहित कई अधिकारी श्रमिक प्रतिनिधि एवं स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।परिजनों ने बताया कि वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे और उनका इलाज चल रहा था।इलाज के साथ वह अपना ड्यूटी भी कर रहे थे। लेकिन शुक्रवार की रात उनकी तबीयत अचानक ज्यादा खराब हो गई।उन्होंने अपने पीछे दो पुत्र दो पुत्री और एक पत्नी छोड़ गये है। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंचे स्थानीय श्रमिक प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने सीसीएल प्रबंधन से तत्काल मृतक के आश्रित को नौकरी देने की मांग रखी,जिसके बाद प्रबंधन द्वारा कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द ही नौकरी देने का आश्वासन दिया गया।जिसके बाद उनके शव् को उनके पैतृक आवास कामता ले जाया गया,जहां दोपहर में कामता कब्रिस्तान में उन्हें सुपूर्द ऐ खाक किया गया।

## देश की जनता को मोदी की गारंटी पर विश्वास है : पाठक



**फतेहपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भाजपा के युवा नेता अक्षय आनंद पाठक ने कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल और माले के द्वारा संयुक्त रूप से जारी एक वोट, सात गारंटी पर बड़ा हमला किया। अक्षय आनंद पाठक ने कहा कि देश की जनता को मोदी की गारंटी पर विश्वास है ना की सताधारी गठबंधन के एक वोट के बदले सात झूठ के वायदों पर। उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा के 2019 के मेनिफेस्टो निश्चय पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने कुल 114 वायदे जनता से किए थे । परंतु 5 वर्षों में इस सरकार ने एक वादे को पूरा नहीं किया 15 वर्षों तक ठगी गई जनता इस बार झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार को बाहर का रास्ता दिखाएगी। उन्हें इस ठगबंधन के झूठे वादों पर कतई विश्वास नहीं। आगे श्री पाठक ने कहा था कि झारखंड 2019 में सरकार ने अपनी निश्चय पत्र में कहा था कि सरकार गठन के 2 साल के भीतर राज्य के खाली पड़े सभी सरकारी पदों पर नियुक्ति हो जाएगी। स्थिति यह है कि कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2,87,000 पद अभी भी गया। इन्होंने हर प्रखंड में नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना की घोषणा की थी, ग्रामीण क्षेत्र के अभ्यर्थियों को नौकरी हेतु 10 अतिरिक्त अंक देकर मेरिट सूची बनाने की बात, हर प्रखंड में नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना की बात 5 वर्षों में 25 लाख रोजगार की बात, बेरोजगारों को 5000 और 7000 का प्रति महीना भत्ता देने का वादा किया था। इनके सारे वादे झूठे साबित हुए। रकीब ने कहा कि 2019 के निश्चय पत्र के स्थानीय लोगों के अधिकार वाले अध्याय में भूमि अधिकार कानून बनाने की बात, रोजगार अधिकार कानून की बात, हर शहीद परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरियों में सीधी नियुक्ति हेतु कानून बनाने की बात, झारखंड आंदोलन के शहीदों के परिजनों के लिए पेंशन योजना, आदि बनाने के लिए बड़ी घोषणा की थी। किसी एक को भी धरातल पर नहीं उतारा।अक्षय आनंद पाठक ने कहा इस नाला विधानसभा के जनता झामुमो को बाहर का रास्ता दिखाए गा और नाला विधानसभा ही नहीं पुरे झारखण्ड मै कमल खिलेगा ये सरकार ने सभी से ठग किया किन्ही को नहीं छोड़ा अब सुमय आगया है इनका जवाब नाला विधानसभा के जनता देने के लिए है तैयार और माधव चंद्र महतो का जीत निश्चित है।जनता परिवर्तन के मूड में है।

## विधायक इरफान अंसारी को मिल रहा है जन समर्थन



**जामताड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पबिया के उदयपुर पहुंचकर जनसंपर्क अभियान में भाग लिया, जहां सभी लोगों ने एक स्वर में विधायक इरफान अंसारी को फिर से भारी मतों से जीत दिलाने का संकल्प लिया है। हर तरफ इरफान अंसारी जी का बोलबाला है, और उनके कार्यों की छवि हर ओर दिखाई दे रही है। उन्होंने जनता का अपार प्यार और विश्वास अर्जित किया है, जो पूरे क्षेत्र में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

## जामताड़ा एसपी ने विधानसभा चुनाव को शांतिपुर्ण कराने हेतु मतदान केंद्र किया निरीक्षण



**जामताड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आगामी विधानसभा चुनाव को स्वचछ, शांतिपुर्ण, एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु जामताड़ा पुलिस अधीक्षक, डॉ0 एहतेशाम वकारिब एवं पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय जामताड़ा, तथा अन्य पदाधिकारीयों के साथ संयुक्त रूप से जामताड़ा जिला अंर्तगत पथरचपड़ा स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में बने वज्र गृह एवं मतगणना केन्द्रों का निरीक्षण किया गया एवं वहां पर कार्यरत पुलिस पदाधिकारीयों / कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

## झामुमो उमीदवार रबिन्द्र नाथ महतो पर जनता करेगी अटूट विश्वास : जियाबुल अली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नाला :** आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव के संदर्भ में इंडिया महागठबंधन की एकजुटता और झारखंड में फिर से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनाने के प्रति विश्वास प्रकट किया गया। साथ ही,नाला विधानसभा सीट से इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी रबिन्द्र नाथ महतो के भारी मतों से विजयी होने के विश्वास पर भी जोर दिया गया।झामुमो कार्यकर्ता जियाबुल अली ने प्रेसवार्ता के दौरान वर्तमान महागठबंधन सरकार के कार्यकाल में जनहित में किए गए प्रमुख कार्यों पर प्रकाश डाला, जिनमें बिजली बिल माफी, कृषि ऋण माफी, और मईयां सम्मान योजना जैसी योजनाएं शामिल हैं। नेताओं ने बताया कि इन योजनाओं का लाभ झारखंड की जनता को बड़े पैमाने पर मिला है और इसका सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से दिख रहा है। इस मौके पर उपस्थित इंडिया महागठबंधन के वरिष्ठ नेताओं ने महागठबंधन के संकल्प पत्र एक वोट, सात गारंटी के माध्यम से झारखंड की जनता को भविष्य में और भी ठोस वादों को पूरा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने जनता से महागठबंधन को समर्थन देने की अपील की ताकि झारखंड का विकास गति पकड़े और राज्य की जनता का हित सर्वोपरि रखा जा सके। प्रेसवार्ता में प्रमुख रूप से उपस्थित कार्यकर्ता प्रबोध कुमार माजी मीमरन मिस्त्री शेख माखन शेख सदर अली उपस्थित थे प्रोबध कुमार माजी ने कहा एकजुट होकर जनता से अपील की वे झारखंड के उज्ज्वल भविष्य और सर्वांगीण विकास के लिए आगामी विधानसभा चुनाव में महागठबंधन उमीदवार रबिन्द्र नाथ महतो को अपना समर्थन दें।

## गुरुनानक जयंती के अवसर पर पिपरवार मे निकाली गई प्रभात फेरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बचरा गुरूद्वारा मे आगामी 15 नवम्बर को गुरूनानक देव जी की 555 वीं जयंती मनायी जाएगी।इसको लेकर बचरा गुरूद्वारा कमेटी द्वारा सारी तैयारी की जा रही है।गुरूनानक देव जी की जंयती के मौके पर शनिवार की सुबह बचरा गुरूद्वारा कमेटी के द्वारा तीन दिवसीय प्रभात फैरी की शुरुआत की गई। जानकारी के अनुसार पहले दिन यह प्रभात फेरी बचरा गुरुद्वारा से प्रारंभ हुआ,जो 64 कॉलोनी,122 कॉलोनी, माइन्स कॉलोनी और 172 कॉलोनी,बचरा बाजारटांड़ सहित अन्य कॉलोनी और जगह का भ्रमण किया।इस दौरान प्रभात फेरी का कई जगह पर स्वागत भी किया गया।इस संबंध में बचरा गुरुद्वारा के ग्रंथी सरदार कुलदीप सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष गुरुनानक देव जी की जयंती बचरा में धूमधाम के साथ मनाई जाती है।गुरुनानक देव जी की जयंती से पूर्व पिपरवार क्षेत्र के बचरा इलाके में प्रभात फेरी निकाली जाती है,जिसमें सिख समुदाय के सभी महिला पुरुष और बच्चे शामिल होते हैं।यह प्रभात फेरी पिपरवार क्षेत्र के सभी आवासीय कालोनी सहित कई जगहों का भ्रमण करती है।इस दौरान प्रभात फेरी का कई जगह पर स्वागत भी किया जाता है।प्रभात फेरी के दौरान सिख समुदाय की महिलाओं के द्वारा कीर्तन भी गाया जाता है।इस मौके पर प्रभात फेरी में मुख्य रूप से सरदार कुलदीप सिंह,बक्शी सिंह,निर्मल सिंह,सेवा सिंह, कलवंत सिंह,प्रताप सिंह, दिलबाग सिंह,जगजीत सिंह, हरजिंदर सिंह,अमन कुमार, बल्लु सिंह,रंजीत सिंह,मिन्टु सिंह,राजीव वर्मा,मंगल सिंह, बिनोद सिंह,अनिल सोनी सहित काफी संख्या मे सिख सुमदाय की महिला,पुरूष और बच्चे प्रभात फैरी मे शामिल हुए।

## पुलिस अधीक्षक यातायात का कार्यालय, राँची

### -: आवश्यक सूचना :-

दिनांक–10.11.2024 का भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्रमोदी के रॉची शहर में भ्रमण की सूचना है। उक्त कार्यक्रम के मद्दे नजर राँची शहर की यातायात व्यवस्था निम्न प्रकार होगी :–

- दिनांक–10.11.2024को राँची शहर में अपराह्न 02:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक सभी प्रकार के छोट/बडेमाल वाहक वाहनों का शहर में प्रवेश वर्जित रहेगा।
- दिनांक–10.11.2024 कोअपराह्न 04:30 बजे से रात्रि 07:00 बजे तक एयरपोर्ट स हिनू चौक, हिनू चौक से एच0ई0सी0 गेट, एच0ई0सी0 गेट से अरगोड़ा चौक, अरगोड़ा चौक से कटहल मोड़, अरगोड़ा चौक से सहजानन्द चौक, सहजानंद चौक स न्यूमार्केट चौक तथा पण्डरा बाजार चौक से पिस्का मोड़, पिस्का मोड़ से न्यूमार्केट तक आने–जाने के लिए कम से कम उपयोग करें।
- दिनांक–10.11.2024 को शहर में प्रवेश हेतु सामान्य वाहन बुटी मोड रिंग रोड़, बोडेया रिंग रोड़, कांके रिंग एवं रामपुर रिंग रोड़ का प्रयोग कर सकते है।
- दिनांक–10.11.2024 को रॉची शहर से बाहर जाने हेतु कांके रिंग रोड़, बोड़ेया रिंग रोड़, बुटीमोड़ रिंगरोड़, रामु पर रिंग रोड भाया मेन रोड़, रॉची, कांटाटोली से बुटी मोड़ रोड़, कांटा टोली से नाम कुमर ेड तथा पुरानी हाई कोर्ट से घाघरा रोड से जा सकते है।
- दिनांक–10.11.2024 को अपराह्न 04:30 बजे के बाद एयरपोर्ट जाने वाले सभी वाहन पुराना हाई कोर्ट से घाघरा रोड़ होते हुए हेथु वस्ती के रास्ते सीधे एयरपोर्ट जा सकेगे।
- आवश्यकतानुसार अन्य मार्गो को अल्प समय के लिए **Divert** और **Stop** किया जा सकता है।

पुलिस अधीक्षक यातायात, राँची।

PR.NO.340006 Ranchi(24-25):D

## कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-उपायुक्त, राँची (जिला निर्वाचन शाखा)

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

### :: सवैतनिक अवकाश, आम सूचना ::

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी –सह– सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची का पत्रांक 6148, राँची, दिनांक 24.10.2024, भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक 78/EPS/2024 दिनांक 16.10.2024 एवं कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची की अधिसूचना संख्या 6979 एवं 6980, दिनांक 21.10.2024 के आलोक में विधानसभा निर्वाचन 2024 के अवसर पर राँची जिला अन्तर्गत 58– तमाड़ (अ0ज0जा0), 63–राँची, 64–हटिया, 65–कॉके एवं 66–माण्डर (अ0ज0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान की तिथि 13.11.2024 को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 ख एवं निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेन्टस एक्ट, 1881 की धारा–25 के तहत सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। निम्नांकित प्रावधानों का अनुपालन किया जाना है :–

(1) किसी कारबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को, जो विधानसभा के लिए निर्वाचन में मतदान करने का हकदार है, मतदान के दिन अवकाश मंजूर किया जाएगा।

(2) उपधारा–(1) के अनुसार अवकाश मंजूर किये जाने की कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कोई कमी नहीं की जाएगी और यदि ऐसा व्यक्ति इस आधार पर नियोजित किया जाता है कि उसे सामान्यता किसी ऐसे दिन के लिए मजदूरी प्राप्त नहीं होगी तो इस बात के होते हुए भी, उसे ऐसे दिन के लिए वह मजदूरी संदत्त की जायेगी, जो उस दिन उसे अवकाश मंजूर न किये जाने की दशा में दी गयी होती।

(3) यदि कोई नियोजक उपधारा (1) और उपधारा (2) के उपबंधो का उल्लंघन करेगा, तो ऐसा नियोजक जुर्माना से, जो पाँच सौ रूपये तक का हो सकेगा, दंडनीय होगा।

(4) यह धारा किसी ऐसे निर्वाचक को लागू नहीं होगी जिसकी अनुपस्थिति से उस नियोजन के संबंध में जिसमें वह लगा हुआ है, कोई खतरा या सारवान् हानि हो सकती है।

उपरोक्त प्रावधानों के अनुसार सभी मतदाता जो प्रतिष्ठानों और दुकानों के कर्मचारी है, जिनमें शिफ्ट के आधार पर काम करने वाले लोग भी शामिल है, उन्हें उस निर्वाचन क्षेत्र में मतदान के दिन सवेतन अवकाश दिया जाएगा, जहाँ विधानसभा आम चुनाव आयोजित होने वाले है। इसके अलावा ऐसे मामले में भी हो सकता है, जहाँ कोई व्यक्ति सामान्य रूप से निर्वाचन क्षेत्र का निवासी है और मतदाता के रूप में पंजीकृत है, वह सामान्य मतदान वाले निर्वाचन क्षेत्र के बाहर स्थित किसी औद्योगिक उपक्रम या प्रतिष्ठान में सेवारत या नियोजित हो सकता है। ऐसी स्थिति में संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के बाहर कार्य करने वाले श्रमिक मतदाता भी लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 ख (1) के तहत् सवैतनिक अवकाश के हकदार होंगे। दैनिक वेतनभोगी/अनौपचारिक कर्मचारी भी मतदान के दिन अवकाश और वेतन के हकदार होंगे।

उपर्युक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित हो। आदेश का उल्लंघन कानून के सुसंगत धाराओं के अधीन दण्डनीय होगा।

उप निर्वाचन पदाधिकारी, राँची।

विश्वासभाजन
जिला निर्वाचन पदाधिकारी, –सह–उपायुक्त, राँची।

**Nothing like Voting, I Vote for Sure**"मतदान जैसा कुछ नही, मै मतदान अवश्य करता हूँ"

PR.NO.339992 Ranchi(24-25):D

## कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, राँची। (व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोषांग)

(exmonitoringcellranchi@gmail.com)

### प्रेस विज्ञप्ति

विधानसभा (आम) निर्वाचन–2024 के अन्तर्गत 64–हटिया एवं 65–कॉके विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि–13/11/2024 को निर्धारित है।निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर अनुदेशों के सार–संग्रह अध्याय 'ग' के अन्तर्गत पृष्ठ संख्या–74 (लेखेका निरीक्षण) के आलोक में 64–हटिया एवं 65–कॉके विधानसभा क्षेत्र के लिए चुनाव चिन्ह आवंटित सभी प्रत्याशियों को प्रथम/द्वितीय/तृतीय निर्वाचन व्यय लेखापंजी की जॉच की तिथि निर्धारित कर सूचना दैनिक अखबारोंके माध्यम से पूर्व में प्रकाशित किया जा चुका है। इस कम में तृतीय लेखा जॉच की पूर्व निर्धारित तिथि दिनांक11/ 11/ 2024 को 64–हटिया एवं 65–कॉके के अभ्यर्थीयों द्वारा किये गये व्यय की जॉच हेतु निर्धारित किया जाता है, जिस का ब्यौरा निम्नवत् है :–

| क्र० | निर्वाचन व्यय लेखा जांच | निर्वाचन व्यय लेखा जांच की तिथि | जॉच स्थल एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1. | द्वितीय लेखा जॉच | दिनांक–11/11/2024 (सोमवार) | सभागार कक्ष, आठवां तल्ला, राँची नगर निगम भवन, कचहरी रोड, राँची |

उक्त संदर्भ में विधानसभा (आम), निर्वाचन–2024 के अन्तर्गत 64–हटिया एवं 65–कॉके विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के "निर्वाचन व्यय लेखापंजी की जॉच"हेतु नियत तिथियों पर प्रथम पाली एवं द्वितीय पाली हेतु प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय लेखापंजी की जॉच–समय का निर्धारण निम्नवत् किया जाता है:–

**64–हटिया विधान सभा क्षेत्र**

| क्र० | प्रत्याशी का नाम | सम्बद्ध दल | आवंटित प्रतीक | जॉच हेतु आवंटित समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अजय नाथ शाहदेव | इंडियन नेशनल कॉंग्रेस | हाथ | प्रथम पाली (10:00 बजे पूर्वाह्नसे 01:30 बजे अपराह्न तक) |
| 2 | अमरेन्द कुमार | झारखण्ड जनक्रांति मोर्चा | जंजीर | |
| 3 | अयूब अली | झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा | कैंची | |
| 4 | आदर्श कुमार | नेशनलिस्ट कॉंग्रेस पार्टी | घड़ी | |
| 5 | कुन्दरसी मुण्डा | भारत आदिवासी पार्टी | हॉकीऔरबॉल | |
| 6 | कुशवाहा विजय कुमार महतो | जोहार पार्टी | ऑटो–रिक्षा | |
| 7 | ज्योती बालादेवी | राष्ट्रीय जयहिन्दपार्टी | फुटबॉल खिलाड़ी | |
| 8 | दिवाशंकर पासवान | पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) | फलोंसे युक्तटोकरी | |
| 9 | धनंजय भगत "गांधी" | मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल | आदमी व पाल युक्तनौका | |
| 10 | निपु सिंह | राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी | हेलमेट | |
| 11 | राजेन्द्र प्रसाद साहु | सदान विकास पार्टी | डीजलपम्प | |
| 12 | विजय सिंह | सम्पूर्ण भारत क्रांति पार्टी | बैटरीटार्च | |
| 13 | विवेक त्रिपाठी | स्वतंत्र राष्ट्रवादी पार्टी | प्रैशरकुकर | |
| 14 | सुरेश टोप्पो | आंबेडक राईट पार्टी ऑफ इंडिया | कोट | |

| क्र० | प्रत्याशी का नाम | सम्बद्ध दल | आवंटित प्रतीक | जॉच हेतु आवंटित समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नवीन जयसवाल | भारतीय जनतापार्टी | कमल | द्वितीय पाली (02:00 बजे अपराह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक) |
| 2 | सोमा सिंह | जय महाभारत पार्टी | बल्लेबाज | |
| 3 | हजारी प्रसाद साहु | लोकहित अधिकार पार्टी | सेब | |
| 4 | अभिषेक कुमार श्रीवास्तव | निर्दलीय | कलम की निबसात किरणों के साथ | |
| 5 | अलबिन लकड़ा | निर्दलीय | कटहल | |
| 6 | ओमशंकर गुप्ता | निर्दलीय | भालाफेंक | |
| 7 | ऐनुल अंसारी | निर्दलीय | ट्रक | |
| 8 | गौरव प्रियदर्शी | निर्दलीय | बल्ला | |
| 9 | दिवाकर प्रसाद साहू | निर्दलीय | कम्प्यूटर | |
| 10 | नगमा रानी | निर्दलीय | एअरकंडीस्नर | |
| 11 | बिशु तिर्की | निर्दलीय | गन्नाकिसान | |
| 12 | भरत कांशी | निर्दलीय | बक्सा | |
| 13 | यादराम साहु | निर्दलीय | गुब्बारा | |

**65–कॉके विधान सभा क्षेत्र**

| क्र० | प्रत्याशी का नाम | सम्बद्ध दल | आवंटितप्रतीक | जॉच हेतु आवंटित समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सुरेश कुमार बैठा | इंडियन नेशनल कॉंग्रेस | हाथ | प्रथम पाली (10:00 बजे पूर्वाह्न से 01:30 बजे अपराह्न तक) |
| 2 | अजीतकु रवि | राइटटु रिकॉल पार्टी | प्रेशर कुकर | |
| 3 | अनिल कुमार पासवान | झारखण्डपार्टी | फलोंसे युक्त टोकरी | |
| 4 | फुलेश्वर बैठा | झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा | कैंची | |
| 5 | मधुसुदन कुमार | आजाद समाज पार्टी (कांशी राम) | केतली | |
| 6 | मधुसुदन कुमार | लोक हित अधिकार पार्टी | सेब | |
| 7 | राजन नायक | पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) | ब्लैकबोर्ड | |

| क्र० | प्रत्याशी का नाम | सम्बद्ध दल | आवंटित प्रतीक | जॉच हेतु आवंटित समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | डॉ0 जीतू चरण राम | भारतीय जनतापार्टी | कमल | द्वितीय पाली (02:00 बजे अपराह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक) |
| 2 | संतोष कुमार रजक | कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया | बालऔरहँसिया | |
| 3 | सुरेन्द्र मिर्धा उर्फ सुरेन कुमार का लिन्दी | समाजवादी पार्टी | साइकिल | |
| 4 | अशोक कुमार नाग | निर्दलीय | आरी | |
| 5 | दीपशिखा कुमारी | निर्दलीय | हेलमेट | |
| 6 | सीम राय | निर्दलीय | बाँसुरी | |

01:30 बजे अपराह्न से 02:00 बजे पूर्वाह्न तक मध्याह्न विश्रांतिकाल।

सभी प्रत्याशियों से अनुरोध होगा कि स्वयं अथवा अपने अधिकृत अभिकर्त्ता के माध्यम् सेनिर्वाचन व्यय लेखापंजी जॉच हेतु निर्धारित तिथियों में उपरोक्त आवंटित/निर्धारित समय के अनुसार निर्वाचन व्यय लेखापंजी की जॉच हेतु व्यय लेखाजॉचदल के समक्ष उपस्थित होने की कष्ट करेंगे।

नोडल पदाधिकारी, व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोषांग, –सह–उपविकास आयुक्त, राँची।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, राँची।

PR.NO.339979 Ranchi(24-25):D

# जमशेदपुर में राहुल गांधी ने विशाल जनसभा को किया संबोधित, बोले

# 15 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा, 10 लाख रोजगार, 450 में गैस सिलेंडर





प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** मानगो के गांधी मैदान में राहुल गांधी ने सभा में ऐलान किया कि झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी स्वास्थ्य बीमा जनता को मिलेगा। यह स्वास्थ्य बीमा 15 लाख रुपए तक का होगा। 450 रुपए में एक गैस सिलेंडर दिया जाएगा। किसानों का धान 3200 रुपए प्रति क्विंटल पर खरीदा जाएगा। महिलाओं के खाते में 2500 रुपए प्रति माह भेजे जाएंगे। 10 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। सभा से राहुल गांधी ने कांग्रेस प्रत्याशी जमशेदपुर पश्चिमी से बन्ना गुप्ता और जमशेदपुर पूर्वी से डॉ अजय कुमार को भारी मतों जिताने की अपील की। मानगो में राहुल गांधी की सभा में खचाखच भीड़ रही। राहुल गांधी मंच पर पहुंचे तो फौरन उन्होंने माइक पकड़ लिया। बीच में सामने स्थित मस्जिद से अजान हुई तो राहुल गांधी ने अपना भाषण रोक दिया और अजान के बाद दोबारा बोलना शुरू किया।

**संविधान खत्म करना दूर छूने नहीं देंगे**

राहुल ने कहा कि उन्होंने लोकसभा में नरेंद्र मोदी से कह दिया है कि आरक्षण का दायरा 50 फीसद से ज्यादा ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि लिख कर ले लो जाति जनगणना कराएंगे। राहुल ने कहा कि भाजपा और आरएसएस संविधान खत्म करना चाहती है। खत्म करने की बात तो दूर हम संविधान छूने नहीं देंगे।

**लिख कर ले लो नरेंद्र मोदी को एक दिन हराएंगे**

यह लंबी लड़ाई है। हम नरेंद्र मोदी को हराएंगे। राहुल गांधी ने कहा कि वह नरेंद्र मोदी से नहीं डरते। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि 90 फीसद फायदा गरीब जनता को मिले। उन्होंने जनता से कहा कि फ्लाईओवर आप बनाते हो। इमारतें आप बनाते हो। जिन इमारतों में आप जाते हो वहां आपको घुसने नहीं देते।

**देश में आपकी भागीदारी नहीं**

देश में आपकी भागीदारी नहीं। राहुल ने जनता से कहा कि कभी टीवी पर किसान दिखा है। टीवी पर किसान नहीं दिखेंगे। किसान की समस्या नहीं दिखेगी। आपकी समस्या नहीं दिखेगी। अंबानी की शादी टीवी पर दिख जाएगी। राहुल गांधी ने कहा कि देश का बजट जब बनता है। भारत का धन 90 अफसर बांटते हैं। इन अफसर में एक आदिवासी, तीन ओबीसी और तीन दलित हैं। ओबीसी की आबादी 50 फीसदी है। हमने पता लगाया कि किस अफसर ने स्वास्थ्य बीमा जनता को मिलेगा कितना धन बांटने का निर्णय लिया। 100 रुपए सरकार बांटती है तो ओबीसी अफसर 5 रुपए का निर्णय लेते हैं। आदिवासी अफसर एक रुपए का फैसला लेते हैं।

**ओबीसी का आरक्षण करेंगे 27 प्रतिशत**

उन्होंने कहा कि जब इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तो वह दलित, पिछड़े और आदिवासी सब का रिजर्वेशन सीमा बढाएंगे। आरक्षण का प्रतिशत 50 प्रतिशत से अधिक ले जाएंगे। दलित आरक्षण का प्रतिशत 10 से बढ़कर 12 प्रतिशत करेंगे। आदिवासी आरक्षण का प्रतिशत 26 से बढ़कर 28 करेंगे और ओबीसी आरक्षण का प्रतिशत 24 से बढ़कर 27 कर देंगे। राहुल गांधी ने जीएसटी पर भी सवाल उठाया। राहुल ने कहा कि जातिगत जनगणना कराएंगे। पता लगाएंगे कि कितने दलित हैं। कितने पिछड़े वर्ग के लोग हैं। नौकरी में कितने अल्पसंख्यक हैं।

**डिग्री कॉलेज हर प्रखंड में खोलेंगे**

राहुल गांधी ने कहा कि उनकी सरकार बनी तो हर प्रखंड में डिग्री कालेज खोले जाएंगे। 10 लाख लोगों को रोजगार देंगे। किसानों से 3200 रुपए प्रति क्विंटल के रेट पर धान खरीदेंगे। चुनाव जीतने के बाद महिलाओं के खाते में 2500 रुपए जाएंगे। आपके पास पैसा आएगा तो आप सामान खरीदेंगे। आप सामान खरीदेंगे तो बाजार में मांग बढ़ेगी। बाजार में मांग बढ़ेगी तो सप्लाई बढानी होगी। उत्पादन बढ़ेगा। इसके लिए फैक्ट्रियां खोली जाएंगी। फैक्ट्री खुलेगी तो जनता को रोजगार मिलेगा। इसीलिए हम आपके बैंक अकाउंट में नकद पैसे भेजने जा रहे हैं।

**मोदी ने अडानी व अंबानी का 16 लाख करोड़ रुपए किया माफ**

पीएम नरेंद्र मोदी ने आपका कितना कर्ज माफ किया है। अडानी व अंबानी का 16 लाख करोड़ रुपए माफ किया है। जितना कर्ज यह अडानी अंबानी का माफ करेंगे उतना हम जनता के एकाउंट में डालेंगे। 450 रुपए में गैस सिलेंडर मिलेगा।

**गरीब, अडानी के बराबर जीएसटी क्यों देगा**

राहुल गांधी ने कहा कि जीएसटी व नोट बंदी गरीबों को मारने के हथियार हैं। गरीब को हर चीज पर जीएसटी देनी होती है। राहुल गांधी ने सभा में मौजूद एक शख्स को आवाज देकर मुखातिब किया और कहा कि इन्होंने टीशर्ट खरीदने में जो जीएसटी दिया है उतना ही अडानी भी जीएसटी देते हैं। अडानी की आमदनी खूब है। गरीब मेहनत कर दो पैसा कमाता है और अडानी के बराबर जीएसटी क्यों देगा।

**भाजपा-आरएसएस से है विचार धारा की लड़ाई**

राहुल गांधी ने कहा कि लड़ाई विचार धारा की है। एक तरफ कांग्रेस, जेएमएम और राजद के रूप में इंडिया गठबंधन है। तो दूसरी तरफ, भाजपा और आरएसएस हैं। एक तरफ मुहब्बत है तो दूसरी तरफ नफरत का कारोबार। राहुल गांधी ने अपना संबोधन खत्म करने से पहले कहा कि झारखंड में फिर इंडिया गठबंधन की सरकार बनने वाली है। उन्होंने जनता से कहा कि आपके लिए हमारे दरवाजे खुले हैं। यहां भी दिल्ली में भी।

**मंच पर मौजूद रहें :** मंच पर के. सी. वेणुगोपाल, प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, सह प्रभारी सप्तगिरी शंकर उल्का, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पप्पू यादव सांसद, जेएमएम नेता सुप्रियो भट्टाचार्य, राजद अध्यक्ष सुभाष यादव, सीपीआई सचिव अम्बुज ठाकुर, माले नेता ओम प्रकाश सिंह, विनीता मिश्रा आप पार्टी, अशोक चौधरी, रामाश्रय प्रसाद आदि मौजूद थे

**बन्ना ने जनता से पूछा बताओ सेवा की या नहीं**

इसके पहले स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने जनता को संबोधित किया। उन्होंने राहुल गांधी के सामने ही लोगों से पूछा बताओ हमने आपकी सेवा की है या नहीं। राहुल गांधी जब गांधी मैदान में गेट से अंदर घुस रहे थे तब डा. अजय कुमार ने जनता को संबोधित किया और अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। मंच पर पहुंचने के बाद राहुल गांधी ने पप्पू यादव से हाथ मिलाया। वह जमशेदपुर पश्चिम से उम्मीदवार बन्ना गुप्ता और जमशेदपुर पूर्वी से उम्मीदवार डा अजय से भी मिले। इसके पहले जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने जनता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि साल 2019 में जेएमएम ने कोल्हान में लूटने वाली ताकतों को खत्म कर दिया था। उनका इशारा भाजपा की तरफ था। भाजपा को कोल्हान में 2019 में एक भी सीट नहीं मिली थी। बिहार के पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव बोले सदम में हम जनता की लड़ाई लड़ेंगे।

## मानगो में तीन दिवसीय 25वां श्याम जन्मोत्सव 11 से 13 नवम्बर तक

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री श्याम मित्र मंडल मानगो द्वारा तीन दिवसीय 25वां श्री श्री श्याम जन्मोत्सव 2024 का आयोजन 11 से 13 नवम्बर को धुमधाम से मनाया जायेगा। कार्यक्रम मानगो न्यू पुरूलिया रोड़ स्थित श्याम भवन में होगा। इस संबंध में संस्था के अध्यक्ष महावीर प्रसाद अग्रवाल ने शनिवार को प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर बताया कि प्रथम दिन सोमवार को सुबह 09.10 बजे से श्री श्याम अखंड ज्योत पाठ और शाम को 07.15 बजे से श्री श्याम पाठ का सागार होगा। विजय शर्मा एण्ड पार्टी कथा का वाचन करेंगें। श्याम अखण्ड पाठ में लगभग 500 महिलाएं शामिल होगी। दूसरे दिन मंगलवार को ज्योत प्रज्जवलन शाम को 08.15 बजे होगा। रात्रि 09.15 बजे से आमंत्रित कलाकार युगल जोड़ी रिया एवं रिशु के सी अग्रवाल (नेपाल), राहुल सोनी (भागलपुर), जय श्री एण्ड पार्टी (कोलकात्ता) तथा गंगा शर्मा (दरभंगा) के द्वारा भजनों की अमृत वर्षा की जायेगी, जो श्याम बाबा की इच्छा तक देर रात तक कार्यक्रम चलेगा।

## सैमसंग के गैलेक्सी जेड फोल्ड 6 और जेड फ्लिप 6 पर शानदार फेस्टिव ऑफर्स




**जमशेदपुर/रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने छठी जनरेशन के फोल्डेबल स्मार्टफोन्स, गैलेक्सी जेड फोल्ड 6 और गैलेक्सी जेड फ्लिप 6 पर विशेष फेस्टिव ऑफर्स की घोषणा की है। गैलेक्सी जेड फोल्ड 6 अब 1,44,999 रुपये में उपलब्ध है (मूल्य 1,64,999 रुपये) और 24 महीने की नो-कॉस्ट ईएमआई का विकल्प भी है। इसी तरह, गैलेक्सी जेड फ्लिप 6 को अब 89,999 रुपये में खरीदा जा सकता है (मूल्य 1,09,999 रुपये), जो 24 महीने की नो-कॉस्ट ईएमआई के साथ आता है। इच्छुक ग्राहक जेड फ्लिप 6 को 2,500 रुपये और जेड फोल्ड6 को 4,028 रुपये की मासिक किस्तों में भी ले सकते हैं।

## युवा बैले सितारों ने बिखेरी चमक



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ला वी एन रोज़ डांस स्टूडियो ने एक अद्भुत बैले प्रदर्शन के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसमें 4 से 17 वर्ष की आयु के 35 युवा नर्तकियों ने अपनी प्रतिभा का जादू बिखेरा। प्रसिद्ध बैले प्रशिक्षक कैमिली वांडेवाघे सहाय और अश्विन सहाय के मार्गदर्शन में इन युवा कलाकारों ने महीनों की मेहनत और समर्पण का परिचय दिया। पेरिस से आई कैमिली वांडेवाघे सहाय ने अपने बैले के ज्ञान को जमशेदपुर में लाकर इस कला के प्रति एक नई जागरूकता और प्रशंसा को प्रेरित किया है। अश्विन सहाय के साथ उनके सहयोग ने ला वी एन रोज़ में एक सहायक और जुनूनी वातावरण तैयार किया है, जहां इन युवा प्रतिभाओं को निखरने का मौका मिला है।

## बुरे फंसे जयराम महतो व विनोद स्वांसी, देर शाम तक सभा करने पर बोड़ाम थाना में प्राथमिकी दर्ज



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के जुगसलाई विधानसभा सीट से प्रत्याशी विनोद स्वांसी के समर्थन में शुक्रवार को बोड़ाम में आयोजित विशाल महासंकल्प सभा की सफलता से जहां पार्टी कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं वहीं देर शाम तक सभा करने पर पार्टी सुप्रीमो जयराम महतो व प्रत्याशी विनोद स्वांसी के खिलाफ चुनाव आयोग के निर्देश पर एफएसटी की शिकायत पर बोड़ाम थाना में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की प्राथमिकी दर्ज की गई है। सूत्रों के अनुसार पार्टी की ओर से दोपहर 1 बजे से 5 तक की ही अनुमति चुनाव आयोग से ली गई थी लेकिन टाइगर जयराम महतो शाम 6.30 बजे बोड़ाम पहुंचे थे और शाम 7.30 बजे कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसकी लगातार ऑनलाइन शिकायत जुगसलाई सीट से प्रमुख प्रतिद्वंदी दल आजसू की ओर से चुनाव आयोग के पास की गई थी। जयराम महतो के लिए भले ही यह मामला कोई नया नहीं है लेकिन जिंदगी में कभी 107 का भी केस नहीं खाने वाले विनोद स्वांसी को राजनीति में आने के बाद उनका यह पहला केस है। इस संबंध में प्रतिक्रिया देते हुए जेएलकेएम के पूर्वी सिंहभूम जिला प्रवक्ता फनी महतो ने कहा कि टाइगर जयराम महतो व हमारे प्रत्याशी विनोद स्वांसी की बढ़ती लोकप्रियता से आजसू के प्रत्याशी घबरा गए हैं और संभावित हार के डर से बौखलाहट में ही साजिश के तहत यह केस करवाया गया है।

## झारखंड के लोग हेमन्त सरकार से है त्रस्त : श्रवण कुमार



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के चंद्रावती नगर मानगों के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी सरयु राय को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाया। भ्रमण के क्रम में लोगों ने बताया कि हमलोग सत्ता पोषित लोगों के द्वारा की जा रही बालू की कालाबाजारी से काफी परेशान हैं. हमलोग वर्तमान की भ्रष्ट हेमंत सोरेन सरकार से त्रस्त है, बेरोज़गारी बढ़ी है झारखंड सरकार के कई विभागों में लाखों रिक्तियों को भरने का कोई ध्यान तक नहीं दे पाई है। संविदा पर चिकित्सा पदाधिकारी को बहाल कर सरकार डाक्टरों के साथ मजाक कर रही है। वर्तमान में क्षेत्र के विधायक और सरकार में मंत्री बन्ना गुप्ता काम करने के बजाय जनता को दिग्भ्रमित कर रहें हैं। इस अवसर पर जदयू नेता किसान प्रकोष्ठ के त्रिनयन कुमार, जदयू नालन्दा के मुख्य प्रवक्ता डा धनंजय कु देव, शैलेन्द्र माहतो, शैलेश कुमार, सुमित कुमार अनूप सिंह पटेल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जमशेदपुर में गृह मंत्री अमित शाह ने सरयू और पूर्णिमा के समर्थन में किया भव्य रोड शो




प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर। शनिवार को गृह मंत्री अमित शाह ने जमशेदपुर में विशाल रोड शो कर भाजपा के चुनावी अभियान को धार दी। अमित शाह ने जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी सरयू राय और पूर्वी विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू के समर्थन में भव्य रोड शो किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और शहरवासियों का भारी जनसैलाब देखने को मिला। अमित शाह ने रथ पर सवार होकर जय श्रीराम के उद्घोष से रोड शो की शुरुआत की। रोड शो की शुरुआत साकची के जुबिली पार्क गोलचक्कर से हुई और बाराद्वारी तक पूरे उत्साह के साथ निकाला गया। शो के दौरान गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा झारखंड प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष रबिन्द्र राय, पूर्वी विधानसभा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू, पश्चिम विधानसभा प्रत्याशी सरयू राय एवं जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो भाजपा के रंगों में सजाए गए रथ पर सवार होकर जनता का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। पूरे मार्ग में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक हाथों में पार्टी के झंडे लहराते हुए जय श्री राम और भाजपा जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। रोड शो के दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों ने अमित शाह का स्वागत किया। कई जगहों पर स्वागत मंच बनाए गए थे, जहां से पुष्पवर्षा की गई। शहरवासियों ने अमित शाह के सम्मान में भावनाओं का सजीव प्रदर्शन किया। विभिन्न प्रान्तों की झांकी, नृत्य के मिनी इंडिया की झलक सड़कों पर दिखाई पड़ रही थी। रोड शो में उमड़े भारी जनसैलाब और कार्यकर्ताओं के जोश ने यह संकेत दिया कि झारखंड में भाजपा का जनाधार काफी मजबूत है। इस दौरान भाजपा के सभी वरीय नेताओं के साथ मंडल अध्यक्ष एवं बूथों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डॉ. अजय ने अपने क्षेत्र में जनसम्पर्क अभियान किया तेज, लोग दे रहें अपार जन समर्थन

### - गली मुहल्ले में हो रहा है वीर बनाम बहुरानी की तुलनात्मक बातों की चर्चा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्वी विधानसभा का राजनीतिक तापमान लगातार बढ़ रहा है. जैसे जैसे मतदान के दिन नजदीक आ रहा है, वैसे वैसे लोगों के विचार भी बदल रहे है. लोग अब वीर बनाम बहुरानी की तुलनात्मक बातों की चर्चा कर रहे हैं. लोगों का मानना है कि बहुरानी के पीछे वहीं लोग काम कर रहे हैं. जो लगातार 25 वर्षो तक जमशेदपुर पूर्वी में शासन किए. जबकि कांग्रेस प्रत्याशी डा. अजय कुमार ने 1994 में जमशेदपुर से अपराधियों का सफाया किया था. सांसद के तौर पर भी उनका कार्यकाल बहुत अच्छा रहा था. उन्होंने जमशेदपुर की जनता को दिखाया कि जनप्रतिनिधि का कार्यालय आम लोगों के लिए 24 घंटे खुला होना चाहिए. उन्होंने करके दिखाया था. इसलिए यदि उन्हें एक मौका दिया जाए तो निश्चित रुप से वो जमशेदपुर को सुरक्षित एवं विकसीत बना सकते है. उनमे वो जज्बा भी है और विजन भी है. सबसे महत्वपूर्ण बात है कि बेदाग है ईमानदार के साथ ही कर्मठ है. वो पूर्व आइपीएस हैं. वे सिस्टम को बेहतर ढ़ग से समझते है. इन्हीं बातों को लेकर जनता का झुकाव इस बार डा. अजय कुमार के पक्ष में है.

**बागुनहातू,भालूबासा,बर्मामाइन्स ,केबुल टाउन,गोलमुरी में चला जनसम्पर्क अभियान**

कांग्रेस प्रत्याशी डा. अजय ने शनिवार को बागुनहातू, भालूबासा, बर्मामाइन्स, केबुल टाउन, गोलमुरी में जनसम्पर्क अभियान चलाया. इस दौरान लोगों ने उनका स्वागत किया. लोगों का उत्साह देखते बन रहा था. हर व्यक्ति उनके के साथ फोटो खिंचा रहा था, लोगों में गजब का उत्साह था. लोगों ने कहा कि इस

## बीजेपी को वोट नहीं देने वाले को गद्दार कहना पूरे जमशेदपुर की जनता का अपमान है : ऋषभ रंजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम भाजपा के फ़ेसबुक सोशल मीडिया हैंडल द्वारा मुखी समाज को ग़द्दार और देशद्रोही कहे जाने के बाद आम लोगों में रोष व्याप्त है। इससे भाजपा का असली एससी विरोधी चरित्र खुल कर सामने आ गया है। भाजपा के रवैये से सिर्फ मुखी समाज ही नहीं बल्कि पूरे का एससी समाज में रोष है।

**माफी मांगे भाजपा वर्ना चुनाव में होगा भारी नुकसान - लखिंदर करुआ**

मीडिया को संबोधित करते हुए एससी सेल के ज़िला अध्यक्ष लखिंदर करुआ ने कहा की भाजपा ने ही एससी समाज के जाति प्रमाण पत्र का हक़ छीना था। हमारे समाज को ग़द्दार और देश विरोधी कहने पर भाजपा को इस चुनाव में मुँह की खानी पड़ेगी। भाजपा आधिकारिक रूप ने पूरे एससी समाज से माफी मांगे।

**सम्मान नहीं तो वोट नहीं - शेखर रजक**

वहीं एससी सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष शेखर रजक ने साफ़ तौर पर भाजपा के खिलाफ वोट देने की अपील की। उनका कहना है सम्मान नहीं तो वोट नहीं। जिस समाज से सेना में और देश के फोर्स में जवान जा रहे हैं उस समाज को सिर्फ बीजेपी को वोट नहीं करने पर ग़द्दार और देश द्रोही कहा जाना कहां तक उचित है? वहीं रविदास प्रगति संघ के जवाहर लाल ने कहा, ये रघुवर दास की सरकार ही थी जिसने फ़रवरी 2019 में जाति प्रमाण पत्र के हक़ को छीना था जिससे पूरे समाज को कोई भी कल्याणकारी योजना का लाभ नहीं मिल रहा था। जिसके बाद हेमंत सरकार ने पिछले विधानसभा सत्र में उनको ये हक़ दिया।

ऋ षभ रंजन ने कहा, जो समाज वोट ना दें उसे ग़द्दार और देशविरोधी कहना सिर्फ एससी समाज नहीं बल्कि पूरे जमशेदपुर की जनता का अपमान है। उल्लेखनीय है कि सीएनटी और एसपीटी एक्ट में सिर्फ कुछ मिनटों में रघुवर दास ने संशोधन कर महामहिम राष्ट्पति को भेज दिया था। जिसके बाद राष्ट्पति ने जन विरोधी नीति को ख़ारिज कर दिया। ऐसा ही 2018 में एससी/एससटी एक्ट में उसके कड़े क़ानून को धूमिल करने की कोशिश मोदी सरकार ने की थी। इस अवसर पर पारस मुखी एवं कमलेश मुखी सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

## जुगसलाई के ढाई लाख खतियानी वोटरों पर जेएलकेएम की नजर, दे सकता है चौंकाने वाला परिणाम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** झारखंड राज्य विधानसभा चुनाव में वैसे तो सबसे अधिक प्रत्याशी उतारने वाली पार्टी के रूप में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) की चर्चा है। उसमें भी 13 नवंबर को पहले चरण में कोल्हान प्रमंडल की सभी 14 सीटों में से अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित जुगसलाई की सीट पर जेएलकेएम पार्टी सुप्रीमो जयराम महतो व उनके कार्यकर्ताओं के लिए प्रतिष्ठा की सीट बन चुकी है। क्योंकि कोल्हान में सबसे अधिक कुड़मियों की आबादी इसी सीट पर मानी जाती है जो इस पार्टी का सबसे बड़ा आधार है। इसके अलावा अन्य कई जातियां भी हैं जो खतियानी आंदोलन से जयराम महतो के जेबीकेएसएस के समय से जुड़ी हैं। कोल्हान में जुगसलाई को लगभग कन्फर्म सीट मानकर चल रही पार्टी के लिए एक बड़ी संभावना के रूप में खतियानी वोटरों का होना भी माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार शुक्रवार को जयराम महतो की बोड़ाम में आयोजित विधानसभा स्तरीय सभा में उमड़ी भीड़ ने जहां मुख्य मुकाबले में शामिल एनडीए और इंडिया गठबंधन की नींद उड़ा दी है वहीं जेएलकेएम के लिए यह काफी उत्साहजनक है। फिलहाल उनके नेता व कार्यकर्ताओं से लेकर प्रत्याशी को यहां से जीत की संभावना दिखने लगी है इसलिए पार्टी के रणनीतिकारों ने और अधिक ऊर्जा के साथ जमीनी स्तर पर ध्यान देना शुरू किया है। पार्टी की रणनीति बिल्कुल ही पीके सरीखा है जो धरातल पर काम कर रही है। उसमें बिल्कुल ही माइक्रो लेबल पर ध्यान दिया जा रहा जो कि पहले शायद ही किसी पार्टी ने किया होगा। पूरे विधानसभा क्षेत्र की सभी 381 बूथों का डाटा तैयार किया जा रहा है जिसमें खतियानी, गैर खतियानी, कुड़मी, ओबीसी, माइनॉरिटी, सामान्य सभी वर्गों की कहां कितनी आबादी है, पता लगाने के बाद गुप्त तरीके से काम शुरू दिया गया है। सूत्रों के अनुसार जुगसलाई विधानसभा सीट पर करीब 3 लाख 47 हजार वोटरों में से करीब ढाई लाख वोटर हैं जिन पर पार्टी प्रमुख की पूरी नजर है और उसी संभावना पर बल दिया जा रहा है। अगर रणनीति कारगर रही तो हो सकता है कि जुगसलाई विधानसभा सीट पर 2024 का चुनाव परिणाम चौंकाने वाला हो।

राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो 8 नवंबर से पूर्व तक जेएलकेएम को उनके निशान कैंची की तरह ही वोट कटवा के रूप में अन्य पार्टियां देख रही थीं। जिसमें झामुमो को यह लग रहा था कि अगर कैंची वाले केला छाप का वोट काट देंगे तो उनके लिए राह आसान हो जाएगी लेकिन धरातल पर शत प्रतिशत वैसी स्थिति नहीं है क्योंकि टाइगर जयराम महतो का क्रेज सिर्फ कुड़मी समुदाय में ही नहीं बल्कि सभी वर्ग के लोगों में अब दिखने लगा है जो झामुमो के वोट बैंक में भी सेंधमारी कर सकता है। वहीं जुगसलाई के अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में भी करीब एक लाख खतियानी वोटर हैं जो जेएलकेएम के लिए बड़ी संभावना के रूप में देखा जा रहा है। जैसे जैसे चुनाव की तिथि नजदीक आ रही है वैसे वैसे जुगसलाई में मुकाबला त्रिकोणीय और रोमांचक होता जा रहा है।

विचार प्रवाह

संपादकीय

## क्या कनाडा 'खालिस्तान' है?

**क्या** कनाडा खालिस्तानी देश बन गया है? खालिस्तान समर्थक गुंडों और अतिवादियों ने जिस तरह दो हिंदू मंदिरों में घुस कर उत्पात मचाया। हिंसा में महिलाओं और बच्चों तक को नहीं छोड़ा। हिंसा के ऐसे सिलसिले जारी रहें, कनाडा के हिंदू मंदिरों पर हमले बढ़ते रहें, प्रधानमंत्री ट्रूडो खालिस्तानी अतिवादियों के खिलाफ एक भी शब्द न बोलें, कार्रवाई करना तो दूर की कौड़ी है, तो उस देश को क्या मानेंगे? जब 2021 में ट्रूडो तीसरी बार प्रधानमंत्री बने, लेकिन स्पष्ट बहुमत नहीं मिल सका, तो उन्हें खालिस्तान समर्थकों के सहारे ही सरकार बनानी पड़ी। कनाडा में खालिस्तानी निरंकुश होते गए और सरकार में उनका दखल बढ़ता रहा। खालिस्तानी गुंडों ने गौरीशंकर, जगन्नाथ, विष्णु, लक्ष्मीनारायण और रामधाम आदि मंदिरों पर हमले किए। दैवीय समेत महात्मा गांधी की प्रतिमाओं को तोड़ा, गोलीबारी की और हिंदुत्व को अपमानित किया। कनाडा में करीब 9.5 लाख हिंदू रहते हैं। अधिकतर कनाडा के ही नागरिक हैं। जाहिर है कि वे अल्पसंख्यक भी हैं। आश्चर्य है कि कनाडा समेत अमरीका, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया सरीखे बड़े देश इन हमलों के मद्देनजर न तो हिंदुओं के मानवाधिकार और अभिव्यक्ति की आजादी की बात करते हैं और न ही खालिस्तानी अतिवाद की भर्त्सना करते हुए कनाडा का विरोध करते हैं। इन सभी देशों के साथ भारत के 'रणनीतिक साझेदार' के संबंध हैं और रहे हैं। यदि ऐसी ही हिंसा भारत में हो जाए, तो सभी पश्चिमी देश मुसलमानों और ईसाइयों के सामाजिक मानवाधिकारों का प्रलाप करने लगेंगे। भारत को नसीहत देने लगेंगे और कुछ चेताएंगे भी। सवाल यह है कि कनाडा में खालिस्तान के हमलावर समर्थकों को हिंदुओं से ऐसी नफरत क्यों है कि वे मंदिरों पर लगातार हमले कर रहे हैं और श्रद्धालुओं के साथ मारपीट भी करते हैं? ऐसी कोई परंपरागत दुश्मनी भी नहीं है। दोनों समुदाय मूलतः भारतीय हैं। सिखों की मानसिकता तो धर्मनिरपेक्ष है और अधिकतर सिख 'खालिस्तान' के पक्षधर और समर्थक भी नहीं हैं। बीते रविवार को जो हंगामा हुआ, हिंसा की गई, उसमें भारत के राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगे' का भी कुचल-कुचल कर अपमान किया गया। खालिस्तान न तो कोई देश है, न ही उसका कोई संविधान है और न ही उसका कोई अधिकृत झंडा है, लेकिन कनाडा की पुलिस खालिस्तान के कथित झंडे की ऐसी सुरक्षा कर रही थी मानो वह मान्यता प्राप्त देश का राष्ट्रीय ध्वज हो! उस झंडे के लिए हिंदुओं को हडक़ाया जा रहा था कि उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। बहरहाल 'वैश्विक मानव स्वतंत्रता सूचकांक' में कनाडा का स्थान 13वां है। धार्मिक आजादी और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को वहां बड़ा महत्व दिया जाता रहा है। फिर ये हिंदू पूजास्थलों पर हमले और हिंसा क्यों किए जा रहे हैं? दरअसल भारत-कनाडा के राजनयिक रिश्ते इतने बिगड़ चुके हैं कि दोनों देशों ने, अन्य देश के, राजनयिकों को देश से निकाल दिया। दोनों ने अपने-अपने उच्चायुक्तों को भी वापस बुला लिया। भारत ने उनकी सुरक्षा के संदर्भ में ट्रूडो सरकार पर भरोसा नहीं किया। कनाडा ने भारत को उस श्रेणी के देशों में डाल दिया है, जिसमें ईरान और उत्तरी कोरिया जैसे देश हैं। क्या खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से ही दोनों देशों के संबंध इतने बिगड़े हैं? कनाडा आज तक एक भी सबूत नहीं दे पाया है कि निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंसियों का हाथ था। बल्कि अमरीका ने भी बार-बार भारत से आग्रह किया है कि वह कनाडा की जांच में सहयोग करे, लेकिन खालिस्तानी अतिवादियों की हिंसा के संदर्भ में अमरीका कनाडा को कोई परामर्श नहीं देता कि मानवीय हिंसा नहीं होनी चाहिए। अमरीका में कथित खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू खुलेआम सक्रिय है। अमरीका उसे वकील और बौद्धिक-सामाजिक शख्सियत करार देता रहा है। 'आतंकवादी' को लेकर अमरीका समेत पश्चिमी देशों और भारत की परिभाषाएं भिन्न हैं। बहरहाल इन घटनाओं पर भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है- 'हिंदू मंदिरों पर जानबूझ कर किए गए हमलों की मैं कड़ी निदा करता हूं। हमारे राजनयिकों को धमकाने की कायरतापूर्ण कोशिशें भी भयावह हैं। ऐसे कृत्य भारत के संकल्प को कमजोर नहीं कर पाएंगे। उम्मीद है कि कनाडा की सरकार न्याय सुनिश्चित करेगी।'

> हिंसा के ऐसे सिलसिले जारी रहें, कनाडा के हिंदू मंदिरों पर हमले बढ़ते रहें, प्रधानमंत्री ट्रूडो खालिस्तानी अतिवादियों के खिलाफ एक भी शब्द न बोलें, कार्रवाई करना तो दूर की कौड़ी है, तो उस देश को क्या मानेंगे? जब 2021 में ट्रूडो तीसरी बार प्रधानमंत्री बने, लेकिन स्पष्ट बहुमत नहीं मिल सका, तो उन्हें खालिस्तान समर्थकों के सहारे ही सरकार बनानी पड़ी। कनाडा में खालिस्तानी निरंकुश होते गए और सरकार में उनका दखल बढ़ता रहा। खालिस्तानी गुंडों ने गौरीशंकर, जगन्नाथ, विष्णु, लक्ष्मीनारायण और रामधाम आदि मंदिरों पर हमले किए। दैवीय समेत महात्मा गांधी की प्रतिमाओं को तोड़ा, गोलीबारी की और हिंदुत्व को अपमानित किया। कनाडा में करीब 9.5 लाख हिंदू रहते हैं। अधिकतर कनाडा के ही नागरिक हैं। जाहिर है कि वे अल्पसंख्यक भी हैं।

### भूख मिटाने के लिए चोरी चकारी एवं हिंसा जैसी गतिविधियों में लिप्त होने लगता है

## भारत की आर्थिक प्रगति में समाज से अपेक्षा

प्रहलाद सबनानी

**विश्व** के लगभग समस्त देशों में पूंजीवादी मॉडल को अपनाकर आर्थिक विकास को गति देने का प्रयास पिछले 100 वर्षों से भी अधिक समय से हो रहा है। पूंजीवाद की यह विशेषता है कि व्यक्ति केवल अपनी प्रगति के बारे में ही विचार करता है और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी के एहसास को भूल जाता है। जिससे, विभिन्न आर्थिक गतिविधियों के चलते समाज में असमानता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। विनिर्माण इकाईयों में मशीनों के अधिक उपयोग से उत्पादन में तो वृद्धि होती है परंतु रोजगार के पर्याप्त अवसर निर्मित नहीं हो पाते हैं। रोजगार की उपलब्धता में कमी के चलते समाज में कई प्रकार की बुराईयां जन्म लेने लगती हैं क्योंकि यदि किसी नागरिक के पास रोजगार ही नहीं होगा तो वह अपनी भूख मिटाने के लिए चोरी चकारी एवं हिंसा जैसी गतिविधियों में लिप्त होने लगता है। पूंजीवाद की नीतियों के अनुपालन के चलते वर्तमान में विश्व के कई देशों में सामाजिक तानाबाना छिन्न भिन्न हो रहा है। परंतु, प्राचीनकाल में भारत में उपयोग में लाए जा रहे आर्थिक मॉडल को अपनाए जाने के कारण भारत में प्रत्येक नागरिक को रोजगार उपलब्ध रहता था। भारत में अतिप्राचीन काल से ग्रामीण क्षेत्र ही विकास के केंद्र रहते आए हैं। भारत का कृषि क्षेत्र तो विकसित था ही, साथ में, कुटीर उद्योग भी अपने चरम पर था। पीढ़ी दर पीढ़ी व्यवसाय को आगे बढ़ाया जाता था। नौकरी शब्द तो शायद उपयोग में था ही नहीं क्योंकि परिवार के सदस्य ही अपने पुरखों के व्यवसाय को आगे बढ़ाने में रुचि लेते थे अतः भारत के प्राचीन काल में नागरिक उद्यमी थे। नौकरी को तो निकृष्ट कार्य की श्रेणी में रखा जाता था। भारत में भी आर्थिक विकास की दर में तेजी तो दृष्टिगोचर है तथा प्रति व्यक्ति आय में भी वृद्धि हो रही है और आज यह लगभग 2500 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष हो गई है। प्रति व्यक्ति आय यदि 14000 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष हो जाती है तो भारत विकसित राष्ट्र की श्रेणी में शामिल हो जाएगा। अतः प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने के लिए भारत में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों की आय में वृद्धि करने पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। भारत में आर्थिक विकास के साथ साथ मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या भी बढ़ रही है। परंतु, साथ में आय की असमानता की खाई भी चौड़ी हो रही है, क्योंकि उच्चवर्गीय एवं उच्च मध्यमवर्गीय परिवारों की आय तुलनात्मक

> पूंजीवाद की यह विशेषता है कि व्यक्ति केवल अपनी प्रगति के बारे में ही विचार करता है और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी के एहसास को भूल जाता है। जिससे, विभिन्न आर्थिक गतिविधियों के चलते समाज में असमानता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। विनिर्माण इकाईयों में मशीनों के अधिक उपयोग से उत्पादन में तो वृद्धि होती है परंतु रोजगार के पर्याप्त अवसर निर्मित नहीं हो पाते हैं।



रूप से तेज गति से बढ़ रही है। हालांकि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा गरीब वर्ग, विशेष रूप से गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों, के लिए कई विशेष योजनाएं चलाई जा रही हैं और इसका असर भी धरातल पर दिखाई दे रहा है। हाल ही के वर्षों में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों की संख्या में भारी कमी दिखाई दी है। भारत में आर्थिक प्रगति के चलते सम्पत्ति के निर्माण की गति भी तेज हुई है। वित्तीय वर्ष 2023 के अंत में आयकर विभाग में जमा की गई विवरणियों के अनुसार, 230,000 नागरिकों ने अपनी कर योग्य आय को एक करोड़ रुपए से अधिक की बताया है। यह संख्या पिछले 10 वर्षों के दौरान 5 गुणा बढ़ी है। वित्तीय वर्ष 2012-13 में 44,078 नागरिकों ने अपनी कर योग्य आय को एक करोड़ रुपए से अधिक की घोषित किया था। उक्त आंकड़ों में वेतन पाने वाले नागरिकों का प्रतिशत वित्तीय वर्ष 2022-23 में 52 प्रतिशत रहा है, वित्तीय वर्ष 2021-22 में यह 49.2 प्रतिशत था तथा वित्तीय वर्ष 2012-13 में यह प्रतिशत 51 प्रतिशत था। इस प्रकार एक करोड़ रुपए से अधिक का वेतन पाने वाले नागरिकों की संख्या में कोई परिवर्तन नहीं आया है। जबकि व्यवसाय करने वाले नागरिकों की आय और अधिक तेज गति से बढ़ी है। 500 करोड़ रुपए से अधिक की कर योग्य आय घोषित करने वाले नागरिकों में समस्त करदाता व्यवसायी हैं। 100 करोड़ रुपए से 500 करोड़ रुपए की कर योग्य आय घोषित करने वाले नागरिकों में 262 व्यवसायी हैं एवं केवल 19 वेतन पाने वाले नागरिक हैं। भारत के एक प्रतिशत नागरिकों के पास देश की 40 प्रतिशत से अधिक की सम्पत्ति है। अतः देश में आय की असमानता स्पष्टतः दिखाई दे रही है। एक अनुमान के अनुसार यदि उच्चवर्गीय एवं उच्च मध्यमवर्गीय परिवार की आय में 100 रुपए की वृद्धि होती है तो वह केवल 10 रुपए का खर्च करता है एवं 90 रुपए की बचत करता है जबकि एक गरीब परिवार की आय में यदि 100 रुपए की वृद्धि होती है तो वह 90 रुपए का खर्च करता है एवं केवल 10 रुपए की बचत करता है। इस प्रकार किसी भी देश को यदि उपभोक्ताओं की संख्या में वृद्धि करना है तो गरीब वर्ग के हाथों में अधिक धनराशि उपलब्ध करानी होगी। जबकि विकसित देशों एवं अन्य देशों में इसके ठीक विपरीत हो रहा है, उच्चवर्गीय एवं उच्च मध्यमवर्गीय परिवारों की आय में तेज गति से वृद्धि हो रही है जिसके चलते कई विकसित देशों में आज उत्पादों की मांग बढ़ने के स्थान पर कम हो रही है और इन देशों के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि की दर बहुत कम हो गई है तथा इन देशों की अर्थव्यवस्था में आज मंदी का खतरा मंडरा रहा है। उक्त परिस्थितियों के बीच वैश्विक पटल पर भारत आज एक दैदीप्यमान सितारे के रूप में चमक रहा है। भारत में आर्थिक विकास दर 8 प्रतिशत के आसपास आ गई है और इसे यदि 10 प्रतिशत के ऊपर ले जाना है तो भारत में ही उत्पादों की आंतरिक मांग उत्पन्न करनी होगी इसके लिए गरीब वर्ग की आय में वृद्धि करने सम्बंधी उपाय करने होंगे तथा रोजगार के अधिक से अधिक अवसर निर्मित करने होंगे। प्राचीनकाल में भारत में उपयोग किए जा रहे आर्थिक दर्शन को एक बार पुनः देश में लागू किए जाने की आवश्यकता है। आज भारत में शहरों को केंद्र में रखकर विकास की विभिन्न योजनाएं (स्मार्ट सिटी, आदि) बनाई जा रही है, जबकि, आज भी 60 प्रतिशत से अधिक आबादी ग्रामीण इलाकों में ही निवास करती है। इसलिए भारत को पुनः ग्रामों की ओर रूख करना होगा। न केवल कृषि क्षेत्र बल्कि ग्रामीण इलाकों में कुटीर एवं लघु उद्योगों की स्थापना की जानी चाहिए जिससे रोजगार के पर्याप्त अवसर ग्रामीण इलाकों में ही निर्मित हों और इन स्थानों पर उत्पादित की जा रही वस्तुओं के लिए बाजार भी ग्रामीण इलाकों में ही विकसित हो सकें। लगभग 50 गावों के क्लस्टर विकसित किए जा सकते हैं, इन इलाकों में निर्मित उत्पादों को इस क्लस्टर में ही बेचा जा सकता है और यदि इन इलाकों के स्थित कुटीर एवं लघु उद्योगों में उत्पादन बढ़ता है तो उसे आस पास के अन्य क्लस्टर एवं शहरों में बेचा जा सकता है। इससे स्थानीय स्तर पर ही उत्पादों की मांग को बढ़ावा मिलेगा एवं रोजगार के अवसर निर्मित होने से ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे परिवारों के शहरों की ओर पलायन को भी रोका जा सकेगा।

दृष्टि कोण

## समृद्धि के लिए कर्मचारियों में कार्य नैतिकता जरूरी

**किसी** देश या प्रदेश के आर्थिक एवं सामाजिक विकास अथवा समृद्धि के लिए यह अति आवश्यक है कि सरकारी एवं अर्द्ध-सरकारी विभागों में कार्यरत कर्मचारी एवं अधिकारी कार्य नैतिकता एवं संस्कृति से प्रेरित हों। तभी उन विभागों व संगठनों के उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सकता है। विभाग के प्रबंधन को पहले खुद कायदा-कानूनों का पालन करना पड़ता है। तभी कर्मचारी इनका अनुसरण करते हैं। कर्मचारियों को भी व्यक्तिगत एवं पेशेवर नैतिकता बनाए रखनी चाहिए। तभी लंबे समय के लिए उनके हित सुरक्षित रह सकते हैं। कर्मचारियों में कार्य नैतिकता एवं संस्कृति लाना प्रबंधन तथा कर्मचारियों के नेताओं का दायित्व है। विभागों के प्रबंधकों को भी कर्मचारियों के मौलिक अधिकारों को, जो संविधान में वर्णित हैं, मानना होगा। देश के दुर्लभ संसाधनों के उचित बंटवारे के लिए आवश्यक है कि सभी विभागों के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को कत्र्तव्यनिष्ठा व ईमानदारी से कार्य कर संगठन/संस्था के निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति करनी चाहिए। राजनेताओं को भी इन संगठनों के प्रशासकों से स्वार्थपूर्ण नीतियां नहीं बनवानी चाहिए। संगठन/संस्था समाज का अपरिहार्य हिस्सा होता है। संस्था चाहे उद्योग हो या सेवा प्रतिष्ठान हो, नैतिकता के नियम जो समाज में प्रचलित हों, उनकी समझ तथा पालना होनी चाहिए। यह विभाग के प्रबंधन का कत्र्तव्य है कि वह कार्य नैतिकता के लिए समय-समय पर कर्मचारियों को प्रेरित करे। हिमाचल प्रदेश के लोग ईमानदारी और कत्र्तव्यनिष्ठा के लिए दुनिया में जाने जाते हैं, परंतु वर्तमान में प्रदेश में भी सरकारी एवं अद्र्ध सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार ने अपने पांव पक्की तरह पसार दिए हैं तथा कार्य संस्कृति का स्तर नीचे गिर रहा है। भ्रष्टाचार सतत विकास के लिए बाधा है, क्योंकि यह साधनों को डायवर्ट करता है। जहां इनकी जरूरी सेवाओं और आर्थिक विकास में आवश्यकता होती है, वहां इनका उपयोग नहीं होता है। यह समाज तथा प्रदेश के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए सही नहीं है। इस ओर सरकार को ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि वित्तीय संकट में दुर्लभ संसाधनों का सदुपयोग तथा कार्य गुणवत्ता लाई जा सके। वैसे तो बहुत से भ्रष्टाचार के मामले रोज समाचार पत्रों में पढऩे को मिलते हैं, परंतु उनमें से मात्र कुछ यहां वर्णित केसों से पता लगता है कि हिमाचल में कर्मचारी अपने विभागों के मानदंडों तथा कार्य नैतिकता का पालन नहीं कर रहे हैं। नैतिकता की प्रेरणा ही किसी संगठन तथा संस्था को पूर्णतया सुचारू, पारदर्शी तथा नैतिक मूल्यों पर आधारित कार्यशील कर सकती है। पुलिस थाना नालागढ़ में एक दंपति के साथ पुलिस द्वारा मारपीट तथा प्रताड़ित करने के मामले में 6 पुलिस कर्मचारियों पर प्रदेश हाई कोर्ट के आदेशों पर 27 दिसंबर 2023 को मामला दर्ज किया गया। पालमपुर के कारोबारी पर पुलिस अधिकारी द्वारा जानलेवा हमला किया गया, जिसका केस हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में चल रहा है। नादौन में कार्यरत रहा एसएचओ घूसखोरी और ड्रग्स केस में विजिलैंस की ग्रिफिथ से भाग निकला, जिसे दिसंबर 2021 में विजिलेंस ने बुक किया। जवाली में कार्यरत एसडीपीओ को अगस्त 2019 में 45000 रुपए रिश्वत लेते पकड़ा गया था। लोगों को पुलिस द्वारा डराना-धमकाना तो सामान्य बात हो गई है। पुलिस मुख्यालय की संदिग्ध सत्यनिष्ठा की लिस्ट में 121 पुलिस कर्मचारी हैं। ये कांस्टेबल से लेकर इंस्पेक्टर तक हैं। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने हमीरपुर जिला के एक पटवारी को जमीन से संबंधित कागजात बनाने की एवज में 1000 रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में 3 अक्टूबर 2024 को दो साल की सजा सुनाई। पालमपुर में जाली दस्तावेजों पर राजस्व विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत से धारा 118 का उल्लंघन करते हुए गैर हिमाचली के नाम जमीन कर दी। 11 अक्टूबर 2024 को नगरोटा में कृषि प्रमाणपत्र के लिए संबंधित पटवारी ने मलां निवासी मनोज कुमार से 20000 रुपए की रिश्वत ली और पकड़ा गया। राजस्व विभाग के कर्मचारियों से तो जनता को काम करवाना एक टेढ़ी खीर है। बहुत से म्यूटेशन, जमाबंदी, अतिक्रमण, निशानदेही, हक्मी और खानगी तकसीम सहित राजस्व मामले पेंडिंग रहते हैं। फील्ड में पटवारी एवं कानूनगो सर्वेसर्वा होते हैं। वो जो चाहें, वो ही होता है, क्योंकि उच्च अधिकारी फील्ड में कम ही जाते हैं। इसलिए इस विभाग में घूसखोरी ज्यादा होने के आरोप हैं। विजिलेंस की टीम ने पिछले कुछ सालों में राजस्व विभाग के घूसखोर पकड़े।

कुछ अलग

## लक्ष्मी पूजा में ध्वस्त हूं...

**तो** जनाब! अबके भी दीपावली को हुआ यों कि हर बार की तरह दीपावली को प्रभु राम के आने पर उनके स्वागत की फुल तैयारी थी। दाल-सब्जी के तडक़े में नकली सरसों का तेल डलता रहे तो डलता रहे, पर शुद्ध सरसों के तेल के दीए तैयार थे जलने को। ताकि वे आएं तो मेरे घर में कम से कम अब राम राज की स्थापना हो। ऑफिस में दिन में दस दस चूहे खाने के बाद हर बार पेट पर हाथ फेरते सोचा, जो एक बार प्रभु राम मेरे घर दीपावली को आ जाएं तो इन चूहों को खाने पचाने से मुक्ति मिले और मैं इज्जत के साथ रिटायर हूं। बदनाम होकर बहुत नौकरी कर ली। अब मैं भी शेष निःशेष बचा बाबाओं की तरह सुधर जाऊं और मेरा बचा घर भी। वे आएं तो मैं उनकी शरण में बैठ उनकी तरह आदर्शवादी मुखिया हो जाऊं तो मेरी बीवी उनकी पत्नी की तरह। ताकि फिर ऐसा न हो कि लड़े भी वही और मुझे कोसती मायके को भी जाए वही। मित्रो! विवाह से पहले मैं विशुद्ध आदर्शवादी था, विशुद्ध शाकाहारियों की तरह। इसलिए मैंने जबसे दीपावली को राम के आने के महत्व के बारे में जाना, हर बार उनका मन से इंतजार किया। रात रात भर किया। पर वे नहीं आए तो नहीं आए। मत पूछो! तब मेरी भावनाओं को कितनी ठेस लगी होगी? इधर विवाह हुआ और ज्यों ज्यों इधर उधर की चकाचौंध में गृहस्थी का भार धीरे धीरे जैसे मेरे कमजोर सरकारी पद के कंधों पर बढने लगा तो मैं दीपावली को प्रभु राम के इंतजार की ओर से विमुख हो लक्ष्मी मां के पूजन की ओर शनैः शनैः उन्मुख होने लगा। मुझे लगा ज्यों घर सही ढंग से चलाने के लिए प्रभु राम की नहीं, मां लक्ष्मी की जरूरत हो। वैसे आदर्शों से घर नहीं चला करते जनाब! रेंगा करते हैं। जिस तरह गीता पर हाथ रखकर कसम खाने के बाद भी सच-झूठ बोल कोर्ट में केस नहीं जीते जाते, उसी तरह से लाख आदर्शों की बातें करने के बाद भी मां लक्ष्मी की ऐसी वैसी कृपा के बिना घर नहीं चला करते। खासकर आज के दौर में जब पीउन भी महाराजाओं सी मस्ती करने को अपने ऑफिस के स्टूल पर बैठा कुलांचे मार रहा हो। ज्यों ही सबसे लीडिंग अखबार में बताया मां लक्ष्मी के पूजन का विशेष मुहूर्त हम दोनों के सिर पर मंडराया तो मैं और मेरी लक्ष्मी प्रिया श्रीमती साष्टांग मां लक्ष्मी के श्री चरणों में। मेरी श्रीमती ने तो तस्वीर में विराजमान मां लक्ष्मी के चरण ऐसे पकड़ लिए कि पूछो ही मत। श्रीमती ऐसे जैसे कोई अनड्यू प्रमोशन पिपासु अपनी प्रमोशन के लिए किसी नेता के चरण पकड़ लेता है। श्रीमती ऐसे जैसे कोई अनड्यू प्रमोशन पिपासु अपनी प्रमोशन के लिए अपने बॉस के आगे-पीछे चरण पकड़े पूंछ हिलाता है। श्रीमती ऐसे जैसे कोई अनड्यू प्रमोशन प्रिय अपनी प्रमोशन के लिए गधे के चरणों में भी सहर्ष लोटपोट जाता है। ये प्रमोशन है ही कंबख्त ऐसी कुत्ती चीज! बड़े-बड़े आदर्शवादियों के मजे से गधों के आगे नाक रगड़वा देती है। क्योंकि सबको पता है कि प्रमोशन है तो धन है। धन है तो मस्त-मस्त जीवन है। मेरे जैसा नौकरी क्यों करता है? ऑफिस में आकर जनता के काम करने के लिए नहीं? न बाबा न! मौका मिलते ही प्रमोशन पाने के लिए। बचे टाइम में जहां से जो मिला, प्रभु का प्रसाद समझ खाने के लिए। और तब जितनी भी ऑनलाइन, ऑफ लाइन मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए हमारे घर में आरतियां मौजूद थीं, हम दोनों ने मिलकर बड़े तरन्नुम में गाईं। उस वक्त जो हमारे सुर-ताल को वहां आकर सूरदास भी सुनते तो वे भी दांतों तले उंगली दबा लेते। उस वक्त जो हमारे सुर-ताल को वहां आकर मीरा भी सुनतीं तो वे भी दांतों तले उंगली दबा लेतीं। उन्हें लगता कि उनका असली रैदास तो मैं हूं। इधर हम मां लक्ष्मी को लुभाने-रिझाने के लिए पूरे चालूपन वाले समर्पण से एक से एक आरती गा रहे थे कि उधर दरवाजे पर दस्तक हुई। कोई बेल पर बेल बजाते भीतर आने की परमिशन मांग रहा था, 'मे आई कम इन जी? मे आई कम इन जी?' 'बस भी करो यार बेल बजाना! कान खा कर रख दिए। देखते नहीं, अभी लक्ष्मी पूजा में व्यस्त हूं, बाद में आना', पड़ोसी ही होगा। भगवान तो माया सवारियों के घर आने से रहे।

देश दुनीया से

## महिला अस्मिता का पक्ष

**मैरिटल** रेप, यानी पत्नियों के ऊपर यौन हिंसा जायज है या फिर नाजायज, इसको लेकर चर्चा जोरों पर है। आखिर मैरिटल रेप क्या है? भारतीय न्याय संहिता के तहत अगर कोई पुरुष किसी महिला की सहमति के बगैर उसके साथ संबंध बनाता है तो यह बलात्कार है। इसके लिए कम से कम दस साल की सजा का प्रावधान है और कुछ मामलों में यह सजा उम्रकैद भी हो सकती है। हालांकि बिना सहमति के कोई व्यक्ति अगर अपनी पत्नी के साथ संबंध बनाए और अगर पत्नी की उम्र 18 साल या उससे अधिक है तो यह कानूनन बलात्कार नहीं है। इस समय यह ज्वलंत मुद्दा देश की न्याय व्यवस्था के समक्ष विचाराधीन है। भारत उन तीन दर्जन देशों में से एक है जहां शादी के बाद अपनी पत्नी से बिना मंजूरी के संबंध बनाने को बलात्कार नहीं माना जाता है। दुनिया के 185 देशों में से, 77 देशों में मैरिटल रेप पर कानून बना है। बाकी 108 देशों में से 74 देश ऐसे हैं जहां महिलाओं को रिपोर्ट दर्ज कराने का अधिकार है, जबकि भारत समेत 34 देश ऐसे हैं जहां पत्नी से रेप करने वाले पति को समाज के साथ कानून भी दोषी नहीं मानता है। इंटीमेसी यानी कामुकता और सेक्स संबंध पति-पत्नी के रिश्ते का अहम पहलू है, लेकिन अगर पति-पत्नी के बीच दुष्कर्म की बात कही जाए तो शायद कुछ लोग इसे मानने से इनकार करेंगे। लेकिन मैरिटल रेप पर हमारे देश में आए दिन चर्चाएं हो रही हैं। मैरिटल रेप यानी जब पति पर अपनी ही पत्नी के दुष्कर्म के आरोप लगें। जब पति ही पत्नी का शारीरिक शोषण करे, तो अनेक सवाल खड़े हो जाते हैं। अब आप कहेंगे कि पति-पत्नी के बीच तो शारीरिक संबंध होते ही हैं, तो फिर यह मैरिटल रेप दुष्कर्म कैसे हुआ? दरअसल मैरिटल रेप को लेकर हमारे देश में दो मत हैं। एक वर्ग का मानना है कि मैरिटल रेप जैसे कानून के आने के बाद इसका गलत इस्तेमाल किया जाएगा, क्योंकि शादी से जैसे रिश्ते में यह तय करना कि कब रेप हुआ है और कब नहीं, बेहद मुश्किल है। मैरिटल रेप के आरोपी को अपने आपको निर्दोष साबित करने में कठिनाई होगी। साथ ही कुछ पत्नियों द्वारा कानून का ज्यादातर दुरुपयोग किया जाएगा। वहीं महिला संगठन इसे महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जरूरी मानते हैं। उनका मानना है कि मैरिटल रेप स्त्री-पुरुष के बीच एक मनोविकार है। वैवाहिक जीवन में संतुष्टि का आनंद तभी मिलता है जब स्त्री और पुरुष के बीच सहमति होती है। लेकिन असहमति तमाम विद्वेष और विकारों को जन्म देती है। इस तरह की हरकत से स्त्री की निगाह में पुरुष गिर जाता है। उस स्त्री की नजरों में देवता बना पति दानव बन जाता है। यूं तो किसी भी वैवाहिक संबंध में पति और पत्नी लगातार एक-दूसरे से उचित यौन संबंध की अपेक्षा रखते हैं। हालांकि इसका मतलब यह नहीं है कि पति अपनी पत्नी के शरीर की आजादी को हिंसक तरीके से भंग कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने भी 1993 में महिलाओं के खिलाफ हिंसा संबंधी अपने घोषणापत्र में मैरिटल रेप को शामिल किया था। यूएन ने सभी देशों से कहा था कि इसे महिलाओं के साथ हिंसा के तौर पर ही देखा जाए। साथ ही, इससे जुड़े कानून बनाने की भी गुजारिश की थी। विश्लेषकों के अनुसार, चूंकि यह अपराध घर के बंद कमरों में होता है, इसलिए इसे लेकर समाज में शुरू से ही एक तरह की मौन स्वीकृति रही है। यौन हिंसा को लेकर बड़े स्तर पर अलग-अलग देशों के कानून में प्रगतिशील बदलाव देखे गए हैं। वहीं, पति द्वारा किए जाने वाले 'वैवाहिक बलात्कार' को आज भी एक सवालिया नजर से देखा जाता है। अमरीकी थिंक टैंक प्यू रिसर्च के एक सर्वे के मुताबिक, हर 10 में से 9 भारतीयों का यह मानना है कि पत्नियों को पतियों की बात माननी चाहिए। बात न मानने की सूरत में और महिलाओं की शारीरिक स्वायत्तता के हनन का नतीजा अक्सर हिंसा के रूप में सामने आता है। अब भी दुनिया के एक बड़े हिस्से में इस अवधारणा को सामाजिक स्वीकृति मिली हुई है कि शादी के रिश्ते में सेक्स के लिए सहमति का कोई महत्व नहीं है। दूसरी तरफ आज की तारीख में 150 देशों में मैरिटल रेप को अपराध घोषित किया जा चुका है। प्रथाओं के चलते, अपने देश में कुछ खास दिनों में सेक्स से परहेज अनिवार्य होता था। लेकिन ये सब अवरोध पुरुषों के लिए थे। एक तरह से यह मान कर चला जाता था कि सेक्स पर स्त्री मौन रहेगी। जब भी उसका पति उसके साथ सहवास की इच्छा व्यक्त करेगा, पत्नी ना-नुकुर नहीं कर सकती। यदि कहीं किसी स्त्री ने अपनी पहल पर पति से सेक्स की इच्छा व्यक्त की तो उसे बेहया और बेशरम कहा जाता था। स्त्री की यह स्थिति दुनिया के सभी कथित समाजों में है। अपने यहां क्या स्थिति है, हम सब भली-भांति सब कुछ शायद जानते हैं। गहराई से सोचें तो मैरिटल रेप का मसला सीधे तौर पर महिलाओं की शारीरिक आजादी से जुड़ा है। लेकिन स्त्री शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के चलते अब एक बड़ा वर्ग यह मानने लगा है कि यदि पत्नी की इच्छा नहीं हो और पुरुष उससे जबरदस्ती सेक्स करे तो यह यौन दुष्कर्म होगा। इसे मैरिटल रेप कहा जाएगा। शादीशुदा जिंदगी में पुरुषों को इस तरह के हालात से बचना चाहिए, क्योंकि यह वैवाहिक रिश्तों का एक शर्मनाक पहलू है। जब यौन संतुष्टि यौन हिंसा में बदल जाए तो स्त्री-पुरुष संबंध अच्छे नहीं हो सकते। भारत के नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 के मुताबिक, हर तीन में से एक महिला के साथ उसके पति ने शारीरिक या यौन हिंसा की थी। सबसे अधिक महिलाओं ने इस बात की शिकायत की कि इनकार करने के बावजूद पति उनके साथ जबरन यौन संबंध बनाते हैं। क्या सामाजिक दृष्टि और कानूनी नजरिए से इसे मान्यता दी जा सकती है? साल 2022 के नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के अनुसार 18 से 49 साल की 82 फीसदी शादीशुदा महिलाओं के साथ देश में उनके पति यौन हिंसा करते हैं। क्या यह जायज है या फिर आपराधिक दृष्टिकोण से मुक्त है? मानव अधिकारों के चश्मे से देखें, तो देश की सभी महिलाओं के ऊपर यौन हिंसा का स्थान नहीं होना चाहिए, चाहे वह मैरिटल रेप ही क्यों न हो।



आप का नजरीया

## पर्यटन के अशांत पहिए

**कुल्लू** घाटी के जगतसुख में तकरार की दीवार खूंखार हो गई और पार्किंग के मसले पर एक की जान चली गई। पर्यटन के पहिए अशांत होते दिखाई दे रहे हैं। ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हिमाचल की छवि को नुकसान पहुंचाती हैं। अभी ज्यादा समय नहीं हुआ जब डलहौजी व भागसूनाग की घटनाओं ने पर्यटन को बदनाम किया और इस बार जगतसुख में पार्किंग के झगड़े ने मौत का मंजर लिख दिया। जाहिर है हम पर्यटकों को बाजार में गिनते हुए यह भूल रहे हैं कि हर पर्यटक को लाने वाले पहिए को सुरक्षा की गारंटी देनी पड़ेगी। पाठकों को याद होगा कि हम समय-समय पर पांच करोड़ पर्यटकों के आंकड़े को छूने की वकालत को वाहनों की बढ़ती तादाद के साथ खतरनाक मोड़ पर देखते रहे हैं। पर्यटन, परिवहन और वाहनों की बढ़ती संख्या को सुरक्षित मानदंडों से जोडऩा होगा। हर तीन पर्यटकों के साथ अगर औसतन एक वाहन जुड़ रहा है, तो इसकी अपनी चुनौतियां हैं। अटल टनल गवाह है कि सुरंग पर्यटन ने बढ़ते वाहनों से सारे ट्रैफिक को कई-कई घंटे जाम या कछुआ चाल में फंसा दिया है। प्रदेश में पर्यटक वाहनों के अलावा स्थानीय लोगों द्वारा बढ़ते निजी वाहनों की तादाद का दबाव सडक़ पर बढ़ रहा है। भाई दूज के दिन हमारी परिवहन व्यवस्था के कई मकबरे उभर आए और सडक़ यात्रा की चक्की में समय, संसाधन और सुकून की बर्बादी के अलावा प्रदूषण में भी इजाफा हो गया। इसके साथ सडक़ों पर आवारगी व अनुशासनहीनता भी बढ़ रही है। ट्रैफिक जाम की वजह कुछ वाहन चालकों के कारण भी चुनौतीपूर्ण बन रही है। यह व्यवस्था की आपाधापी भी मानी जा सकती है। अंततः सडक़ पर वाहन चालन का शिष्टाचार सिखाएगा कौन। हमीरपुर शहर में पुलिस ने खुद से वादा और समाज ने साथ दिया, तो वहां एक सुखद संस्कृति पैदा हो रही है, लेकिन बाकी शहरों में वाहन चालकों का तांडव सडक़ों पर खेला जा रहा है। यह दीगर है कि विभिन्न फोरलेन परियोजनाओं से वाहनों की गति बढ़ रही है, लेकिन मुख्य पर्यटक व प्रशासनिक शहरों के मार्ग सुस्त रफ्तार के गवाह बन गए हैं। फोरलेन से सीधे प्रमुख शहरों को टू-लेन से जोडऩे की जरूरत के अलावा प्रदेश में पर्यटक पार्किंग की सहूलियतें बढ़ानी होंगी। बाहरी राज्यों से आने वाले ड्राइवरों के लिए हिमाचल की परिस्थितियां भिन्न व जोखिमपूर्ण हैं। ऊपर से डेस्टिनेशन पार्किंग के लिए कोई प्रयास ही नहीं हुए, नतीजतन सडक़ों पर वाहनों का डेरा बढ़ रहा है। भविष्य में ट्रांसपोर्ट नगर, शहरों में महापार्किंग, पर्यटक वाहन पार्किंग व वोल्वो बसों की पार्किंग की दिशा में नीतिगत फैसले लेने होंगे, वरना पर्यटक हलचल में पार्किंग एक अपराध हो जाएगा। यही अपराध कुल्लू घाटी को अभिशप्त करने के उदाहरण सामने ले आता है। ऐसे में हिमाचल को अपनी सडक़ों की स्थिति और सडक़ों पर अपनी छवि सुधारनी पड़ेगी। यातायात प्रबंधन की दृष्टि से पुलिस पैट्रोलिंग व सडक़ पर वाहन चालन का शिष्टाचार सिखाना पड़ेगा।

# आजसू जिला अध्यक्ष ने गारु व बरवाडीह में चलाया जनसंपर्क अभियान

## क्षेत्र का विकास एनडीए का ही सरकार कर सकती है : अमित पांडेय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने लातेहार जिले के गारु और बरवाडीह प्रखंडों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान में विजेन्द्र दास,अभिजीत कुमार सोनू,नंदन गुप्ता सहित जिला व प्रखंड स्तर के कयी पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल थे। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने एनडीए गठबंधन से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हरिकृष्ण सिंह के समर्थन में लोगों से अपील की कि वे 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में कमल फूल छाप पर वोट दें और हरिकृष्ण सिंह को विजयी बनाएं। वहीं श्री पाण्डेय ने बरवाडीह प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में डोर टू डोर अभियान चला कर स्थानीय लोगों से मुलाकात की और भाजपा कि नीतियों और विकास कार्यों के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने झारखंड के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया है। उन्होंने लोगों को यह विश्वास दिलाने का प्रयास किया कि भाजपा के उम्मीदवार हरिकृष्ण सिंह जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनेंगे और उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। कहा कि हरिकृष्ण सिंह के विजयी होने से क्षेत्र में विकास कार्यों को और गति मिलेगी। उन्होंने भाजपा की केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी। श्री पाण्डेय ने हेमंत सोरेन सरकार पर तीखा हमला बोला और उनकी नीतियों का जमकर विरोध किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और कानून-व्यवस्था की समस्याएं बढ़ी हैं, जिससे जनता का भरोसा सरकार से उठ गया है।उन्होंने ने आरोप लगाया कि हेमंत सरकार ने राज्य के विकास कार्यों में रुचि नहीं दिखाई।उन्होंने लोगों को याद दिलाया कि हेमंत सरकार ने चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा नहीं किया। युवाओं को रोजगार देने में असफल रही है। आगे उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास भाजपा की सरकार ही कर सकती है इसलिए आप लोग एकजुट हो और अपना मतदान कमल फूल के निशान पर देकर एक स्थिर और विकासोन्मुखी सरकार का चुनाव करें, जो उनकी समस्याओं का समाधान कर सके। इस दौरान लोगों ने भी हेमंत सरकार के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त की और भाजपा के पक्ष में समर्थन देने का भरोसा जताया।

## मयूरहंड में भाजपा के खिलाफ गरजी कल्पना सोरेन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** झारखंड में विधानसभा सभा चुनाव जैसे जैसे नजदीक आ रहा है वैसे वैसे प्रखंड स्तर पर चुनावी सभाएं हर पार्टी द्वारा की जा रही है। जिसमें सिमरिया विधानसभा के मयुरहंड में भी झारखंड मुक्ति मोर्चा सह महागठबंधन के द्वारा आज चुनावी सभा की गई। यह चुनावी सभा मयूरहंड के स्टेडियम में आयोजित की गई थी। जहां चुनावी सभा को सम्बोधित करने कल्पना शोरेन हवाई मार्ग से सभा स्थल पहुंची। और कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। चुनावी सभा मे बड़ी संख्या में हजारों की संख्या में महिला पुरुष शामिल थे। सभा को संबोधित करते हुए कल्पना शोरेन ने विपक्षी पार्टी भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कई गंभीर आरोप लगाया गया। कल्पना सोरेन ने मतदाताओं को संबोधित करते हुए कही कि भाजपा सरकार झारखण्ड का रुपया रख कर यहां की जनता के साथ खिलवाड़ कर रही है। साथ शिक्षित युवाओं के जिंदगी के साथ खेल रही है।वहीं बेरोजगारी महंगाई टैक्स जीएसटी आदि में बढ़ोतरी कर लोगों की जिंदगी के साथ खेल रहा है। भाजपा केवल हिन्दू मुस्लिम जात धर्म का कार्ड खेल अपना सत्ता हथियाना चाहता है। अब झारखंड की जनता सब समझ चुकी है। यहां की जनता को विकास चाहिए ना कि जात पात धर्म हिन्दू मुस्लिम कर यहां नफरत फैलाने वाली राजनीति नहीं चाहिए। ऐसे में सिमरिया विधान सभा की जनता से अपील है कि महागठबंधन के प्रत्याशी मनोज चंद्रा को बहुमत देकर विजयी बनावें।

## बालूमाथ प्रखंड में मतदाता जागरूकता हेतु मानव श्रृंखला बनाकर निकाली गई डेमोक्रेसी रैली




**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा आम निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियों के तहत शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में बालूमाथ प्रखंड में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत विशाल मानव श्रृंखला बनाकर एक दूसरे के हाथों को पकड़े हुए मुरपा मोड़ से डेमोक्रेसी रैली निकाली गई। इस बृहद आयोजन में विशाल मानव श्रृंखला बनाकर मुरपा मोड़ से होते हुए थाना चौक, विभिन्न चौक चौराहों से होते हुए समस्त मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया गया। जागरूकता रैली का समापन बुनियादी विद्यालय, बालूमाथ में किया गया।मानव श्रृंखला बनाकर डेमोक्रेसी रैली के दौरान ÷सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो आदि के नारे लगाए गए। इस अवसर पर विशाल मानव श्रृंखला में मतदाता जागरूकता संबंधित स्लोगन लिखी तख्तियों द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया गया।इस मानव श्रृंखला का मूल उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना है। हम सभी को अपने कर्तव्य का निर्वाह करते हुए मताधिकार का प्रयोग कर एक सशक्त भारत के निर्माण में भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त ने सभी को निष्पक्ष और निर्भीक होकर मतदान करने की शपथ दिलाते हुए कहा कि हम सभी अपने आस पड़ोस के लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करें। मताधिकार सपरिवार करने का अपील किया गया।इस दौरान ड्रोन के माध्यम से मतदान तिथि के संदेश से भरे पोस्टर को सभी मतदाताओं के बीच प्रदर्शित कर मतदान हेतु आमंत्रित किया गया।मानव श्रृंखला डेमोक्रेसी रैली में जिला स्तरीय पदाधिकारी, कर्मी, एनसीसी के कैडेट, ग्रामीणों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार अजय कुमार रजक, प्रभारी पदाधिकारी स्वीप कोषांग अनिल मिंज, स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, प्रखंड विकास पदाधिकारी बालूमाथ सोमा उरांव, अंचल अधिकारी बालूमाथ, डीपीएम जेएसएलपीएस संतोष कुमार, एवं भारी संख्या में भीड़ उपस्थित थे।

## निर्वाचन आयोग के सौजन्य से उपायुक्त के निर्देश पर एसडीओ ने चलाया स्वीप कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** अनुमंडल मुख्यालय के शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रांगण में स्वीप कार्यक्रम के तहत निर्वाचन मेला सह प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। यह प्रभात फेरी सुबह 10 अनुमंडल मुख्यालय से निकल कर मुख्य सुभाष चौक पर बैलून उड़ा कर शतप्रतिशत मतदान करने का अपील किया गया। वहीं स्वीप कार्यक्रम के तहत निर्वाचन मेला के तहत दो दिवसीय डे नाइट फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का आगाज अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज के नेतृत्व में की गई। अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज ने बताया कि यह कार्यक्रम निर्वाचन आयोग के सौजन्य से उपायुक्त के निर्देशानुसार पर सिमरिया अनुमंडल के सिमरिया में चलाया गया है। यह कार्यक्रम का मुख्य उद्धेश्य है कि शतप्रतिशत स्वक्ष मतदान कराना है साथ हीं भय मुक्त मतदान कराना है। इसके लिए हजारों की संख्या में मौजूद लोगों ने शिक्षण प्रशिक्षण मैदान में स्वक्ष मतदान के लिए शपथ भी लिया गया। इसके। उपरांत विभिन्न तरह का खेल का भी आयोजन किया गया है। जो रविवार तक खेला जाएगा। विजेता और उप विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद, अंचलाधिकारी गौरव कुमार राय के अलावे हजारों की संख्या में स्कूली छात्र छात्राएं, शिक्षक, शिक्षिकाए के अलावे प्रखंड सह अंचल कर्मी, और अनुमंडल कर्मी मौजूद थे।

## युवा राजद प्रखण्ड अध्यक्ष प्रदीप यादव ने राजद छोड़ थामा एनडीए प्रत्याशी जनार्दन पासवान का हाथ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** प्रतापपुर प्रखंड के युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप यादव अपने समर्थकों के साथ शनिवार को राजद छोड़कर एनडीए समर्थित लोजपा प्रत्याशी का हाथ लिया। राजद छोड़कर एनडीए में शामिल होने बाद युवा नेता ने कहा कि मुझे राजद में घुटन महसूस हो रहा था। सत्यानंद भोगता ने चतरा जिले में राजद को भोगता पार्टी बना कर रख दिया है। यादवों को वे अपना गुलाम समझते हैं। यादव परिवार को आपस में लड़ा कर, मरवा कर उनकी जलती चिताओं पर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकते हैं।वे क्षेत्र का विकास न कर अपनी तिजोरी भरने का काम किया है।झारखंड के बेरोज़गार युवाओं को नौकरी दिलाने के नाम पर सिर्फ ठगा है।झारखंड के बेरोज़गार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने में इन्होंने भ्रष्ट हेमंत सरकार का साथ दिया है। झारखंड के युवा इन्हें कभी भी माफ नहीं करेंगे। चतरा विधानसभा ही नहीं पुरे झारखंड में राजद का वजूद समाप्त होने के कगार पर है।युवा नेता ने कहा कि भोगता अपनी राजनीति जमीन बरकरार रखने के लिए कुछ भी कर गुजरते हैं।चाहे किसी की हत्या कराना पड़े या बेटे की शादी अन्य जाति में कराना पड़े। उन्होंने चतरा विधानसभा क्षेत्र की जनता, खासकर युवाओं से अपील करते हुए कहा कि मतदान खूब सोच समझकर करें। भोगता के बहकावे में ना आएं। उन्होंनें चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि राजद का शीर्ष नेतृत्व भेड़ की खाल में छुपे भेड़िया सत्यानंद भोगता को जबतक पहचान पायेगा तब तक झारखंड से राजद का वजूद समाप्त हो चुका होगा।



## गिद्धौर में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री का आगमन आज

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव रविवार को गिद्धौर आएंगे।और जनसभा कार्यक्रम में शामिल होंगे। सुबह के10ः00 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत होगा। जिस स्थल के निरक्षण करने गिद्धौर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता अपने दल बल के साथ स्थल पहुंचे। और विधि व्यवस्था को और बेहतर करने का कार्यकर्त्ताओं को निर्देश दिया है।तथा जहां महागठबंधन से झामुमो प्रत्याशी मनोज चंद्रा को वोट कर हेमंत सोरेन के हाथों को मजबूत करने का आगाज करेंगे।पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आम जन से अपील कीया है।कि रविवार के सुबह दस बजे गिद्धौर स्टेडियम पहुंचे और उनके भाषण को सुनी तथा झामुमो को भारी मतों से विजय बन में इस आशय की जानकारी बैद्यनाथ कुमार दांगी ने बताया है।

## भाजपा का आरोप, झामुमो कार्यकर्ताओं ने की भाजपा कार्यकर्ता के साथ धक्का मुक्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के गोवा क्षेत्र में झामुमो पार्टी समर्थकों के बीच हुई झड़प ने राजनीतिक माहौल को गरमा दिया है। झामुमो कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं को धमकी देकर झामुमो के पक्ष में मतदान करने का आरोप लगाया। लातेहार भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में शनिवार को लातेहार विस प्रभारी अविनाश वर्मा द्वारा एक प्रेस वार्ता आयोजित कर जानकारी दी गई।इस मौके पर श्री वर्मा के साथ कथित पीड़ित कार्यकर्ता बब्लू कुमार भी मौजूद थे। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि वह अपने पत्नी के साथ जा रहा था, इसी क्रम में आशीष गुप्ता उर्फ मुनी के द्वारा उसे धमकाते हुए धक्का दिया और कहा कि इस बार झामुमो का बनने दो तो तुमको देख लेंगे। वहीं पीछे से आ रहे मंत्री सह झामुमो प्रत्याशी बैद्यनाथ राम ने बीच बचाव करते हुए कहा कि तुम लोग आपस में दोस्त हो इसे तुल मत दो। कथित पीड़ित ने कहा कि वह इस घटना से भयभीत हैं। इस पर विस प्रभारी श्री वर्मा ने कहा कि मतदान के लिए दबाव बनाना जैसी घटना नींदनीय है। हमलोग आपस में बैठक कर इस पर आगे की रणनीति तय करेंगे। इधर झामुमो ने वोट देने के लिए धमकी देने जैसी घटना को अंजाम देने से इंकार किया है।

# डीसी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व लातेहार जिले के उपायुक्त उत्कर्ष कुमार गुप्ता ने किया। आयोजित रैली बालूमाथ ब्लॉक से निकलकर शहीद चौक, बालूमाथ थाना चौक, छठ तलाब रोड समेत कई मार्गो से गुजरी।रैली में शामिल लोगों ने हाथों में तख्ती का बैनर टांग रहा था और लोगों को मतदान के प्रति जागरूक कर रहे थे।इसके अलावा रैली में पंपलेट बांटकर लोगों को मतदान करने के लिए जागरुक किया गया।मौके पर बोलते हुए लातेहार डीसी उत्कर्ष कुमार गुप्ता ने कहा कि विधानसभा चुनाव में लातेहार जिले में पहले चरण 13 नवंबर को वोट डालने की अपील को लेकर मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया है।वहीं मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर बालूमाथ शहर में ड्रोन के माध्यम से मतदान तिथि संदेश लिखे पोस्टर को उड़ाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर जानकारी देते हुए डीपीआरओ डॉ.चंदन कुमार ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए यह पहल की जा रही है। इसके तहत शहरी क्षेत्र से लेकर सुदूरवर्ती गांव, टोलो, मोहल्ले में ड्रोन के माध्यम से संदेश लिखे पोस्टर को प्रदर्शित कर मतदान के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। मौके पर एसडीओ अजय रजक, लातेहार डीपीआरओ बालूमाथ अंचलाधिकारी विजय कुमार बालूमाथ वीडियो सोमा उरांव समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।




## चुकू ग्राम में चेडी जतरा मेला का भव्य कार्यक्रम का किया गया अयोजन



**हेरहंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के चुकू ग्राम में चेडी जतरा मेला का भव्य कार्यक्रम का अयोजन किया गया। हर साल की भांति इस वर्ष भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंच संचालन मिथलेश यादव किया मुख्य अतिथि रहे, बसंत गंझू भाजपा के पूर्व ओबीसी जिला महामंत्री देवनंदन प्रसाद साह विश्वनाथ उरांव जगरनाथ पाहन व्यास यादव ने सयुक्त रूप से पूजा अर्चना करते हुए फीता काटकर जतरा मेला का उद्घाटन किया जिसमें बीजेपी के प्रचार प्रसार में नुकड़ नाटक के टीम ने भी भाग लिया।जिसमें ग्रामीणों के द्वारा नित्य गाना मांदर के थाप पर थिरकते हुए दिखे इस कार्यक्रम का मुख्य भूमिका निभाई अध्यक्ष संजय यादव सचिव अखलेश यादव बिनोद सिंह सहित सैंकड़ों लोग मौके पर उपस्थित रहे।

## उदयीमान सुर्य को अर्घ देकर संपन्न हुई आस्था का महापर्व छठ पूजा





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** ज़िले भर में छठ पूजा श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। चार दिनों तक वाले इस महापर्व में श्रद्धालुओं ने उपवास, नदी और तालाब के किनारे जाकर स्नान और पवित्रता का पालन किया। नहाय-खाय से शुरुआत करते हुए व्रतियों ने खरना के दिन विशेष प्रसाद बनाकर उपवास का संकल्प लिया। छठ पूजा के तीसरे दिन, डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के लिए व्रती अपने परिवार और मित्रों के साथ नदी किनारे एकत्रित हुए और सूर्य देव को जल चढ़ाकर आशीर्वाद मांगा।अंतिम दिन उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ पर्व का समापन हुआ। सभी श्रद्धालु उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए सुबह-सुबह घाटों पर पहुंचे। लातेहार ज़िले के विभिन्न घाटों पर छठी मैया के गीत गूंजते रहे, जिससे माहौल भक्तिमय हो गया।छठ पूजा के दौरान प्रशासन ने सुरक्षा और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा, जिससे लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। यह पर्व जिले में सामाजिक एकता और सामूहिक सौहार्द का प्रतीक बना रहा। श्रद्धालुओं ने छठी मैया और सूर्य देव से परिवार की सुख-समृद्धि, अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाल जीवन की कामना की। इस प्रकार लातेहार में छठ पूजा श्रद्धा और उल्लास के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

ग्रामीण क्षेत्रों में छठ पूजा के अवसर पर न केवल प्रशासन, बल्कि स्थानीय ग्रामीणों ने भी सड़कों की सफाई में दिलचस्पी दिखाई। गांवों के लोग घाटों के रास्तों और आसपास की सड़कों को स्वच्छ रखने के लिए स्वयं आगे आए। ग्रामीणों के इस सामूहिक प्रयास से पूरे क्षेत्र में स्वच्छता और अनुशासन का माहौल बना रहा। ग्रामीणों का यह सहयोग उनकी छठ पूजा के प्रति गहरी आस्था और सामुदायिक भावना को दर्शाता है।

# ड्रोन उड़ाकर व मानव श्रृंखला बनाकर, मतदान के लिए किया गया प्रेरित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** जिला निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह उपायुक्त लातेहार के निर्देशानुसार आसन्न विधानसभा आम चुनाव 2024 मे मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर कई तरह से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में स्वीप कार्यक्रम के तहत सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ व सीओ के संयुक्त अध्यक्षता में बारियातू प्रखंड मुख्यालय में मानव श्रृंखला ( ह्युमन चैन ) कार्यक्रम आयोजित कर व ड्रोन उड़ाकर मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। मानव श्रृंखला मे सभी प्रखंड व अंचल कर्मी, चुनाव कर्मी, पर्यवेक्षक, बीएलओ सहित सैंकड़ों युवा मतदाता व ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।सभी लोगों के हाथ में मतदान को लेकर बैनर थे। वहीं जिला निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह उपायुक्त लातेहार के अनुठी पहल पर उनके निर्देशानुसार ड्रोन उड़ाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। ड्रोन में मतदान दिवस 13 नवंबर को वोट देने से संबन्धित पोस्टर को ड्रोन मे बांधकर उड़ाया गया। मौके पर सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अमित कुमार ने? सभी मतदाताओं को 13 नवंबर को सत् प्रतिशत मतदान करने की अपील की। वहीं अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने कहा कि मतदान के द्वारा हमे सरकार के चयन प्रक्रिया मे भागीदारी का अवसर मिलता है। यह हमारा संवैधानिक हक है,हमे अपने संवैधानिक हक के प्रति जागरूक होकर मतदान का प्रयोग करना है।मौके पर पर्यवेक्षक प्रकाश कुमार यादव, विजय यादव सहित सभी अंचल /प्रखंड कर्मी, बीएलओ व युवा मतदाता व ग्रामीण मौजूद रहे।



# राज्यपाल पहुंचे हजारीबाग, मेरु बीएसएफ के नव आरक्षकों के दीक्षांत परेड में लिया भाग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सहायक प्रशिक्षण केंद्र, सीमा सुरक्षा बल, मेरु हजारीबाग के 'रानी झांसी परेड ग्राउंड' में शनिवार को सीमा सुरक्षा बल के 354 नवआरक्षक (सहायक प्रशिक्षण केंद्र, सीमा सुरक्षा बल, हजारीबाग के बैच संख्या 163 एवं 164) जो कि भारत के विभिन्न प्रांतो, जैसे- केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक इत्यादि से हैं, 44 सप्ताह के कठिन परिश्रम, लगन एवं साधना के पश्चात बुनियादी प्रशिक्षण पूर्ण कर दीक्षांत परेड में शामिल हुए । झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मुख्य अतिथि के रूप में दीक्षांत परेड की सलामी ली । इस अवसर पर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, लोक प्रतिनिधि सहित संस्थान के अन्य अधिकारीगण एवं नवआरक्षकों के परिजन उपस्थित रहे । दीक्षांत परेड में शामिल 354 नवआरक्षकों ने राष्ट्रीय ध्वज के समक्ष संविधान की शपथ ली एवं राष्ट्र की एकता, अखंडता व संप्रभुता बनाए रखने के लिए खुद को समर्पित करने का प्रण लिया । समारोह के दौरान शानदार ड्रिल और मार्च पास्ट कर नवआरक्षकों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया द्य इस दौरान मुख्य अतिथि ने सर्वोत्तम नवआरक्षक समेत विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नवआरक्षकों को पुरस्कार प्रदान कर



उनका मनोबल बढ़ाया । बतौर मुख्य अतिथि संतोष कुमार राज्यपाल ने अपने संबोधन में नवआरक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि, आज के दीक्षांत परेड के बाद वे औपचारिक तौर पर, सीमा सुरक्षा बल जो कि भारत की प्रथम रक्षा पंक्ति है, के महत्वपूर्ण सदस्य बन गए हैं और बल में, कर्तव्य निर्वहन के लिए प्रथम कदम रखने जा रहे हैं । उन्होंने नवआरक्षकों के माता-पिता एवं परिजनों को भी बधाई देते हुए कहा की अपने अपने सपूतों को सीमा सुरक्षा बल में भेजकर राष्ट्र-सेवा के कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है द्य उन्होंने सहायक प्रशिक्षण केंद्र के कुशल अनुदेशकों की टीम को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए बधाई दी । दीक्षांत परेड के उपरांत बीएसएफ बैंड की धुन ने दर्शकों को काफी आकर्षित एवं रोमांचित किया । इसके अलावा जवानों के द्वारा सामूहिक योग, वेपन हैंडलिंग, केरल राज्य के मार्शल आर्ट (कलारी पट्टू) तथा केंद्रीय विद्यालय, मेरु के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसे देखकर उपस्थित लोगों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की ।

# गोपाष्टमी मेला में हजारों ने गौ माता का पूजन और हरा चारा के साथ गुड़ खिलाकर लिया आशिवाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड के जुलजुल सीतागढ़ा में कोलकत्ता पिंजरापोल सोसाईटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला में गोपाष्टमी मेला में लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। हजारों हाथों ने मेला में गौ माता को हरा चारा और गुड़ खिलाकर माता का आशिवाद लिया। इससे पूर्व गौशाला में स्थित भगवान श्री कृष्ण के मंदिर में पूजा अर्चना की गई और सचिव श्रद्धानंद सिंह ने बतौर यजमान पूजन कर गौशाला के साथ साथ राष्ट्र की समृद्धी का आशिवाद गौ माता से मांगा। मेला को लेकर भव्य तैयारी की गई थी और गौशाला को दुल्हन की तरह सजाया गया था। चार सौ सौ से अधिक क्षमता वाले इस गौशाला में वर्तमान समय में कसाई और गौ तस्करों से बचाकर लायी गई 700 से अधिक गोवंशी मवेशियों का पालन पोषण किया जा रहा है। मेला का शुरुआत दिपप्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह संस्कार भारती द्वारा आयोजित किया



गया था। कुमार केशव और प्रांत संगठन मंत्री संजय श्रीवास्तव प्रमुख रुप से व्यवस्था कर रहे थे। दीप प्रज्वलित कर उदघाटन गौशाला समिति के सदस्य धीरेंद्र जैन, पूर्व सचिव सुमेर सेठी, संयोजक शंकर चंद पाठक, बजरंग अग्रवाल, दिनेश खंडेलवाल, अश्विनी केशरी, नारायण साव, रंजीत सिंह, राकेश कुमार सहित अन्य ने किया। सचिव श्रद्धानंद सिंह ने अतिथियों के साथ साथ समिति के सदस्यों को गौशाला की पट्टी पहनाकर स्वागत किया। मेला में बड़ी संख्या में खानपान के अलावा जागरुकता से संबंधित स्टॉल लगाए गए थे। इनमें गायत्री परिवार , इस्कॉन, पशुपालन विभाग, वेल्नेस इंडिया, अवतार फाउंडेशन, भाव्या, प्रजापिता ईश्वरी विश्वविद्यालय आदि के स्टॉल लगाए गए थे। इसके अलावा कई स्टॉल खानपान के लगाए गए थे। बच्चों के साथ पहुंचे अभिभावकों ने इस दौरान मेला का आनंद उठाया और विभिन्न स्टॉलों पर जमकर विभिन्न पकवानों का लुत्फ उठाया। गौशाला में समिति द्वारा हरा चारा, गुड़, चोकर के साथ साथ चुन्नी की व्यवस्था की गई थी। 101, 51 और 21 रुपए देकर गौशाला के स्टॉल से कोई भी व्यक्ति चारा लेकर गौ माता को खिला सकता था। सेल्फी प्वाइंट का निर्माण सनराईज ग्रुप द्वारा किया गया था। बड़ी संख्या में इस सेल्फी प्वाइंट पर गौ माता के साथ बच्चे और युवा के साथ साथ वृद्ध भी तस्वीर ले रहे थे।

## आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क अभियान



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** माण्डू विधानसभा अन्तर्गत विष्णुगढ़ प्रखण्ड में आजाद समाज पार्टी के मांडू विधानसभा प्रत्याशी डॉ. नजीर अंसारी ने कीर्तोडीह, पांडेडीह,गैडा, बुकना, करगालों, सारुकुदर, चिहुटया, फाराचाच, चानों सहित विभिन्न गाँवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की, उनकी विभिन्न समस्याओं को सुना डॉ. नज़ीर अंसारी ने कहा की हम आपके साथ हर समय खड़े है और आपकी हर समस्याओं का समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।आपका समर्थन ही मेरी ताकत है। आइए, मिलकर माण्डू को एक नई दिशा और विकास की ओर ले चलें। आगे उन्होंने कहा की आपके सहयोग से हम एक नया बदलाव लाएंगे और गांवों के विकास के लिए नई दिशा में काम करेंगे। हर एक वोट और समर्थन हमारे सामूहिक प्रयासों को मजबूत करेगा, ताकि हम एक समृद्ध और प्रगतिशील भविष्य की ओर बढ़ सकें। उन्होंने लोगों से अपील की सही दिशा में कदम बढ़ाते हुए अपने गांव और समाज के हित में आजाद समाज पार्टी का समर्थन करें। ग्रामीणों ने भी आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी डॉ. नज़ीर अंसारी के जनसंपर्क अभियान का स्वागत किया और समर्थन देने का वादा किया।

## कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी अरुण साहू को समर्थन देने का किया आह्वान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही के होटल आरके इंटरनेशनल में अटल विचार मंच के संस्थापक यसवंत सिन्हा ने पत्रकारों के बीच प्रेस वार्ता किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेरा प्रत्याशी रामाशीष सिंह कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी अरुण साहू को पूर्ण रूप से समर्थन करेंगे। इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी भी जात-पात का राजनीति कर रहा है और मुफ्त में रेवड़ी देने की घोषणा कर रहा है। अटल विचार मंच इसका खिलाफ है, अटल विचार मंच का मुख्य उद्देश्य लोगों को रोजगार देना है। रोजगार मिलेगा तो युवा समृद्ध होंगे। वहीं उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि नोटबंदी के बाद शत प्रतिशत करेंसी वापस हुआ, लेकिन काला धन सफेद हो गया। साथ ही कहा कि चुनावी इलेक्ट्रॉल बॉन्ड की रकम भाजपा के खाते में गई। नोटबंदी और इलेक्ट्रोल बॉन्ड की




जांच होगी तो पर्दा खुल जाएगा। भाजपा नेता असम के मुख्य मंत्री हेमंत विश्वशर्मा अपने सभा में सिर्फ सांप्रदायिकता की बात करते हैं। भाजपा का एक ही मुद्दा है हिंदू मुस्लिम का सांप्रदायिकता पर राजनीति करना। वही प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे कहते है कि देश में 5 करोड़ गरीबी रेखा से नीचे हैं, लेकिन 80 करोड़ को मुफ्त में अनाज दे रहे हैं। बीजेपी झारखंड में घुसपैठ का बात करते हैं, घुसपैठ का मुद्दा का जिम्मेदार केंद्र सरकार है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा की हजारीबाग जिला को धनबाद के जैसा क्राइम का स्थान न दें। मौके पर अटल विचार मंच के शैलेंद्र सिन्हा, प्रफुल्ल सिंह, रामाशीष सिंह, संजय सिंह, राजेश सहाय, हिमांशु सिंह, इंदु महतो, छठी देवी, शंभू माली सहित कई लोग उपस्थित थे।

# दो मोटरसाइकिल की टक्कर में चार गंभीर रूप से घायल, एक की मौत

**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बड़कागांव केरेडारी मुख्य सड़क के गरी कलां पुल के पास 9 नवंबर को दोपहर तीन तीस बजे दो मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर हो गई. टक्कर में मोटरसाइकिल सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को सिकरी ओपी के एएसआई अमोद कुमार झा द्वारा समुचित इलाज के लिए बड़कागांव स्वास्थ केंद्र ईलाज के लिए भेज दिया गया. इस संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार घायलों में



केरेडारी थाना क्षेत्र अंतर्गत देवरिया खुर्द गांव निवासी महादेव राम उम्र 55 वर्ष अपने दामाद कृष्णा राम के घर जमीरा गांव से दामाद और नाती के साथ छठ पूजा मना कर मोटर साइकिल से अपने गांव देवरिया जा रहा था. वहीं दो अन्य मोटर साइकिल सवार मनातू पंचायत के फुसीरी गांव निवासी कमलेश कुमार पिता किटा गंझू उम्र लगभग 20 वर्ष और शकर गंझू पिता चेतलाल गंझू मोटर साइकिल से बड़कागांव एक राजनीतिक दल द्वारा आयोजित कार्यक्रम से शामिल होकर वापस अपने घर लौट रहे थे. इसी दौरान गरी कलां पुल के समीप दोनों में जोरदार टक्कर हो गई. घायलों को इलाज के लिए बड़कागांव स्वास्थ केंद्र ले जाने के क्रम में कमलेश गंझू की मौत रस्ते में हो गई.

## हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल से नवजात बच्ची की चोरी, पुलिस जांच में जुटी



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हज़ारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटित हुई जिसमें एक नवजात बच्ची की चोरी हो गई। यह घटना अस्पताल के प्रसव केंद्र में हुई, जहां सुनीता देवी और उनके पति मुकेश यादव अपने नवजात के साथ मौजूद थे। सुनीता देवी, जो कि बहिमर, हज़ारीबाग की निवासी हैं, 6 नवंबर को अस्पताल में भर्ती हुई थीं और उनका प्रसव बड़े ऑपरेशन द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न हुआ था। शनिवार को सुनीता देवी को अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया। वह अपने परिवार के साथ अस्पताल से निकलने की तैयारी कर रही थीं। तभी, एक अज्ञात महिला ने धूप दिखाने के बहाने से नवजात बच्ची को गोद में लिया और उसे लेकर टहलने लगी। थोड़ी ही देर में उस महिला ने मौका पाकर बच्ची को अपने साथ लेकर अस्पताल से फरार हो गई। सुनीता देवी और उनके पति मुकेश यादव इस अप्रत्याशित घटना से स्तब्ध रह गए। सुनीता देवी ने तुरंत ही अस्पताल के परिसर में बच्ची को खोजने का प्रयास किया, लेकिन अज्ञात महिला बच्ची को लेकर रफू चक्कर हो चुकी थी। इस घटना से सुनीता देवी और उनके पति का बुरा हाल हो गया और वे रोते-बिलखते अस्पताल में मदद की गुहार लगाने लगे। अस्पताल प्रशासन ने इस घटना की जानकारी तुरंत ही पुलिस को दी। पुलिस और अस्पताल की सुरक्षा टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है ताकि उस अज्ञात महिला की पहचान हो सके और बच्ची को जल्द से जल्द बरामद किया जा सके। अस्पताल प्रशासन ने इस घटना के बाद सुरक्षा उपायों को और सख्त करने का निर्णय लिया है। अस्पताल में प्रवेश और निकास के सभी रास्तों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अस्पताल के सभी कर्मियों और मरीजों से अज्ञात लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है। सुनीता देवी और मुकेश यादव ने कहा कि यह घटना उनके लिए बेहद दर्दनाक है और वे इस उम्मीद में हैं कि उनकी बच्ची जल्द से जल्द सुरक्षित उनके पास लौट आएगी। उन्होंने अस्पताल प्रशासन और पुलिस से आग्रह किया है कि वे इस मामले को गंभीरता से लें और जल्द से जल्द उनकी बच्ची को ढूंढने का प्रयास करें। हज़ारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक ने कहा, ÷यह घटना बहुत ही दुखद और चिंताजनक है। हम पूरी कोशिश कर रहे हैं कि बच्ची को जल्द से जल्द ढूंढा जाए और इस घटना के दोषियों को सख्त सजा दी जाए। हमने सभी संबंधित अधिकारियों को इस मामले में तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस ने जनता से अपील की है कि अगर किसी को भी इस घटना से संबंधित कोई जानकारी मिलती है तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और उन्हें उचित सम्मान दिया जाएगा। यह घटना एक बार फिर से अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था की खामियों को उजागर करती है। इस तरह की घटनाओं से निपटने के लिए अस्पतालों को और अधिक सतर्क और सख्त होना पड़ेगा ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। हज़ारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में घटी इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है और सभी लोग उस नवजात बच्ची की सलामती के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

# गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में मना राष्ट्रीय कानूनी सेवा दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में नौ नवंबर को 29वां राष्ट्रीय कानूनी सेवा दिवस मनाया गया। इसके तहत प्रशिक्षुओं को कानून संबंधी अधिकारों की विस्तार से जानकारी दी गई। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार (नालसा)के निर्देश पर झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार(झालसा) के अंतर्गत जिला विधिक प्राधिकार सेवा (डालसा) हजारीबाग की ओर से यह कानूनी जागरुकता शिविर का आयोजन जिले के गांव-गांव और शहरी क्षेत्रों में भी किया जा रहा है। कार्यक्रम में मौजूद जिला विधिक प्राधिकार सेवा हजारीबाग के डिप्टी चीफ लीगल डिफेंस काउंसिल विकास कुमार सोनी ने बताया कि नौ नवंबर 1995 को विधिक सेवा प्राधिकार अधिनियम बना था। उस वक्त अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार थी। उसी साल पांच दिसंबर को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार (नालसा) का भी गठन किया गया था। जिला विधिक प्राधिकार सेवा के सचिव गौरव खुराना के निर्देश पर आयी टीम में वॉलिंटियर दीपक कुमार भी मौजूद थे। प्रभारी प्राचार्या डॉ पुष्पा कुमारी की देखरेख में आयोजित शिविर में डिप्टी चीफ लीगल डिफेंस काउंसिल विकास कुमार सोनी ने बताया कि कानून हमारी सहायता के लिए है, इससे डरने की जरूरत नहीं है। शिक्षकों का भी यह दायित्व है कि वह बच्चों में कानूनी जागरुकता पैदा करें। उन्होंने बताया कि लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता देने के लिए इस इसे अधिनियम बनाया गया। महिला, एससी और एसटी वर्ग से जुड़े लोगों को निःशुल्क



कानूनी सहायता देने का प्रावधान है। वहीं ओबीसी और सामान्य वर्ग के लोगों को भी तब निःशुल्क कानूनी सहयोग मिलता है, जब उनकी सालाना आय ढाई लाख से नीचे हो। इसके लिए उन्हें आय प्रमाण पत्र देना होता है। उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में चेक बाउंस के मामले में बढ़ोतरी हुई है। साथ ही पोक्सो एक्ट, भूमि विवाद, जमीन संबंधी रसीद, म्यूटेशन, सक्सेशन सर्टिफिकेट आदि से जुड़े मामलों में न्याय पाने के कानूनी तरीके बताए। उन्होंने न्याय पाने में आनेवाली अड़चनें और उसके समाधान के उपाय भी बताए। उन्होंने बताया कि कानूनी सहायता के लिए टॉल फ्री नंबर 15-100 और साइबर क्राइम से जुड़े मामलों में 1930 पर डायल कर कानूनी सहायता पा सकते हैं। देशभर के 637 जिलों और 2465 तहसील में निःशुल्क कानूनी सहायता के लिए जिला विधिक प्राधिकार सेवा गठित है। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। मंच संचालन प्रशिक्षु सोनम ने किया। मौके पर सहायक प्राध्यापक संदीप खलखो, डॉ मीरा कुमारी, डॉ अनुरंजन कुमार आदि मौजूद थे।

# झारखंड के भविष्य का फैसला बरही विधानसभा की जनता के हाथों में : अन्नपूर्णा देवी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही विधानसभा के विजैया चौक पर भाजपा प्रत्याशी मनोज कुमार यादव के समर्थन में विजैया, करियातपुर और गया रोड स्थित भामाशाह स्कूल परिसर में विशाल सभा का आयोजन किया गया। इस सभा को भाजपा की प्रखर वक्ता एवं महिला नेत्री माधवी लता और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा समर्थकों और आम जनता की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिन्होंने भाजपा नेताओं के विचारों और भाषणों को ध्यानपूर्वक सुना। इस सभा में माधवीलता का संबोधन सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग जमा हुए। सभा में उपस्थित लोगों ने भाजपा के समर्थन में जोरदार नारे लगाए और अपने समर्थन का उत्साह दिखाया। पूर्वी मण्डल कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विजय यादव ने किया जबकि पश्चिमी मण्डल कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष भगवान केशरी ने किया। भाजपा नेत्री माधवीलता ने अपने संबोधन में बरही की जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज बरही में हर तरफ भाजपा का ही जोश और जुनून देखने को मिल रहा है। कहा कि राष्ट्रहित के लिए भाजपा को चुने और घुसपैठियों को झारखण्ड से भगाने का काम करें। उन्होंने जनता से अपील की कि वे भाजपा को अपना समर्थन दें और अपने वोट का उपयोग एक स्थिर और विकासशील सरकार के लिए करें। उन्होंने अपने भाषण में धार्मिक और सांस्कृतिक संदर्भ जोड़ते हुए कहा, प्रभु श्रीराम के चरणों में फूल अर्पित करने के लिए भाजपा को वोट करें जो उनके समर्थकों में विशेष उत्साह भर गया। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अपने संबोधन में बरही



के विकास पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा के नेतृत्व में ही राज्य और क्षेत्र का समग्र विकास संभव है। कहा कि विधायक नही मंत्री चुने और बरही विधानसभा की जनता मनोज यादव को जिताएं। उन्होंने जनता से भाजपा प्रत्याशी मनोज कुमार यादव को समर्थन देने की अपील की और भरोसा दिलाया कि उनके नेतृत्व में बरही क्षेत्र में रोजगार, बुनियादी ढांचा और शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा क्षेत्र के विकास के लिए काम किया है और आगे भी यही प्रयास रहेगा। भाजपा नेत्री माधवीलता और अन्नपूर्णा देवी ने अपने संबोधनों में जाति और संप्रदाय से ऊपर उठकर क्षेत्र के विकास के लिए मतदान करने की बात कही। मौके पर विधानसभा प्रभारी विनय सिंह, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, आजसू प्रभारी राजसिंह चौहान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष सह मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, जीप सदस्या प्रीति कुमारी, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, धनवार पंचायत मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, सकलदेव यादव, मंगलदेव यादव, हरेंद्र गोप, मोतीलाल चौधरी, अर्जुन रविदास, रोहित यादव सहित अन्य सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# गोपाष्टमी महोत्सव के अवसर पर हजारीबाग यूथ विंग द्वारा गौशाला में भव्य महाआरती का आयोजन

- गौशाला समिति ने मोमेंटो देकर किया सम्मानित।
- गौमाता हमारे जीवन का आधार है, और उनकी सेवा से हमें आध्यात्मिक संतोष प्राप्त होता है : चंद्र प्रकाश जैन।
- हजारीबाग यूथ विंग के सदस्यों ने पूरे समर्पण और भक्ति भाव से इस आयोजन को सफल बनाया : गौशाला समिति के सचिव श्रद्धानंद सिंह।

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** गोपाष्टमी महोत्सव के पावन अवसर पर हजारीबाग यूथ विंग द्वारा शहर से 5 किलोमीटर दूर स्थित कोलकाता पिंजरापोल सोसाइटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला परिसर में एक भव्य महा आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गौमाता की सेवा और आराधना की। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य गौ सेवा और भारतीय परंपराओं के प्रति समाज को जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत पूजन एवं मंत्रोच्चारण के साथ की गई, जिसमें चार प्रसिद्ध पुजारियों ने अपनी उपस्थिति से महा आरती को विशेष ऊर्जा और भक्ति भाव से ओतप्रोत कर दिया। मंत्रोच्चार और आरती के दौरान पूरा गौशाला परिसर भक्ति भाव में डूबा रहा। श्रद्धालुओं ने गौमाता की आराधना में हिस्सा लेकर अपने श्रद्धा भाव को प्रकट किया। महा आरती के पश्चात श्रद्धालुओं ने चोकर, गुड़ और अन्य पौष्टिक आहार से गौमाता की सेवा की। इस सेवा में छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने पूरे श्रद्धा और आदर के साथ भाग लिया। उपस्थित भक्तजनों का मानना था कि गौमाता की सेवा करने से आध्यात्मिक संतुष्टि मिलती है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। गौशाला समिति द्वारा



हजारीबाग यूथ विंग के सदस्यों को इस उत्कृष्ट आयोजन के लिए सम्मानित किया गया। समिति ने मोमेंटो देकर संस्था का अभिनंदन किया और उनके प्रयासों की सराहना की। गौशाला समिति के सदस्यों ने संस्था के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देते हैं और हमारी परंपराओं से जोड़ते हैं। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा की गोपाष्टमी का यह महोत्सव हमारे समाज को एक दिशा देता है। गौमाता हमारे जीवन का आधार है, और उनकी सेवा से हमें आध्यात्मिक संतोष प्राप्त होता है। हजारीबाग यूथ विंग ने इस अवसर पर भव्य महा आरती का आयोजन कर एक पहल की, वह वास्तव में सराहनीय रहा। गौ माता हमारे जीवन और समाज का आधार हैं। उनका संरक्षण और सेवा करना हमारा धर्म है। हमारे इस आयोजन का उद्देश्य न केवल गौ माता की सेवा करना है बल्कि हमारे युवाओं में संस्कार, सेवा और श्रद्धा की भावना को और प्रबल बनाना है। हमें गर्व है कि हमारे संस्था के द्वारा इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रही । हम आशा करते हैं कि समाज में गौ माता के प्रति सम्मान और संरक्षण का यह संदेश और भी व्यापक होगा। संरक्षक ने यह भी कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में एकता, समर्पण और सामाजिक चेतना को बढ़ावा देने में सहायक होते हैं। गौशाला समिति के सचिव श्रद्धानंद सिंह ने कहा कि आज का यह आयोजन एक अभूतपूर्व सफलता रही। महा आरती ने न केवल भक्तों को भक्ति के रंग में रंगा बल्कि समाज में गौ सेवा और भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता भी उत्पन्न की। हजारीबाग यूथ विंग के सदस्यों ने पूरे समर्पण और भक्ति भाव से इस आयोजन को सफल बनाया। इस तरह के आयोजनों से हमारी युवा पीढ़ी का समाज के प्रति जुड़ाव और उनके अंदर भारतीय संस्कृति के प्रति आदर का भाव बढ़ता है। कार्यक्रम को विशेष रूप से सफल बनाने में संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार, सह सचिव डॉ बी वेंकटेश,उपाध्याय जयप्रकाश खंडेलवाल, विकास केसरी, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य प्रिंस कसेरा, अभिषेक पांडे,विकाश तिवारी,शम्पा बाला,उदित तिवारी,सनी देव,गुंजन मद्धेशिया सहित कई लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाया। आयोजन के समापन पर सभी ने एक स्वर में गौमाता की जयकार लगाया गया। इस अवसर पर कई समाज सेवीगण के साथ विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लेकर गौ सेवा के प्रति अपने समर्थन और आस्था को प्रकट किया।

# अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जगत प्रकाश नड्डा के स्वागत में भाजपा और एनडीए कार्यकर्ता पलक बिछाये घंटों बैठे रहे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जगत प्रकाश नड्डा जी का आगमन सिद्धू कान्हु फुटबॉल मैदान में अपराह्न 3 बजे हुआ। अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जगत प्रकाश नड्डा के स्वागत में भाजपा और एनडीए कार्यकर्ता घंटों पलक बिछाए बैठे रहे। उनके मंच पर आते ही कार्यकताओं में उत्साह भर गया। सबने नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद , जेपी नड्डा जिंदाबाद, के गगनचुभी नारों से उनका सम्मान किया।सर्वप्रथम उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धू कान्हु, चांद भैरव सहित झारखण्ड के क्रांतिकारियों को नमन करते हुए अपना संबोधन शुरु किया। कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि आप सुनीता चौधरी को 23 तारीख को जिताए और झारखंड में एनडीए सरकार बनाए हम 24 तारीख को गोगो दीदी योजना लागू करेंगे और महिलाओं के खाते में? 2100 मिलेंगे! लक्ष्मी जोहार योजना सहित भाजपा के संकल्प पत्र का जिक्र किया। उन्होंने विशाल विजय संकल्प सभा में उपस्थित लोगों से एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी जी को भरी मतों से विजय दिलाने की अपील की । उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि 2014 में मोदी जी ने स्वच्छता अभियान के तहत महिलाओं के लिए इजत घर बनाकर दिया और उन्हें इजत दी। आज हाईवे, एयरवे, इंटरनेट रेलवे सहित अन्य आधारभूत संरचनाओं में तेजी से वृद्धि हुई है। आज डिजिटल इंडिया में भारत की प्रगति पर कहा कि यह नया भारत है। उन्होंने कहा सिर्फ भाजपा ही आदिवासियों को उनका सम्मान के लिए कई योजनाओं को फलीभूत किया है। आज मोदी जी भारत का मान विश्व में बढ़ाया है। नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जो कहते हैं कि नरेन्द्र मोदी हमारा दोस्त है और रूस के राष्ट्रपति पुतिन भी कहते हैं कि नरेन्द्र मोदी क्षमतावान नेता हैं। एक तरफ जहां अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया, और यूरोप की अर्थ नीति मुसीबत में है जबकि आज भारत विश्व आर्थिक क्षेत्र के 5 वें स्थान है।आपने नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाया है तो अब तीसरी आर्थिक शक्ति की और बढ़ने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। एक समय था जब विश्व के नेता सिर्फ भारत पाकिस्तान कहते थे। वे भारत आते तो पाकिस्तान जाते। लेकिन आज भारत के साथ व्यापार सहित नई योजना पर बात होती है। उन्होंने पीएम जन मन योजना, जंगल से प्राप्त 90 उत्पादों पर एमएसपी मिलने की बात कही। उन्होंने हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार का जिक्र करते हुए कहा कि किस तरह यहां के मंत्री अधिकारी और उनके पीए के पीए के यहां करोड़ों रुपए पकड़े जा रहे हैं । उन्होंने इंडी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि जहां जहां उनकी सरकार है है जनता बेहाल है। विजय संकल्प सभा रामगढ़ विधानसभा के कार्यक्रम में गिरिडीह लोकसभा सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने हेमन्त सरकार पर हमला करते हुए कहा कि हेमन्त सरकार स्थानीय निति और नगर निकाय के चुनाव को स्थगित कर ठग तंत्र और लूट तंत्र की निति बनाकर अपने मंत्रियों और अधिकारियों के सहयोग से कोयला चोरी और टेंडर मैनेजमें लिप्त हैं। उन्होंने सरकारी कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार से मुक्ति के लिए उपस्थित लोगों से राज्य को खोखला होने से बचाने के लिए हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का आवाहन किया।एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने अपने संबोधन में राज्य में एनडीए की डब्बल इंजन की सरकार बनाने की अपील की ताकि झारखण्ड के साथ साथ रामगढ़ के विकास में तेजी आए। उन्होंने अपने विधायक काल के अब तक के कार्यो के उपलब्धियां की जानकारी दी साथ ही रामगढ़ शिक्षा हब के रूप में अग्रसर हो इसलिए महिला इंजीनियरिंग महाविद्यालय के साथ साथ एम्स की स्थापना की मांग केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से भरी सभा में रखी। उन्होंने पेयजल, बिजली प्रमुख सड़कों तथा किसानों के आय बढ़ाने पर रिपोर्ट पेश की। संचालन भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता द्वारा किया गया। छत्तीसगढ़ के पूर्व विधायक एवं विधानसभा प्रवासी सुभाव कश्यप, अमरेन्द्र कुमार गुप्ता, चन्द्रशेखर चौधरी, डॉ संजय प्रसाद सिंह, रंजन सिंह फ़ौजी, राजेन्द्र कुशवाहा, बलराम महतो, महेन्द्र प्रजापति,जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल,प्रो खिरोधर साहु, रंजीत पांडेय , आजसू नेता मनोज महतो,भाजपा महीला जिला अध्यक्ष शीतल सिंह, आजसू नेत्री सरिता देवी,आजसू नगर अध्यक्ष अनुपमा सिंह ने भी संबोधित किया। सभा का संचालन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व रामगढ़ विधानसभा प्रभारी अनिल कुमार टाईगर द्वारा किया गया। विजय संकल्प सभा में वरिष्ठ भाजपा नेत्री इला रानी पाठक,महेन्द्र प्रजापति, उमेश प्रसाद,शिव कुमार महतो, स्नेहलता चौधरी, दिलीप सिंह, संजय प्रभाकर, राजीव पामदत्त आदि उपस्थित थे।




# क्षेत्र को परिवारवाद से मुक्त करके इसे एक सशक्त और समृद्ध क्षेत्र बनाने का संकल्प

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** दुलमी प्रखंड के जमीरा पंचायत और सोसो पंचायत में कांग्रेस महागठबंधन की प्रत्याशी ममता देवी ने जनसंपर्क यात्रा के दौरान ग्रामीणों से घर-घर जाकर मुलाकात की और उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। इस यात्रा के दौरान उन्हें लोगों का अपार समर्थन मिलाद्यजिसके लिए उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। ममता देवी ने इस यात्रा को रामगढ़ में एक सकारात्मक बदलाव की ओर बढ़ते कदम के रूप में बताया।ममता देवी ने कहा, ÷रामगढ़ विधानसभा में बदलाव की एक मजबूत लहर उठ रही है। हम सब मिलकर अपने क्षेत्र को एक नई दिशा में ले जाना चाहते हैं। 20 तारीख़ को होने वाले चुनाव में आप सभी से अपील है कि 2 नंबर हाथ छाप का बटन दबाकर हमारे इस आंदोलन को मजबूती दें। उन्होंने क्षेत्र को परिवारवाद से मुक्त करके इसे एक सशक्त और समृद्ध क्षेत्र बनाने का संकल्प लियाद्य कहा कि इस बदलाव के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से चुनाव के दिन अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की और विश्वास जताया कि कांग्रेस महागठबंधन की जीत से रामगढ़ का भविष्य उज्जवल होगा।

# वार्ड नंबर 6 में रामगढ़ नगर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में निकाली गई पदयात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत वार्ड नंबर 6 में रामगढ़ नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलराम साहू के नेतृत्व में पदयात्रा निकाली गई जो विभिन्न मोहल्ला टोलों से होते हुए पतरातू बस्ती दीपनगर बैंक कॉलोनी मुंडा टोली आदि जगहों पर नुक्कड़ सभा कर महागठबंधन की सरकार की उपलब्धियां को आम जनों के बीच रखा गया मुख्य रूप से महिलाओं ने महिला सम्मान योजना को लेकर 20 तारीख को महागठबंधन की प्रत्याशी ममता देवी के पक्ष में मतदान करने का निर्णय लिया है इस पदयात्रा में मुख्य रूप से महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष मंजू जोशी आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गगन करमाली प्रदेश अल्पसंख्यक के प्रदेश सचिन सज्जाद खान नगर सेवा दल के अध्यक्ष जीके अग्रवाल पूर्व आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अनिल मुंडा जिला सचिव टिंकू खान जिला सचिव आजाद सिंह नगर उपाध्यक्ष संजीव खंडेलवाल अजमल हुसैन नगर महिला की अध्यक्ष पिंकी राय दीपा देवी रीना देवी आशा देवी पतली देवी तारी देवी संगीता देवी पूनम कुमारी अजमल खातून निशा खातून अंकित कुमार संजय महतो बबलू नायक छोटेलाल बिटिया पिंटू नायक विजयनायक आरती मुख्य रूप से उपस्थित है।

# श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के बच्चों ने रंगोली बनाकर दिया मतदान का संदेश

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के बच्चों ने विद्यालय के प्रांगण में रंगोली बना कर लोगों को वोट के लिए प्रेरित किया।रामगढ़ विधानसभा चुनाव 2024 के लिए 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे।विद्यालय के लगभग 15 से 20 बच्चों ने रंगोली बनाकर मतदान के लिए सभी को जागरूक किया।विद्यालय के बच्चों द्वारा मिलकर रंगोली का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना था।बच्चों ने मताधिकार, अधिकार ,एंव देश के प्रति कर्तव्यों के बारे मे बताया एवं एक ईमानदार प्रत्याशी को चुनने को कहा।विद्यालय के प्राचार्य श्री हरजाप सिंह ने प्रजातंत्र का अर्थ बताते हुए कहा कि प्रजातंत्र का अर्थ है लोगो का शासन यानि कि भारत के हर एक निवासरत जनता का शासन और प्रजातंत्र का आधार मे प्रकाश डालते हुऐ कहा कि निर्णय लेने या अपना विचार व्यक्त करना भी एक विधि है। छात्र छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी प्रजातंत्र का आधार मतदान है। मतदाता की सक्रिय भागीदारी से इस देश का लोकतंत्र मजबूत एवं स्थाई रहता है। इस कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिका के द्वारा किया गया।




## सभी थाना/ओ0पी0 में अवैध शराब के विरूद्ध सघन अभियान संचालित किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** विधान सभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण, भयमुक्त एवं नशामुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने हेतु अजय कुमार (भा0पु0से0) पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के आदेश पर सभी थाना/ओ0पी0 में अवैध शराब के विरूद्ध सघन अभियान संचालित किया गया। जिसका अनुमानित मूल्य करीब 3,649/- रूपया है। विदेशी शराब का अवैध रूप से भंडारण एवं बेचने के आरोप में संदीप महतो, पिता- कांशीनाथ महतो, ग्राम-लांचिंग चौक, थाना-रजरप्पा, जिला-रामगढ़ को गिरफ्तार किया गया। पतरातू (भदानी नगर) ओ0पी0 के ग्राम चोरधारा में संचालित अवैध जावा महुआ करीब 100 कि0ग्रा0 बरामद हुआ, जो संग्रहण के दौरान विनष्ट हो गया, जिसका अनुमानित मूल्य करीब 7,000/- रूपया है। अवैध रूप से देशी शराब निर्माण में संचालित भट्ठी को ध्वस्त किया गया। इस संदर्भ में रजरप्पा थाना में काण्ड एवं पतरातू (भदानी नगर) ओ0पी0 में सनहा दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा नशे के अवैध करोबारियों के विरुद्ध लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है और यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।



# श्री गुरु नानक देव जी को लेकर सातवें दिन निकाली गई प्रभात फेरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव पर सातवें दिन भी प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभातफेरी मैं इस बार अनोखा नजारा देखा गया, त्योहार को लेकर स्कूल में बच्चों की छुट्टियां हैं इस कारण बड़ी संख्या में बच्चे भी प्रभात फेरी में बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे हैं। निसान साहब की अगवाई गुरजोत सिंह सैनी कर रहे थे। संगत की अगुवाई करते हुए आगे चल रहे थे। प्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब से निकलकर सुभाष चौक फुटबॉल ग्राउंड होकर न्यू बस स्टैंड सरदार जी एस मल्होत्रा सरदार संदीप सिंह मल्होत्रा के आवास पहुंची। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से दलजीत सिंह किंगरा जी ने जीएस मल्होत्रा जी को सिरोपा देकर सम्मानित किया। प्रभातफेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मीत प्रधान हैप्पी छाबड़ा,विंकल कालरा जोगिंदर सिंह जग्गी प्रीतम सिंह कालरा रघुवीर सिंह, जसविंदर सिंह सलूजा, त्रिलोचन सिंह जैसल कुलजीत सिंह कालरा इंद्रजीत सिंह होरा रमन सिंह कोहली कशिश छाबडा अंकित कालरा प्रसिद्ध सबद गायक सुरजीत सिंह छाबड़ा पुष्पेंद्र सिंह छाबड़ा गुरदीप सिंह सैनी विक्की छाबड़ा कशिश छाबडा अंगद चंडोक हरेंद्र छाबड़ा गुरप्रीत चाना,हरपाल सिंह अरोड़ा राजू छाबड़ा गुरप्रीत सिंह बबलू छाबड़ा जगजीत सिंह एलआईसी वाले गुरजीत सिंह शान पप्पू जस्सल कुलवंत सिंह मारवाह रणजीत सिंह हरजीत सिंह रोमी छाबड़ा जगजीत सिंह जग्गी अंगद चंडोक गुरजीत. सिंह सलूजा, इकबाल सिंह, पृथ्वी पाल सिंह चंदेल, यश छाबड़ा, जसकीरत भाटिया, जगजीत सिंह नीतू सिंह जस्सल, चरणजीत जॉली सुमी जोली, गुरबख्श कौर, रंजीत कौर मनप्रीत कौर सैनी, गुरबख्श कौर बलविंदर कौर सतविंदर कौर आदि शामिल हुई।

# मारवाड़ी महिला समिति ने गौशाला में प्रदान किए सोलर लाइट

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामाजिक कार्यों में सेवारत शहर की प्रमुख सेवाभावी संस्था मारवाड़ी मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा ने स्थानीय गौशाला को चार सोलर लाइट प्रदान किए जिनका विधिवत शुभारंभ गोपाष्टमी मेले के अवसर पर समिति की सदस्यों द्वारा किया गया। समिति के इस कार्यक्रम में मुख्य आर्थिक सहयोग समिति की पूर्व अध्यक्षा एवं वरिष्ठ सदस्या मधु अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए समिति की अध्यक्षा निशा जैन ने बताया कि हमारी समिति द्वारा समय-समय पर स्थानीय गौशाला की जरूरतों का अध्ययन कर वहां की जरूरतों का किया था संभोग पूरा करने का यथासंभव पूरा करने का प्रयत्न किया जाता है। आज का यह सहयोग इस श्रृंखला की एक कड़ी है। आगे श्रीमती जैन ने कहा कि सौर ऊर्जा आज राष्ट्र की सबसे बड़ी जरूरत है और सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक उपयोग कर हम राष्ट्र निर्माण में अपना अप्रतिम योगदान कर सकते हैं। सौर ऊर्जा का प्रयोग कर हम पर्यावरण संतुलन में भी अपना योगदान कर सकते हैं। बाद में अध्यक्षा ने वरिष्ठ सदस्या एवं समाजसेवी मधु अग्रवाल को उनकी इस योगदान के लिए अपना तथा समस्त समिति की तरफ से उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में समिति की मधु अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल ,आशा जाजू , कुसुम गुप्ता, शारदा अग्रवाल शामिल थी।



# रामगढ एसपी ने रजरप्पा माँ छिन्नमस्तिका मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था एवं रजरप्पा थाना का औचक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** पुलिस अधीक्षक रामगढ अजय कुमार के द्वारा रजरप्पा माँ छिन्नमस्तिका मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। साथ ही रजरप्पा थाना का औचक निरीक्षण किया गया । जिसमें लंबित काण्डों के निष्पादन, लंबित वारण्ट कुर्की, महिला सुरक्षा, थाना की साफ-सफाई एवं विधान सभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव सम्पन्न कराने हेतु चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुरूप आवश्यक निर्देश पु0नि0-सह-थाना प्रभारी, रजरप्पा एवं थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी / कर्मियों को दिया गया।



## आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों की जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने की समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों की समीक्षा हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को रामगढ़ कॉलेज रामगढ़ में पीठासीन पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार,ष्ट- 22 बड़कागांव एवं ,ष्ट -23 रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर चुनाव प्रक्रिया को स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न करने का उद्देश्य की जा रही तैयारी की कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी पीठासीन पदाधिकारी से कार्यक्रम के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी पीठासीन पदाधिकारी को चुनाव प्रक्रिया को स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए अपने-अपने कार्यो का सही से निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। वही मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने उपस्थित सभी पीठासीन पदाधिकारी से अपने-अपने कार्यो को अच्छी तरह से समझे उसके बाद ही कार्य करें, अगर किसी प्रकार की समस्या होने पर अपने संबंधित वरीय पदाधिकारी से सहयोग लेने का निर्देश दी गई।

# गौ सेवा सबसे बड़ी सेवा है

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को श्री रामगढ़ गौशाला परिसर में हर वर्ष की भांति 66वां गोपाष्टमी मेला का आयोजन किया गया। गौ पूजन एवं झंडोत्तोलन के पश्चात संध्या 4ः00 बजे गोपाष्टमी महोत्सव का श्री गणेश राधा कृष्ण की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महेश पोद्दार (माननीय पूर्व राज्यसभा सदस्य), विशिष्ट अतिथि चंद्रशेखर अग्रवाल (निवर्तमान मेयर, धनबाद), महावीर रुंगटा (समाजसेवी व गौ भक्त), गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया (समाजसेवी रांची), सम्मानित अतिथि पूरणमल जैन (ट्रस्टी रांची मेदांता हॉस्पिटल) सहित श्री रामगढ़ गौशाला के अध्यक्ष बजरंग लाल अग्रवाल, सचिव राजकुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अशोक बगड़िया, श्री कृष्ण विकास संस्थान के अध्यक्ष महेश कुमार अग्रवाल, सचिव विमल बुधिया, श्री कृष्ण विद्या मंदिर के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता), सचिव बिमल किशोर जाजू, रामप्रताप रानीलिया कृष्णा पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष महावीर प्रसाद अग्रवाल, सचिव रमेश अग्रवाल, मेला संयोजक नंदलाल अग्रवाल, श्री रामगढ़ गौशाला कमेटी की कार्यकारिणी के सदस्यगण, श्री कृष्ण विद्या मंदिर एवं राम प्रताप रानी लिया कृष्णा पब्लिक स्कूल के बच्चे अभिभावकगण तथा आसपास के क्षेत्र से आए बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। मंच संचालन श्री कृष्ण विद्या मंदिर के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) ने किया। मुख्य अतिथि महेश पोद्दार ने अपने संबोधन में कहा कि गौ सेवा सबसे बड़ी सेवा है। गाय के शरीर में सभी देवी देवताओं का निवास है। उनका संपूर्ण संबोधन आधुनिक परिवेश में गाय की महिमा पर आधारित था। उन्होंने कहा कि गाय के गोबर में लक्ष्मी, गोमूत्र में भवानी, चरणों में देवता एवं थनों में समुद्र प्रतिष्ठित है। हमें गौ सेवा एवं गौ पूजन कर अपना जीवन धन्य कर लेना चाहिए। समारोह को श्री रामगढ़ गौशाला के अध्यक्ष बजरंगलाल अग्रवाल ने सम्बोधित करते हुए गौशाला की स्थिति एवं गोवर्धन पर प्रकाश डाला। श्री कृष्ण विद्या मंदिर के परिसर में लोगों के लिए विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों जैसे समोसा, जलेबी, चार्ट, टिकिया चाट, कुरकुरे, चाऊमीन, गुपचुप, लिट्टी चोखा, पाव भाजी तथा अन्य खाने वाली चीजों का स्टॉल लगाया गया। आगंतुक अतिथियों एवं आए सभी अभिभावकों एवं बच्चों ने इसका आनंद उठाया। रामगढ़ की मारवाड़ी महिला समिति के द्वारा उपयुक्त व्यंजनों की व्यवस्था की गई थी। समारोह में आए अतिथियों एवं अन्य लोगों ने भी बढ़-चढ़कर गौ सेवा में दान दिया ।

# उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी द्वारा दो कुख्यात अपराधकर्मी को किया गया जिला बदर, वहीं आठ अपराधकर्मी को प्रतिदिन लगानी होगी थाने में हाजिरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामगढ़ चंदन कुमार के न्यायालय में झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 के तहत वैसे अपराधियों जोकि जेल से छूटकर आने पर अपने घर पर न रहकर बाहर से ही व्यावसायियों एवं ठेकेदारों से रंगदारी की मांग करते हुए धमकी देने, विभिन्न स्त्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर अपने प्रभाव क्षेत्र के ठेकेदारों व्यवसायियों, ट्रांसपोर्टरों तथा सीसीएल के पदाधिकारी/ कर्मियों को लेवि के लिए भयभीत करने का कार्य करते हैं एवं जिला बदर किए जाने के उपरांत भी अवांछित रूप से जिला में प्रवेश करने तथा विभिन्न स्त्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर लेवी के लिए भयभीत करने अथवा वाद के गवाहों व वादी को डराने धमकाने की संभावना एवं अपराधी की गतिविधियों पर प्रतिदिन निगरानी रखने की आवश्यकता से संबंधित मामले में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के न्यायालय द्वारा की गई सुनवाई में निम्न आदेश जारी किए गए हैं।

`1.अपराधकर्मी दिलावर खान उर्फ दिलावर अंसारी, पिता- स्वर्गीय गुलाम नबी, रोचाप निवासी,थाना- पतरातु,जिला- रामगढ़।2.अपराधकर्मी रिजवान अंसारी, पिता- यासीन अंसारी, जयनगर निवासी, थाना - पतरातू, जिला- रामगढ़। 3. अपराधकर्मी रवि ठाकुर, पिता- नेतलाल ठाकुर, मुरपा निवासी, थाना- मांडू (कुज्जू), जिला- रामगढ़। 4. अपराधकर्मी ध्रुव उरांव, पिता- बहादुर उरांव, आरकाटा 7 नंबर निवास, थाना - मांडू (कुज्जू), जिला - रामगढ़। 5. अपराधकर्मी सागर सोनकर उर्फ राजा, पिता- सुशील सोनकर, गोलपार तिरंगा चौक निवासी, थाना- रामगढ़, जिला - रामगढ़। 6. अपराधकर्मी गोलू कुमार वर्मा, पिता- किशोरी वर्मा, थाना चौक पुराना शिव मंदिर रामगढ़ थाना के पीछे निवासी, थाना- रामगढ़, जिला- रामगढ़। 7. अपराधकर्मी नसीम अंसारी, पिता- खुर्शीद अंसारी, गोलपार निवासी थाना- रामगढ़, जिला- रामगढ़। 8. अपराधकर्मी पप्पू अंसारी उर्फ मोबिन अंसारी, पिता- युनुस अंसारी, पलानी निवासी, थाना - पतरातु, जिला- रामगढ़। को आगामी 3 महीने के लिए प्रतिदिन 10ः00 बजे पूर्वाह्न में थाना प्रभारी पतरातू के समक्ष हाजिरी लगाने हेतु आदेश दिया गया है।



# पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में पैदल यात्रा कर प्रचार प्रसार कर रहे हैं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातु :** 22 बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी दुर्गा चरण प्रसाद 31अक्टूबर 2024 से अपना घर द्वार छोड़कर चुनाव प्रचार के लिए पूरे बड़का गांव विधानसभा क्षेत्र पैदल ही निकल हुए हैं जो लगातार जारी है इनकी पैदल यात्रा पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है पैदल यात्रा के दौरान वह खाने पीने की चीज अपने साथ लेकर जाते हैं यात्रा के दौरान वह किसी चलते वाहन से किसी तरह का कोई सहयोग भी नहीं लेते हैं यात्रा करते-करते वह लोगों से अपना कीमती वोट क्रम संख्या 21 चुनाव चिन्ह सिलाई मशीन छाप पर वोट देकर भारी से भारी मतों से जिताने का अपील कर रहे हैं पैदल यात्रा सुबह छःबजे से शुरू होती हैं जो निरंतर रात दस बजे रात तक जारी रहती हैं। पैदल यात्रा के दौरान जहाँ रात होती है वही विश्राम करते है अभी तक नौवे दिन लगभग 350 किलोमीटर पैदल यात्रा कर चुके है बात करते हुए दुर्गा चरण ने बताया कि अभी बड़कागांव एवं केरेडारी प्रखंड का पैदल यात्रा करना शेष बचा हुआ है उसे भी जल्द पूरा कर लूंगा।

# मैं आपका नेता नहीं आपके बेटा हूं : रबिन्द्र नाथ महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नाला :** लगातार नाला विधानसभा क्षेत्र मे भाजपा पार्टी छोड़ कर झामुमो का दामन थाम रहे है इसी तहत नाला प्रखंड क्षेत्र देवली गांव केकाफ़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाजपा छोड़कर झामुमो का दामन थामा झामुमो प्रत्यशी रवींद्रनाथ महतो ने सभी को झामुमो का पट्टा पहना कर सदस्यता दिलाई। मौके पर विधायक रविंद्र नाथ महतो ने। कहा भाजपा के छूठ बोलने का मशीन है जो पार्टी के पुराना नेता का नहीं हो सका ओ आप सभी का किया होगा भाजपा जो 18 वर्ष मे नहीं कर सका ओ झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंथ सोरेन ने उसे काफ़ी ज़ियादा कर के दिखाया भाजपा सिर्फ जात पात के पीछे पड़ा हुया है उसे विकास से कोई लेना देना नहीं विपक्ष मन मे सोच रहे रबिन्द्र नाथ महतो विकास किया है मुंह से नहीं बोल रहे है जनता तो सब देख रहे है छुपा हुया कुछ नहीं वोट लेने के लिए विपक्ष अधूरा विकास बोल रहे है हम आगे कहा की हम नेता नहीं सबसे पहले आपकी बेटा हु इस नाते आपसभी से कुछ मांगने आया हु और कहा जिन्होंने आपके लिए कुछ काम किया है उन्हे जरूर वोट डालें। विधायक रबिन्द्र नाथ महतो ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के योगदान के बारे में लोगों को अवगत कराया। कहा राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आधी आबादी के लिए मईया सम्मान योजना चलाया। 18 वर्ष से 49 वर्ष की महिलाओं को प्रति माह एक हजार रुपए से बढ़ा कर दिसंबर से ढाई हजार मिलने की जानकारी दी। साथ ही सर्वजन पेंशन योजना, अबुवा आवास योजना, कृषि ऋष्ण माफी योजना, बिजली बिल माफी योजना,दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त योजना की जानकारी लोगों को दी। शामिल होते होते हुये परिमल दे सपन कर लूदा बाउरी दामोदर बाउरी मानिक दास उत्तम बाउरी प्रकाश नंदी बिमल मिर्धा जिया बाउरी रबीन दे नेबू मिर्धा काली मिर्धा मंजय विद बिपलब दे बिश्वनाथ दास उपस्थित कार्यकर्ता प्रोबोध कुमार माजी जियाबुल अली खुरसिद अली शेख सदर अली रूपाई बाउरी मीमरान मिस्त्री मशीहूर रहमान शेख माखोंन बालक हांसदा राम हांसदा जयसिंह सोरेन और सभी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# खलारी के जेपी यादव डेयरी फार्मिंग कर बेरोजगार युवाओं के बने प्रेरणा स्रोत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी प्रखंड का आधा इलाका कोयले की खान से घिरी है, बावजूद रोजगार की कमी है। ऐसे में खलारी प्रखंड अंतगर्त पंचायत चुरी दक्षिणी ग्राम होयर के जेपी यादव अपने घर स्थित डेयरी फार्मिंग कर ना कि आत्मनिर्भर बन रहे हैं, बल्कि पंचायत के लोगों को रोजगार के साथ बेरोजगार लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं। इससे पहले यादव मर्चेंड नेवी में थे। वे मैट्रिक और इंटर डीएवी स्कूल खलारी से किया और साउथ टाइनेसिड कॉलेज इंग्लैंड में 3 वर्ष का बैचलर इन नॉटिकल साइंस की डिग्री ली। बैचलर डिग्री लेने से पहले यादव मॉडलिंग भी किया करते थे।उनके पिता गणेश प्रसाद यादव जो सीसीएल में कार्यरत थे। वे वर्ष 2019 में रिटायर कर गए। उसके बाद से अपने पुत्र के कार्य में सहयोग कर रहे हैं। माता अरुणा देवी गृहणी हैं और वे भी उनके काम में सहयोग करते हैं। खाशकर अरुणा देवी खुद से देशी घी तैयार कर रही हैं। जो एक सराहनीय कदम है और उनका देसी घी को काफी सराहा जा रहा है। वहीं डेयरी में बनें प्रोडक्ट खलारी क्षेत्र में सेल हो रही है, परंतु जल्द ही रांची और हजारीबाग टच करेंगे। इसको लेकर स्टाफ भी रखेंगे, जहां लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

**बड़े स्तर पर डेयरी उधोग प्लांट लगाने के लिए प्रयासरत**

पशुपालन को लेकर यादव बड़े स्तर पर डेयरी उधोग प्लांट लगाने के लिए प्रयासरत हैं। वर्तमान में 30 गाये के लिए शेड बनवा चुके हैं। जो कि इसी ठंडी में जेपी सभी गायें पंजाब से लाएंगे। जबकि तीन गायें पहले से मौजूद है। वे आने वालों दिनों में गाय-भैंस के चारा के लिए खुद से घांस भी उगाएंगे। उनका सपना है कि जितना बड़ा कार्य बढ़ेगा उतना आमदनी के साथ लोगों के लिए रोजगार मुहैया होगा। फिलहाल खलारी-कोयलांचल के चुरी होयर, नवाडीह, डकरा, मानकी एवं बचरा से किसान प्लांट में आ कर दूध पहुंचा रहे हैं।

**70 लाख रुपए की लोन में 35 प्रतिशत की मिली सब्सिडी**

डेयरी उधोग प्लांट में अबतक सवा करोड़ रुपए खर्च हो चुका है। जिसमें 70 लाख रुपए की लोन लिए थे। जो कि सरकार द्वारा 35 प्रतिशत सब्सिडी भी मिला था। उक्त संबंध की जानकारी जेपी यादव ने दी। उन्होंने बताया कि मेरा प्लांट में बना प्रोडक्ट बाकियों से बेहतर है, क्योंकि प्रतिदिन ताजा दूध पाश्चराइजर कर मार्केट में बेच दिया जाता है। उन्होंने बताया कि प्लांट में दूध, दही, पनीर, खोवा, छाछ, लस्सी एवं देसी घी तैयार की जाती है। बताया कि आने वाला दिन में मिठाई,आइसक्रीम, राबड़ी, पेड़ा यानी दूध से बना सभी प्रोडक्ट बनाए जाएंगे।

# हिमंता विश्वा सरमा ने चुनावी जनसभा को किया संबोधित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रभारी एवं असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्वा सरमा ने मांडर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बाप और बेटी को लगता है कि उन्हें कोई नहीं हरा पाएगा, लेकिन आप सबके समर्थन और सहयोग से आपके क्षेत्र का बेटा सन्नी टोप्पो हरा रहा है। उन्होंने सभा में वादा किया कि झारखंड में भाजपा की सरकार आते ही ऐतिहासिक मुड़मा जतरा स्थल को उनके हिस्से का पूरा 65 एकड़ जमीन मुहैया कराएंगे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के पांच प्रण को दोहराया और कहा कि झारखंड में भाजपा के सरकार आते ही महिलाओं को ?500 में सिलेंडर युवाओं को 2 लाख 87 हजार नौकरी युवाओं को ?2000 प्रोत्साहन राशि माता बहनों को गोगो दीदी योजना के तहत ?2100 प्रति एक महीना विधवा वृद्धा एवं दिव्यांग पेंशन को ?2500 महीना सहित अन्य सभी 25 संकल्पना के बारे में भी बतलाया। उन्होंने कहा कि रोटी माटी और बेटी की सुरक्षा के लिए झारखंड में भाजपा सरकार जरूरी है। झारखंड़ में भाजपा जरूरी है तो मांडर से सन्नी टोप्पो को जिताना है। सभा को प्रत्याशी सन्नी टोप्पो, डॉ. रामखेलावन पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, प्रभारी रिपुसुदन साहू, हिंदू जागरण के प्रदेश उपाध्यक्ष वाणी कुमार रॉय सहित कई लोगो ने संबोधित किया। मौके पर कई लोगो दुसरे पार्टी छोड कर भाजपा में सामिल हुए। मौके पर मांडर विधानसभा क्षेत्र के आठों मंडल के अध्यक्ष समेत बेड़ो मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह, राजेश साहू, नीतू कुजूर, धनंजय कुमार रॉय, निरंज कुजूर, अमीन अंसारी, राजकुमार तिर्की, राजीव रंजन,सतीश शाह, अमीन अंसारी, मकबूल अंसारी, भीखा उरांव, चंद्रकिशोर उरांव सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता और नेता उपस्थित थे।


## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
(पोस्टल बैलेट-सह-मतपत्र कोषांग, हजारीबाग)

**प्रेस-विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा विधान सभा निर्वाचन–2024 के निमित्त सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलएवं 20–बरकट्ठा, 21–बरही, 24–माण्डु एवं 25–हजारीबाग के सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वैसे सरकारी कर्मी जो निर्वाचन कार्य को सम्पन्न कराने हेतु अपने मतदान केन्द्र में उपस्थित होकर मतदान करने में सक्षम नहीं है, उनके लिए Facilitation Centre के माध्यम से मतदान कराने हेतु पंचायत प्रशिक्षण केन्द्र, जबरा एवं समाहरणालय के पुलिस कार्यालय कक्ष में दिनांक 02.11.2024 से 10.11.2024 तक मतदान कार्य निम्नवत कराया जा रहा है। उक्त प्रमंडलीय पंचायत प्रशिक्षण केन्द्र जबरा, में मतदान कराने की तिथि दिनांक 11.11.2024 तक अग्रसारित की जाती है। साथ ही वैसे मतदान कर्मी जो उक्त तिथियों को Facilitation Centre में किसी कारणवश मतदान का कार्य नही कर पाये है, उन छुटे हुए मतदाताओं के लिए Dispatch Centre जो दिनांक 12.11.2024 को किया जाना है, में Facilitation Centreनिम्नरूपेण कार्य करेगा :–

| कमांक | Dispatch Centre | मतदान की तिथि | मतदान का समय |
|---|---|---|---|
| 1 | बिनोबा भावे विश्वविधालय का रबिन्द्रनाथ टैगोर भवन<br>Room No<br>BPT 028 & 29 | 12.11.2024 | 8..00 AM से 3.00 PM |

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त,
हजारीबाग

PR 340004 Hazaribag (24-25)_D



**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-1**

***(for candidate to publish in Newspapers,TV)***

**Declaration about criminal cases**

**(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India &Anr.)**

Name and address of candidate: BHUSHAN BARA

Vill: Sogra Pethiyartoli, PO:Sikriatand, PS: Pakartand, Dist: Simdega – 835228

Name of political party: INDIAN NATIONAL CONGRESS

*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election: LEGISLATIVE ASSEMBLY ELECTION- JHARKHAND 2024

*Name of Constituency: 70 SIMDEGA ST

I BHUSHAN BARA, a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

| (A) Pending criminal cases | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Sl.No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief Description of offence(s) |
| 1. | MP/MLA | 5/2021 | PENDING | U/S 504, 354, 341, 295 IPC. BREACH OF PEACE & OUTRAGING THE MODESTY OF WOMEN |
| | | | | |

| (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Sl.No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | | **Maximum Punishment Imposed** |
| | NA | NA | NA | NA |
| | | | | |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**Note:-**

The particulars regarding criminal cases pending against the candidate shall be in bold letters.

1. The matter in news papers shall be published in font size of at least12.


# भाजपा उमीदवार रणधीर सिंह पर जामताड़ा थाना में मामला दर्ज, चमेली देवी की शिकायत पर दर्ज हुई प्राथमिकी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जामताड़ा :** स्थानीय झामुमो नेत्री सह पूर्व विधायक स्वर्गीय विष्णु प्रसाद भैया की पत्नी चमेली देवी ने जामताड़ा थाना में लिखित शिकायत देकर सारठ विधायक सह पूर्व कृषि मंत्री रणधीर सिंह पर प्राथमिक दर्ज करवाई है शुक्रवार देर शाम को चमेली देवी जामताड़ा थाना पहुंचकर लिखित शिकायत देते हुए रणधीर सिंह पर आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करने और धमकी देने का आरोप लगाया है चमेली देवी ने आवेदन में कहा कि बीते 5 नवंबर को सारठ विधानसभा क्षेत्र में गठबंधन प्रत्याशी उदय शंकर सिंह उर्फ सोना सिंह के प्रचार प्रसार से लौटने के उपरांत रात में राम प्रसाद मंडल नमक व्यक्ति के मोबाइल से फोन आया और उन्होंने कहा कि विधायक रणधीर सिंह आपसे बात करेंगे चमेली देवी ने बताया कि मैं सपने में भी नहीं सोचा था कि दो बार विधायक और मंत्री रहे रणधीर सिंह की भाषा एक महिला की प्रति इतना अभद्र हो सकता है उन्होंने कहा कि रणधीर सिंह ने ना सिर्फ सारठ क्षेत्र में चुनाव प्रचार नहीं करने की धमकी दी बल्कि ऐसे ऐसे अपशब्द का प्रयोग किया जो मैं कैमरे के सामने बात नहीं सकती शनिवार को प्रेस वार्ता के दौरान फफक कर रोती हुई चमेली देवी ने कहा कि आज भले ही मेरे पति और बेटे साथ नहीं है पर रणधीर सिंह को पता होना चाहिए कि जामताड़ा जिले में ही नहीं बल्कि झारखंड में हजारों मेरे बेटे हैं जो मेरे लिए हमेशा खड़े रहते हैं और कुछ भी करने के लिए तत्पर रहते हैं। उन्होंने प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगाते हुए कहा की रणधीर सिंह एक दबंग टाइप के विधायक हैं। और उनके इस धमकी से मेरा पूरा परिवार भयभीत है यहां पर मैं अकेली महिला हूं और उनके वार्तालाप के बाद हमेशा जान माल के क्षति होने की आशंका सताती है इसलिए सुरक्षा की दृष्टिकोण से भी प्रशासन इस पर उचित पहल करें।

# जय माता दी ग्रुप ने देवी मंडप करकट्टा में महाआरती कर प्रसाद रुपी खीर का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** देवी मंडप करकट्टा में शनिवार को जय माता दी ग्रुप के द्वारा महाआरती एवं महाप्रसाद खीर का वितरण किया गया। देवी मां की सेवा में जय माता दी ग्रुप की ओर से यजमान के रूप में कामेश्वर सिंह एवंमुन्ना देवी मारुति ने विधिवत् संकल्प कर पूजन किया। इस दौरान देवी मां के पूजन के बाद उन्हे खीर भोग लगाया गया। जिसके बाद उपस्थित श्रद्धालुओ के बीच खीर महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर जय माता दी ग्रुप के सदस्य सिन्नी समद, अंजली कुमारी, कविता सिंह, सुजाता प्रसाद, ष्वेता प्रसाद, स्मिता प्रसाद, दीपविन्ता पात्रा, वैष्णवी सिन्हा, कुमारी वंशिका, बिंदु मुंडा, साधना देवी, कविता देवी, पार्वती देवी, आराध्या कुमारी, शानवी कुमारी, वर्तिका सिंह, नागेन्द्र प्रसाद सिन्हा, संजय कुमार सिंह, अमरदीप रॉय, दीपक पात्रा, दीपक प्रसाद, दिलीप साव, अनुराग कुमार सिंह, राजकुमार सिंह, आदित्य प्रकाश सिंह, वैभव सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।


राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद्

قومی کونسل برائے فروغِ اردو زبان

**NATIONAL COUNCIL FOR PROMOTION OF URDU LANGUAGE**
Ministry of Education,Department of Higher Education,
Government of India
Farogh-e-Urdu Bhawan,FC-33/9,Institutional Area,Jasola,New Delhi-110 025
Ph.:011-49539000, Fax:49539099

## Admission Notice

**Diploma in "Computer Applications, Business Accounting and Multilingual DTP"- CABA-MDTP**

**Joint Certification by NCPUL & NIELIT Chandigarh**

**Important Dates for the session January, 2025**

NCPUL
Ministry of Education,Govt. of India

| | | |
|---|---|---|
| Last date for Submission of form | : | 2nd December,2024 |
| Interview of candidate | : | 4th & 5th December,2024 |
| Display of selected candidate list | : | 09th December,2024 |
| Last date for Submission of fee | : | 16th December,2024 |
| Commencement of Classes | : | 1st January,2025 |

NIELIT
Chandigarh Centre
Ministry of Electronics and Information Technology, Govt. of India

**Course Contents:**

**Module I:** Fundamentals of Information Technology **Module II:** Internet Technology and Web Designing **Module III:** Financial Accounting Using Tally & Personality Development **Module IV:** Emerging trends in IT **Module V:** Multilingual DTP **Module VI:** Artificial Intelligence and Machine Learning Python **Module VII:** Practical & Project Work

**योग्यता:** CABA- MDTP पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए विद्यार्थी किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिक अथवा इस के समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण हों। आवेदन पत्र जमा करते समय विद्यार्थियों की उम्र 15 वर्ष (मैट्रिक) और 17 वर्ष (10+2) से अधिक, लेकिन 35 वर्ष से कम होना अनिवार्य है।
**अवधि:** कोर्स की अवधि एक वर्ष है। **सीटों की संख्या 40 होगी।**
**शुल्क:** प्रवेश पाने वाले छात्रों को मासिक शुल्क 250 रू. मासिक और 'ए श्रेणी' वाले शहर के लिए 500 रू. मासिक अदा करनी होगी। (मान्यता प्राप्त केन्द्र दुगुना शुल्क ले सकते हैं।)

राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद् ने हिन्दी और अंग्रेज़ी माध्यम से उर्दू सिखाने का एक साल का डिप्लोमा कोर्स पत्राचार द्वारा शुरू किया है। सभी छात्रों के लिए यह कोर्स अनिवार्य है।

**प्रासपेक्टस के लिए अपने नज़दीकी CABA-MDTP केन्द्र से सम्पर्क करें। CABA-MDTP केन्द्रों की सूची विवरण सहित NCPUL के वेबसाईट www.urducouncil.nic.in पर उपलब्ध है।**

निदेशक

# डॉ. रामेश्वर उरांव ने गांव-गांव जनसंपर्क अभियान चलाया लोगों का मिल रहा अपार समर्थन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** विधानसभा से कांग्रेस के प्रत्यासी डॉक्टर रामेश्वर उरांव ने जनसंपर्क अभियान के तहत अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव, इलाकों का भ्रमण कर रहे हैं। वही क्षेत्र की जनता द्वारा कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. रामेश्वर उरांव का लोग भव्य स्वागत कर रहे हैं। इसी कड़ी में लोहरदगा के कुडू प्रखंड अंतर्गत ग्राम छोटकी चाँपि, ओपा आदि गांवों का द्वारा किए ।गांवों में कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर रामेश्वर उरांव द्वारा गांव- गांव जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस मौके पर पर चुनावी सभा को संबोधित करते हुए डॉ रामेश्वर उरांव ने लोगों को बताया कि हमारे इंडिया गठबंधन की सरकार ने जिस तरह से ऐतिहासिक फैसले लेते हुए लोगों को सीधा लाभ देने का प्रयास किया। मईया सम्मान योजना, पेंशन योजना, बिजली माफी, हरा कार्ड, अबुआ आवास जैसे योजनाओं का सीधा-सीधा लाभ जनता ले पाए। यह सिर्फ और सिर्फ हमारी सरकार की साफ नियत और सेवा भाव को दशार्ता है और इसी लक्ष्य से हम दोबारा अपनी जनता के पास आए हैं। हमारे कायों को देखते हुए मुझे पूर्ण रूप से विश्वास है कि लोहरदगा की जनता अपना आशीर्वाद फिर से देगी। उन्होंने कहा कि मैं सेवक के रूप में लोहरदगा की जनता की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया हूं और इसी तरह आगे भी करता रहूंगा। जनता एक बार फिर मुझे सेवा का मौका दें और अपनी बहुमूल्य मतों का प्रयोग कर विधानसभा भेजें और मुझे सेवा का एक बार और मौका देगी इस मौके पर प्रत्यासी के साथ छत्तीसगढ़ राज्य के जसपुर के पूर्व विधायक विनय भगत भी मौजूद थे। विनय भगत ने लोगों को कहा कि रामेश्वर उरांव एवं झारखंड सरकार के द्वारा 5 वर्षो के कार्यकाल में विकास का कार्य किए इसके साथ ही लोगों के जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ संस्कृति के विकास के लिए भी कार्य किए। जो अपने कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. रामेश्वर उरांव ने अपने संस्कृति सभ्यता के साथ विभिन्न समाज का विकास किए है। इन सभी कार्यो एवं उपलब्धियों से फिर एक बार लोहरदगा से डॉक्टर रामेश्वर उरांव भारी मतों से विजय प्राप्त करेगी। और राज्य में इंडिया गठबंधन का सरकार एक बार फिर बहुमत के साथ बनेगी।इस मौके पर कॉग्रेस पार्टी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी सकील अहमद ने लोगो को हेमंत सोरेन सरकार के कई जनकल्याणकारी योजनाओं को उपस्थित लोगों को बताया। इस मौके पर वरिष्ठ कोंग्रेसी नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार एवं हमारे प्रत्यासी सह मंत्री जी इस क्षेत्र के लोगो के लिए बहुत कार्य किये है, जनता से अपील है कि इस विधानसभा चुनाव में कॉग्रेस पार्टी को वोट देकर इंडिया गठबंधन के प्रत्यासी डॉ रामेश्वर उराँव को विजयी बनाये। इस कार्यक्रम का आयोजन एवं धन्यवाद ज्ञापन लाल किशोर नाथ शाहदेव के द्वारा की गई। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला परिसद अध्यक्ष लोहरदगा रीना कुमारी भगत, वरिष्ठ कोंग्रेसी नेता सह पूर्व प्रवक्ता कोंग्रेश पार्टी प्रदेश लाल किशोर नाथ शाहदेव, लाल विभय नाथ शाहदेव, कुडू प्रखंड पूर्व प्रमुख परीखा मुंडा, लाल सुजीत नाथ शाहदेव, विजय ठाकुर, लवकेश ठाकुर, अवधेश वर्मा, सिद्धार्थ शाहदेव, ओम शाहदेव, अशोक महली, बिराज उराँव,पारो अंसारी, बंदे उराँव, अरविंद पाठक, बड़की चाँपि, पंचायत अध्यक्ष जैनुल अंसारी, नकुल उरांव, रामभंडारी उरांव, भूपाल पाठक, याकूब कुजर, बंदुआ गांव की वार्ड सदस्य गीता भगत, सतीश भगत, सुनील भगत, फुलमनी भगत, प्रकाश नायक, कीस्टो नायक, राकेश भगत, लीलू भगत, भुनु राम, आदि काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# यह विशाल जनसमूह का पदयात्रा जीत की मोहर है : सुदेश महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कुडू प्रखंड मुख्यालय में भारत पेट्रोल पंप से शुरू होकर विशाल जन समूह का पदयात्रा ब्लॉक चौक में सभा में तब्दील हो गया। यह जनसभा एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत के पक्ष में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री सुदेश महतो के नेतृत्व में किया गया। इस पदयात्रा में भारी भीड़ पहुंची थी। यह पदयात्रा सही मानो में जन सैलाब था। पदयात्रा में नीरू शांति भगत की जीत के विजय घोष करते हुए ब्लाक चौक तक पहुंची थी। ढोल नगाड़ों एवं नृत्य के साथ ऐसा लग रहा था की नीरू शांति भगत यह चुनाव हारी मतों से जीत गई है। पदयात्रा के बाद सभा को संबोधित करते हुए सुदेश महतो ने कहा एनडीए गठबंधन का यह जन सैलाब बता रहा है की लोहरदगा का मिजाज क्या है। हम यह चुनाव भारी मतों से जीत रहे हैं। नीरू शांति भगत लोहरदगा की तकदीर बदलने का काम करेगी। आजसू और भाजपा यानी एनडीए गठबंधन का एक-एक कार्यकर्ता बधाई का पात्र है कि उसने मेहनत की है। वह मेहनत 13 तारीख को वोट में तब्दील होगा और हम जीतेंगे। कार्यकर्ता हमारी रीड है हमारे शान है हमें उन पर गर्व है। हम कार्यकर्ताओं के बल पर यह किला फतह करेंगे। आज के कार्यक्रम में बीजेपी आजसू के जिला से लेकर बूथ तक के कार्यकर्ता उपस्थित थे ।आज के कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए और एनडीए के जीत के लिए कमर कस कर तैयार हो गए। इस बार लोहरदगा से एनडीए की जीत निश्चित होगी। इसी संकल्प के साथ आज का कार्यक्रम खत्म हुआ और लोगों ने नीरु शांति भगत के पक्ष में 13 तारीख को वोट करने की अपील घर-घर जाकर करने की संकल्प लेकर अपने अपने क्षेत्र में गये।

# कैरो प्रखंड अध्यक्ष अनीश अहमद एवं कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने चलाया जनसम्पर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कैरो प्रखंड के हनहट गांव में जनसंपर्क अभियान चलाकर मननीय मंत्री सह स्थानीय विधायक डॉ0 रामेश्वर उरांव के पक्ष में मतदान करने के लिये अपील किया गया। इसमें काँग्रेस की नीति एवं सिद्धांतो को घर तक पहुंचाया गया। हाजी शकील ने जन मानस को सम्बोधित करते हुवे कहा कि हमारी सरकार ने कहा कि कांग्रेस के गठबंधन की सरकार ही समाज के अंतिम पायदान में बैठे हुवे जनता का विकास कर सकती है। आज अबुवा आवास, मईया सम्मान योजना सर्वजन पेंशन योजना काँग्रेस के विकास की नित नए आयाम गढ़ रहे हैं। रामेश्वर उरांव ने आपमे पिछले कार्यकाल में कोरोना जैसे महामारी में जनता के साथ कदम कसे कदम मिलाकर खड़े रहे। दूसरे लोग सिर्फ वायदे करते हैं हमने कार्य करके दिखाया है। जिले में लाखो की संख्या में ग्रीन कार्ड बनाकर गांव गांव में पी सी सी, अखड़ा, मसना एवं श्मसान घेराव हेतु रामेश्वर उरांव जी गरीबो के विकास के लिए कार्य किये हैं।रामेश्वर उरांव जी लोहरदगा की जनता के दिलो में बसते है जिसका परिणाम कल के जनसभा में आपार भीड़ देखकर पता चल ही गया है। यकीन है कि इसबार भी जनता का आशीर्वाद मिलेगा। अनीश अहमद ने कहा कि इसबार हमे ध्यान देना है कि बोटिंग प्रतिशत में कमी न हो तथा वोट देने से कोई व्यक्ति छूट न जाय। शत प्रतिशत मतदान ही लोहरदगा का कायाकल्प करने में पत्थर का मिल साबित होगी।

# आंवला नवमी स्वास्थ्य और समृद्धि का पर्व : संजय सर्राफ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि के दिन मनाया जाने वाला आंवला नवमी पर्व हिंदू धर्म में बहुत महत्व रखता है। यह पर्व आंवले के पेड़ की पूजा के लिए मनाया जाता है, जो स्वास्थ्य और समृद्धि का प्रतीक है। हिंदू पंचांग के अनुसार अक्षय नवमी का आरंभ 9 नवंबर की रात को 10 बजकर 45 मिनट पर होगा और अगले दिन 10 नवंबर को रात 9 बजकर 1 मिनट पर इसका समापन होगा। इसलिए उदया तिथि की मान्यता के अनुसार अक्षय नवमी 10 नवंबर की रात को मनाई जाएगी। पौराणिक कथा के अनुसार, आंवले के पेड़ की उत्पत्ति भगवान विष्णु के शरीर से हुई थी। जब भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया, तो उन्होंने राजा बलि से तीन पग भूमि मांगी। राजा बलि ने भगवान विष्णु को तीन पग भूमि देने का वचन दिया, लेकिन भगवान विष्णु ने तीन पग में ही समस्त भूमि को माप लिया और राजा बलि को पाताल लोक में भेज दिया। राजा बलि की पत्नी विंध्यावली ने भगवान विष्णु से अपने पति की मुक्ति के लिए प्रार्थना की। भगवान विष्णु ने उन्हें वरदान दिया कि आंवले के पेड़ की पूजा से राजा बलि की मुक्ति होगी। आंवला नवमी में महिलाएं आंवला पेड़ की पूजा पूरे विधि विधान के साथ करती है। आंवले के पेड़ की पूजा से भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है, इस दिन आंवले के पेड़ के नीचे भोजन करने से स्वास्थ्य और समृद्धि मिलती है। आंवला नवमी पर्व हमें स्वास्थ्य और समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है। इस पर्व को मनाने से हमें भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है और हमारे जीवन में सुख और समृद्धि आती है।

# उदीयमान सूर्य को अर्घ देने के साथ महापर्व छठ हुआ सम्पन्न



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ के साथ सम्पन्न हो गया। प्रखंड के नारायण वन, बत्तो कला सूर्य मंदिर, अमराहिदह सूर्य मंदिर, केतार सहित अन्य गांवों के पंडा नदी और सोन नदी के किनारे छठ घाट पर व्रतियों ने अर्घ दिया। इधर मुकुन्दपुर गांव के नारायण वन छठ घाट पर छठ व्रती गाजे-बाजे के साथ दंडवत प्रणाम करते हुए गुरुवार की शाम छठ घाट पर पहुंचे। छठ व्रतियों ने स्नान कर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर पुरी रात सपरिवार नारायण वन छठ घाट रहकर व्रत पुरा किया। शुक्रवार की सुबह व्रतियों ने उदीयमान सूर्य को अर्घ देकर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। नारायण वन छठ घाट पर छठ व्रत करने झारखंड के अलावा पड़ोसी राज्य बिहार,उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़,मध्य विद्यालय और पश्चिम बंगाल से लगभग 40 हजार से अधिक छठ व्रती पहुंचे। वहीं रात्रि में मेला में भी 50 हजार से अधिक लोगों ने शिरकत किया। इससे देखते हुए छठ घाट पर लाईटिंग व्यवस्था, स्नान गृह,सुरक्षा ट्रैफिक व्यवस्था किया गया वहीं मेडिकल टीम और सुरक्षा व्यवस्था पुरी रात मुस्तैद रही। वही व्रत करने पहुंची दो महिलाओं को रात्रि में प्रसव पीड़ा होने लगी तत्पश्चात एंबुलेंस से एवं विकास समिति के अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह के सहयोग से स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर भर्ती कराया गया।

## केरसई का विकास सिर्फ भाजपा के हाथः श्रद्धानन्द बेसरा भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानंद ने चलाया टेंसेर में जनसंपर्क अभियान



**केरसई(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा ने आज गोबर्लेच्छा टाँगर टोली बिहाबेल गट्टीकचार मचिया घाट बकमुंडा आदि क्षेत्रों का तूफानी दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया और भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की,जनसम्पर्क अभियान के दौरान लोगो को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि 5 साल कांग्रेस के विधायक रहने के बावजूद सिमडेगा विधानसभा के गांव का विकास नहीं हुआ गांव में ना तो पीने का साफ पानी है ना बिजली है और ना रोजगार है इसीलिए सिमडेगा विधानसभा की जनता बदलाव के लिए मन बना चुकी है, और बदलाव होकर रहेगा आप सभी अपनी चट्टानी एकता का परिचय देते हुए भाजपा के पक्ष मतदान करें एवं झारखंड में भाजपा सरकार बनने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें ताकि झारखंड का सर्वांगीण विकास हो सके मौके पर मंडल अध्यक्ष मानकीलाल जिला मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता मंडल महामंत्री बुलेश्वर प्रसाद जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार दिपक कुमार विकास साहु जगदीश सारंगी सागर पहान शांति देवी सहित कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित थे।

# गठबंधन के प्रत्याशी भुषण बाड़ा ने चलाया जनसम्पर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार भुषण बाड़ा ने पाकरटांड़ प्रखण्ड के क्रुसकेला पंचायत के काटासारू और पहाड़कोना में शनिवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। 13 नवम्बर को हाथ छाप के बटन पर वोट करने की अपील की। उन्होंने ग्रामीणों से एक बार फिर राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली इंडिया गठबंधन की सरकार बनाएं। उन्होंने कहा कि खटाखट हर माह महिला बहनों के खाते में 2500 रुपये मइया सम्मान योजना की राशि दी जाएगी, इसके लिए कांग्रेस पार्टी को वोट देने की अपील की। ताकि दोगुने रफ्तार के साथ आगे भी क्षेत्र का विकास किया जा सके। हर हाथ को रोजगार दिया जा सके। क्षेत्र में सुख, शांति और खुशहाली आये।

# छठ मईया से मन की मांगी मुरादे, उदीयमान सूर्य को अर्घ देकर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ उगते सूर्य को अ?र्घ्य अर्पण के साथ शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। सूरज की पहली किरण के साथ ही छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं ने उदीयमान सूर्य को अ?र्घ्य देकर मन की मुरादे पूरा करने की मन्नतें मांगी। गुरुवार को अहले सुबह से ही छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी।व्रती महिलाएं और श्रद्धालु सूर्यास्त से काफी पहले ही जलाशयों और नदियों के किनारे स्थित छठ घाटों पर जुट गये थे। छठ माई के गीतों की गूंज और भक्तिमय माहौल ने घाटों पर अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया। व्रती अपने घरों से मौसमी फलों, पूजन सामग्री, और दऊरा-सूपा लेकर निकल पड़े। घाटों पर पहुंचने के बाद, व्रती महिलाओं ने पानी में खड़े होकर सूर्य के डूबने की प्रतीक्षा किया और अस्त होते सूर्यदेव अर्घ दिया।इससे पूर्व बुधवार को सूर्य मंदिर स्थित बांकी नदी के घाट पर गंगा आरती का आयोजन किया गया। जिसे देखने के लिये श्रद्धालुओ की बड़ी भीड़ जुटी थी। पूजा और आरती के बाद सभी व्रतियों ने अपने अपने थाला जगाते हुये रात बिताई।रात भर छठ मइया के गीतों से घाट गूँजते रहे। सुबह सूर्योदय के साथ अर्घ देने का सिलसिला चल पड़ा,जो काफी देर तक चला। उसके बाद छठ माई का प्रसाद बांटा गया। जिसे पाने के लिए श्रद्धालु घाटों पर घंटों इंतजार करते रहे। भगवान भास्कर की पूजा के बाद व्रती महिलाओं ने अपने अखंड सौभाग्य की कामना के प्रतीक के रूप विवाहित महिलाओ ने सिंदूर मांग में लगाया। इस महापर्व में हर वर्ग और धर्म के लोगों ने सहभागिता किया। जिससे बंशीधर नगर से आस्था और एकता का अद्भुत संदेश दिया गया।अनुमंडल मुख्यालय में बंशीधर नगर स्थित सूर्य मंदिर के बगल बांकी नदी के तट पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई। इस बांकी नदी के तट पर अनुमंडल के ही नही अन्य प्रदेशों के श्रद्धालुओं का जमावड़ा भी देखा गया।जिसमें उत्तर प्रदेश,बिहार तथा छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती क्षेत्रों के लोग दिखे। हालांकि इस छठ घाट को लेकर लोगो मे काफी मान्यता है।इस लिये प्रत्येक वर्ष की भांति अन्य प्रदेशों के सीमावर्ती क्षेत्रों सहित दूर-दूर से लोग यहां छठ पूजा करने के लिये जुटे थे।अनुमंडल मुख्यालय स्थित सूर्य मंदिर के बांकी नदी के तट पर छठ पर्व की भव्यता को बढ़ाने के लिए विभिन्न क्लब और समितियों ने घाटों की सजावट पर विशेष ध्यान दिया। छठ घाट जाने वाले सभी रास्तों को आकर्षक लाइटों से सजाया गया, जिससे पूरा शहर रोशनी में नहा उठा। घाटों की व्यवस्था के लिए स्थानीय पूजा समितियों द्वारा लाइटिंग, साउंड सिस्टम, टेंट, और बैठने की व्यवस्था की गई थी। घाटों की ओर जाने वाले रास्तों की सफाई की थी ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसमें मुख्य रूप से नसवयुवक क्लब, प्रभात क्लब, जय भामाशाह क्लब, फ्रेंड्स रॉक ग्रुप के सदस्यों सहित स्थानीय लोगो ने तनमन और धन से अपना योगदान दिया। अनुमंडल प्रशासन और नगर उंटारी पुलिस ने महापर्व छठ के अवसर पर सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं के लिए विस्तृत योजनाएं बनाई थीं। घाट पर पुलिस के अधिकारी और जवान तैनात थे। मुख्य सड़क एनएच 75 पर दोपहर के बाद 6 बजे तक तथा सुबह 7 बजे तक मुख्यालय में बड़े वाहनों का प्रवेश निषेध किया गया था।



गंगा आरती का आयोजन

उगते सूर्य को अर्घ देती महिलाएं

## सिमडेगा में जनता का रुझान भाजपा की ओर : केदार कश्यप

# हारने के वाबजूद पूरे 5 साल मैं जनता के बीच रहा, जनता मुझे आशीर्वाद दें : श्रद्धानंद बेसरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सिमडेगा विधानसभा के प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा के पक्ष में जनसभा का आयोजन किया गया था, जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष देवकी नंदन साय ने किया। भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि जनता बदलाव का मूड बना चुकी है, इस बार कमल फूल पूरे राज्य में खिलेगा। जनसभा को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार में मंत्री और क्लस्टर प्रभारी केदार कश्यप ने कहा कि सिमडेगा विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी की जीत सुनिश्चित है, जिस तरह से पूरे विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी की लहर है लोगों की पहली पसंद श्रद्धानंद बेसरा है उससे ये तय है कि इस बार सिमडेगा में कमल खिलने को तैयार है। जिस तरह से 285 वोटों से हारने के वाबजूद श्रद्धानंद बेसरा क्षेत्र में बने रहे लोगों के सुख-दुख में शरीक होते रहे जनता ने भी अपना आशीर्वाद श्रद्धानंद को देने का मन बना चुका है। छत्तीसगढ़ पथलगाँव बिधायक भाजपा नेत्री गोमती साय ने कहा कि महिलाओं का विकास और सुरक्षा भाजपा सरकार में ही हो सकती है नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी महिलाओं के उत्थान और विकास के लिए अनेक कार्य कर रही है झारखंड में डबल इंजन के सरकार बनते ही महिलाओं का तेजी से विकास होगा। भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा ने सभी मतदाताओं को प्रणाम करते हुए कहा की हारने के बावजूद मैं 5 साल क्षेत्र नहीं छोड़ा सातों दिन 24 घंटे जनता के बीच रहा अब उस मेहनताना के रूप में जनता आशीर्वाद रूपी वोट देकर सिमडेगा से भाजपा को वोट देकर मुझे विजई बनाएं ताकि जो काम मैं नहीं कर पाया विधायक बनने के बाद आपके लिए उस कार्य को कर सकूं। जनसभा को ओमप्रकाश अग्रवाल एवं कार्यक्रम सह प्रभारी तुलसी साहु ने भी संबोधित किया, मंच संचालन कार्यक्रम प्रभारी अनूप केसरी ने किया धन्यवाद ज्ञापन मंडल अध्यक्ष देवकीनंदन साय ने किया मौके पर सेवई मंडल प्रभारी राकेश रविकांत ज्योति प्रसाद रणधीर कुमार कृष्णा बड़ाईक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं जनता उपस्थित थे।

# एआइएमआइएम की कुडू में एक विशाल बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदग़ा :** पुर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष ज़फ़र खान के कुडू बाजार टांड़ स्थित आवास पर शुक्रवार को एक ऑल इंडिया इत्तेहादुल मुस्लेमीन की एक विशाल बैठक आयोजित की गई। जिसमे जिले और प्रखंड के विभिन्न गांव के हज़ारों लोग शामिल हुए। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव में आईएएमआईएम के समर्थन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से एआईएमआईएम के संगठन मंत्री समीर अली, पूर्व प्रदेश सचिव शाहिद अय्यूबी, पुर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष ज़फ़र खान मुख्य रूप से उपस्थित हुए। मौके पर समीर अली ने कहा कि बाप दादा के टाइम से कांग्रेस मुसलमान बेशकीमती वोट लेकर बेवकूफ़ बनाने का काम करती आई है पहले दुलार कर वोट लेने वाले अब डरा कर वोट ले रहे हैं। इनके ये हथकंडे सभी को समझ में आ गया है। इस बार सभी ने मन बना लिया है। हम सब एआइएमआइएम के समर्थित उम्मीदवार रामेश्वर लोहरा की जीत के लिए पुरी तरह आस्वस्त है। वहीं ज़फ़र खान ने कहा कि हर समाज अपने अधिकार के प्रति जागरूक है और विकास चाहता है। हम मुसलमान बाप दादा के टाइम से कांग्रेस को अपना बेशकीमती वोट देते आये हैं। लेकिन कुछ मतलब परस्त लोग ने कांग्रेस को पहले वाली कांग्रेस नही रहने नही देना चाहते। अब यहां मुसलमानों को टिकट या कोई कोई बड़ा पद तक देना गवारा नही। सिर्फ अपनी झोली भरने वाले नेताओ को अल्पसंख्यक, दलित, आदिबासी, पिछडे समाज से जुड़ी समस्याओं के सामाधान के दिशा में पहल करना तो दूर हमारे वोट लेकर गुलछर्रे उड़ाने वाले नेताओं को हमारी भावनाओं, हमारे मान सम्मान हमारी ज़रूरतों से भी कोई वास्ता नही है। उन्होंने लोगों से समाज की आवाज़ बनने वाली पार्टी एआईएमआईएम को वोट करने को अपील की। और मतदाता को जागरूक करने के लिए गांव-गांव का दौरा कर एआइएमआइएम को विजयी बनाने अभियान चलाने का आह्वान किया। इनके अलावा कई लोगों ने सभा को संबोधित किया। मौके पर जिला अध्यक्ष तौफीक अंसारी, तजमुल अंसारी, प्रवक्ता गुफरान खान, मो मेराज, आफताब आलम,हैदर अंसारी, रज्जाक अंसारी, यूनुस अंसारी, हासिम अंसारी, हफीजुल अंसारी, अंसारी सहित हज़ारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।



## चलते चलते एक नजर

### गढ़वा विस क्षेत्र के चार निर्दलीय प्रत्याशियों ने मिथिलेश ठाकुर को दिया समर्थन



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के झामुमो प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। प्रतिदिन समर्थन देने वालों का तांता लगा हुआ है। दूसरे दलों के नेताओं एवं आमजनों सहित अब चुनाव के मैदान में श्री ठाकुर के ही विरुद्ध ताल ठोक रहे प्रत्याशियों ने भी इन्हें समर्थन देना शुरू कर दिया है। शनिवार को चार और निर्दलीय प्रत्याशियों ने मंत्री श्री ठाकुर को अपना समर्थन देते हुए इन्हें जीतने का संकल्प लिया। समर्थन देने वालों में निर्दलीय प्रत्याशी चूल्हन सिंह, अलीहुसैन अंसारी, प्रमेश कुमार व राम प्यारे पाल का नाम शामिल है। इन प्रत्याशियों ने शनिवार को मंत्री श्री ठाकुर के आवास पर पहुंचकर झामुमो जिला सचिव मनोज कुमार ठाकुर को अपना समर्थन पत्र सौंपा। इन्होंने मंत्री श्री ठाकुर के विकास कार्यों से प्रभावित होकर अपना समर्थन दिया है। इन्होंने गढ़वा विधान सभा क्षेत्र के मतदाताओं से गढ़वा के समग्र विकास के लिए तीर धनुष छाप वोट देकर झामुमो प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर को जीताने की अपील की।

### पश्चिम बंगालः शालिमार के पास नलपुर में यात्री ट्रेन के तीन डिब्बे पटरी से उतरे, कोई हताहत नहीं



**कोलकाता :** हावड़ा के शालिमार की ओर जाते समय नलपुर के पास शनिवार सुबह यात्री ट्रेन के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए।राहत की बात है कि दुर्घटना में किसी के नुकसान की खबर नहीं है। रेलवे कर्मचारियों और सुरक्षा बलों ने घटनास्थल पर पहुंच कर राहत कार्य शुरू कर दिया है।हादसे के कारण दक्षिण-पूर्व रेलवे की सेवा बाधित हो गई है। दक्षिण पूर्व रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है।दुर्घटनाग्रस्त तीन डिब्बों में दो में यात्री सवार थे जबकि एक पार्सल वैन था। उच्चाधिकारी मौके पर पहुंच कर दुर्घटना के कारणों की पड़ताल कर रहे हैं। साथ ही रेल सेवा बहाली के प्रयास किए जा रहे हैं। दुर्घटना की वजह से दक्षिण-पूर्व रेलवे के इस रूट पर गाड़ियों की आवाजाही में देरी हुई है और कुछ गाड़ियों का रूट बदला गया है।

### आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी मुमताज खान ने किया दर्जनों गांव का दौरा

# मुमताज खान का चुनाव चिन्ह केतली छाप पर वोट देकर विजई बनाएं



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पांकी विधानसभा क्षेत्र के आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी मुमताज अहमद खान ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांव का तूफानी दौरा किया। इस दौरान हजारों की संख्या में महिला और पुरुष मुमताज खान के साथ थे। दौरे के क्रम में आम जनों को संबोधित करते हुए मुमताज अहमद खान ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में गंगा जमुनी तहजीब को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि यहां के जितने भी जनप्रतिनिधि हुए किसी ने भी हिंदू मुस्लिम एकता की बात नहीं की। मुमताज खान ने कहा कि उनके द्वारा हर समय हिंदू मुस्लिम एकता की बात की जाती है। इसके कई उदाहरण है। उन्होंने कहा कि रामनवमी का पर्व हो या दुर्गा पूजा। दीपावली हो या होली। हिंदू धर्म के सभी पर्व त्यौहार में उनकी सहभागिता होती है। वे खुद खड़ा होकर जेसीबी मशीन से छठ घाटों की सफाई करते हैं। साथ ही उनके द्वारा जलसा भी कराया जाता है। यही हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल है। मुमताज खान ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में उनके द्वारा 30 वर्षों से हिंदू मुस्लिम एकता के लिए कार्य किया जा रहा है। मुमताज खान ने कहा कि वह कभी भी समाज को बांटने में विश्वास नहीं करते हैं। समाज में जितने भी जात, वर्ग और धर्म के लोग हैं, उनके नज़रों में सभी एक समान है। उन्होंने कहा कि मानवता और इंसानियत की जो बात करेगा वही पांकी विधानसभा क्षेत्र पर राज करेगा। मुमताज खान ने कहा कि हम किसी भी व्यक्ति की बीमारी में अपना खून देखकर उसकी सेवा करते हैं। इसलिए कि हिंदू और मुस्लिम के खून में कोई अंतर नहीं होता है। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम गरीबों को न्याय दिलाने का काम करते हैं। हिंदू और मुसलमान के बीच शांति स्थापित करने का काम करते हैं। हमने कभी किसी के मान, सम्मान और स्वाभिमान के साथ समझौता नहीं किया है। मुमताज खान ने कहा कि हर किसी के मान, सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा जीवन के अंतिम क्षणों तक करते रहेंगे। मुमताज खान ने कहा कि इस विधानसभा क्षेत्र में अभी तक जितने भी जनप्रतिनिधि हुए हैं सभी ने जनता को लूटने का काम किया है। कोई ठेकेदारी करने में व्यस्त है, तो कोई अपना व्यापार चलाने में मशगूल है। इस क्षेत्र के गरीबी बेरोजगारी और भुखमरी से किसी को कोई लेना देना नहीं है। मुमताज खान ने कहा कि जब वोट का समय आता है तो सभी लोग वोट मांगने पहुंच जाते हैं। उन्हें यहां की लोगों के बारे में कोई चिंता नहीं होती है। आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी मुमताज खान ने कहा कि अगर उनकी जीत होती है तो वह इस विधानसभा क्षेत्र का कायाकल्प करके रख देंगे। विधानसभा क्षेत्र के पांकी, तरहड़ी और मनातू आदि प्रखंडों में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करेंगे। साथ ही स्वास्थ्य सेवा को भी मजबूती प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के किसान तिल तिल कर मर रहे हैं। क्योंकि सिंचाई का साधन यहां नहीं है।

उन्होंने कहा कि अगर यहां की जनता उन्हें साथ देती है तो हर खेतों तक सिंचाई की व्यवस्था करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि इस विधानसभा क्षेत्र को पंजाब और हरियाणा बनाना उनका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि गरीब बच्चों को क्वालिटी शिक्षा देने के लिए हर प्रखंड में इंग्लिश मीडियम स्कूल की स्थापना उनके द्वारा कराई जाएगी। मुमताज खान ने कहा कि यहां के लोगों की हर जरूरत को पूरा करने की वे पूरी कोशिश करेंगे। मुमताज खान ने मतलोंगा, जमुना, गवही, सोनपुरा, बलियारी सहित दर्जनों गांव का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्हें आम जनता का भरपूर समर्थन मिला। साथ ही ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा। सभी लोग मुमताज खान का दर्शन करने को बेताब देखे गए। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के जितने भी विधायक हुए किसी ने गरीबों का दर्द नहीं समझा। चुनाव के समय सभी वोट मांगने आते हैं। और चुनाव जीतने के बाद फिर कभी अपना चेहरा नहीं दिखाते हैं। इस चुनाव में पांकी विधानसभा क्षेत्र का सबसे योग्य प्रत्याशी मुमताज खान है। सभी ग्रामीणों ने मुमताज खान के चुनाव चिन्ह केतली छाप पर वोट देने का आश्वासन मुमताज खान को दिया।

## आर्थर रोड जेल में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के शूटरों से गैंगवार का खतरा बढ़ा



एजेंसी

**मुंबई :** आर्थर रोड जेल में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के शूटरों की वजह से गैंगवार का खतरा बढ़ गया है। इसे देखते हुए जेल प्रशासन ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के शूटरों को अलग-अलग जेलों में शिफ्ट करने के लिए कोर्ट में आवेदन दिया है। महाराष्ट्र जेल विभाग के एक अधिकारी ने बताया, हम संभावित गैंगवार या बिश्नोई गिरोह के शूटरों के उत्पात की संभावना को लेकर चिंतित हैं, जिनकी संख्या अब 20 से अधिक है, जो जेल के भीतर अशांति पैदा कर सकते हैं। इससे जेल के अंदर माहौल खराब हो सकता है। इसी वजह से हमने कोर्ट में बिश्नोई गिरोह के शूटरों को अलग-अलग जेलों में रखे जाने के लिए आवेदन दिया है। मुंबई के आर्थर रोड जेल में लारेंस बिश्नोई गिरोह के कुल 23 लोगों को रखा गया है। इनमें पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी हत्या मामले के 18 और सलमान खान के आवास पर हुई फायरिंग मामले के 5 आरोपित हैं। जेल में बाबा सिद्दीकी और सलमान खान के यहां फायरिंग मामलों में गिरफ्तार किए गए लोगों को दूसरों के साथ संपर्क को रोकने के लिए उच्च सुरक्षा सुरक्षा रखी गई है। आर्थर रोड जेल में दाऊद गिरोह, छोटा राजन गिरोह सहित कई गिरोहों के बदमाशों को रखा गया है। सलमान खान मामले में शूटर विक्की गुप्ता और सागर पाल ने कथित तौर पर जेल के अंदर डी-गैंग से खतरे पर चिंता व्यक्त की थी और सितंबर की शुरुआत में महाराष्ट्र और बिहार सरकार से अतिरिक्त सुरक्षा की मांग की थी। सूत्र बताते हैं कि बिश्नोई गिरोह के सदस्यों और अन्य कैदियों के बीच विवाद हो चुका है, इसी वजह जेल प्रशासन किसी भी बड़ी घटना होने से पहले ही लारेंस बिश्नोई गिरोह के शूटरों को अन्य जेल में शिफ्ट करना चाहता है।

**मुंबई के आर्थर रोड जेल में लारेंस बिश्नोई गिरोह के कुल 23 लोगों को रखा गया है। इनमें पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी हत्या मामले के 18 और सलमान खान के आवास पर हुई फायरिंग मामले के 5 आरोपित हैं। जेल में बाबा सिद्दीकी और सलमान खान के यहां फायरिंग मामलों में गिरफ्तार किए गए लोगों को दूसरों के साथ संपर्क को रोकने के लिए उच्च सुरक्षा सुरक्षा रखी गई है।**

# संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करना कुछ लोगों का शगल हैः उपराष्ट्रपति



एजेंसी

**नई दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करना और लोगों को उपदेश देना तेजी से शगल बनता जा रहा है। उन्होंने आगाह किया कि इस तरह की हरकतें अराजकता का कारण बनती हैं। उपराष्ट्रपति आज यहां विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के चौथे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रवाद के प्रति अपनी संपूर्णता में अडिग प्रतिबद्धता की आवश्यकता है। राष्ट्रीयहित को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, चाहे वह पक्षपातपूर्ण हो या अन्य हित। हम देखते हैं कि इसका उल्लंघन आसानी से हो जाता है। आप इस पर विचार कर सकते हैं। आर्थिक राष्ट्रवाद को व्यवसाय के लिए प्रमुख चिंता का विषय होना चाहिए, क्योंकि मेरी मामूली समझ के अनुसार इससे कोई राजकोषीय लाभ नहीं होता। यह कितना भी न्यायसंगत क्यों न हो, चाहे वह मात्रात्मक हो या राजकोषीय परिमाण, आर्थिक राष्ट्रवाद से समझौता करने का एक बहाना है। यह राष्ट्र को सर्वोपरि रखने के सिद्धांत के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को नकारता है। आइए हम संकल्प लें कि हम अपने राष्ट्रीय हितों को कभी कमतर नहीं आंकेंगे, चाहे कुछ भी हो जाए। उन्होंने कहा कि आज कुछ ऐसे क्षेत्रों पर ध्यान देना चाहिए जो हमारे विमर्श में शामिल हैं और जिन पर प्रतिक्रिया की आवश्यकता है। हम जो देख रहे हैं, सभी को उपदेश देना और हमारे संवैधानिक संस्थानों को बदनाम करना तेजी से एक शगल बनता जा रहा है, यहां तक कि राजनीतिक क्षेत्र में संवैधानिक रूप से महत्वपूर्ण लोगों के लिए भी। यह राष्ट्र के लिए अच्छा नहीं है। यह अराजकता का नुस्खा है और हमारे विकास को बाधित करता है। इसे अलविदा कहने का समय आ गया है और मैं अत्यंत संयम के साथ कहता हूं कि हमारे अभिजात वर्ग के लिए अभिजात वर्ग बनने का समय आ गया है। मैं उनसे अपील करता हूं कि वे एक योग्य अभिजात वर्ग बनें, आपको राष्ट्रवाद के जोश से प्रेरित होना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने छात्रों से कहा कि एक नया भारत आपका स्वागत करने के लिए तैयार है। यह उस भारत से अलग है, जिसमें मैं बड़ा हुआ। यह उस रास्ते से अलग है, जिस पर छात्रों का पहला बैच आगे बढ़ा था। मुझे यह स्वीकार करना चाहिए कि यह एक यात्रा है। अभी बहुत कुछ करना है। हमें अपनी महान उपलब्धियों, स्मारकीय उपलब्धियों के लिए वैश्विक संस्थानों द्वारा मान्यता दी गई है लेकिन हमें अभी एक लंबा रास्ता तय करना है।

## वोटों के लिए महात्मा गांधी के सरनेम का फायदा ले रहे नकली गांधी : डॉ. मोहन यादव




एजेंसी

**सीहोर (भोपाल) :** कांग्रेस के लोग अगर आएं, तो उनसे 55 सालों का हिसाब पूछिए। भाजपा की सरकार ने 20 सालों में ऐसा विकास किया है, जो कांग्रेस 55 सालों में नहीं कर पाई। लेकिन कांग्रेस लोगों को अंधे कुएं में डालकर बस अपनी राजनीति की रोटियां सेंकती रही। उसे विकास से कोई लेना-देना नहीं था। वास्तव में आज कांग्रेस और राहुल गांधी, वोटों के लिए महात्मा गांधी के सरनेम का फायदा ले रहे हैं, ये नकली गांधी हैं। प्रदेश में विकास के इस सिलसिले को जारी रखना है और रिकॉर्ड वोटों से भाजपा को जिताना है। उक्त बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को बुधनी विधानसभा के सतराना और लाड़कुई में जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहीं। इस दौरान पार्टी प्रत्याशी रमाकांत भार्गव ने भी जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बुधनी और यहां की जनता हमारे लिए इतनी भाग्यशाली है कि बुधनी सीट से हमें प्रदेश के मुखिया मिले, जिन्होंने सिर्फ बुधनी ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में जबर्दस्त विकास किया। हालांकि कांग्रेस के 55 सालों की तुलना में हमें सिर्फ 20 साल ही मिले हैं, लेकिन इन 20 सालों में भाजपा सरकार ने बुधनी और प्रदेश की सूरत बदल दी है। 20 साल पहले जो लोग बुधनी आए होंगे, वो आज की बुधनी को पहचानेंगे नहीं। प्रदेश का विकास कितनी तेजी से हुआ है, इसका अंदाज आप इस तथ्य से लगा सकते हैं कि 2003 में प्रदेश में प्रति व्यक्ति सालाना आय, 7500 रुपये हुआ करती थी। लेकिन आज इतने पैसे में गांवों में मजदूर भी नहीं मिलते। प्रदेश में ये अनुकूलता भारतीय जनता पार्टी ने बनाई है। प्रदेश में आज पर्याप्त मात्रा में बिजली उपलब्ध है और सिर्फ बुधनी ही नहीं, बल्कि दिल्ली की मेट्रो ट्रेन भी मध्य प्रदेश की बिजली से चल रही है। किसानों के लिए भाजपा सरकार ने जो काम किए हैं, वो भूतो न भविष्यति हैं। पहले एक फसल मुश्किल से होती थी,आज तीन-तीन फसलें हो रही हैं। पहले खेतों में धूल उड़ती थी, आज हर तरफ हरियाली है।

### लखनऊ एक्सप्रेस वे पर खड़े ट्रक से बस टकराई, 5 की मौत

**फिरोजाबाद :** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर थाना नसीरपुर क्षेत्र अन्तर्गत शुक्रवार देर रात एक बस सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में लखनऊ के 5 लोगों की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लखनऊ के मोहद्दीनपुर निवासी संदीप के परिजन और रिश्तेदार, संदीप के बेटे सिद्धार्थ (4) के मुंडन संस्कार और दर्शन के लिए निजी बस से शुक्रवार को मथुरा-वृंदावन गए थे। देर रात सभी लोग लौट रहे थे। बस लखनऊ एक्सप्रेस वे पर नसीरपुर क्षेत्र के पास वहां खड़े ट्रक से टकरा गई। सूचना पर यूपीडा टीम और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और बस में फंसे लोगों को बाहर निकलवा कर तत्काल उन्हें शिकोहाबाद के संयुक्त अस्पताल भिजवाया। यहां चिकित्सक ने 5 लोगों को मृत घोषित कर दिया। जबकि बाकी घायलों का उपचार चल रहा है।

